Page 11



खेल

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09



देश

**भारत चौथी बार फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम, टूर्नामेंट में 88 सिक्स भी लगाए, संजू ने...**

**कर्नाटक में 56 हजार भर्तियों से पहले आरक्षण में होगा बड़ा बदलाव, कैबिनेट की बैठक तय**


मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, स्वाति, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • शनिवार • 07 मार्च 2026 • वर्ष 28 • अंक 94 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,48,600 | ₹ 2,85,000 |



## आज का इतिहास

**2015 :** इजीरिया के माइदुगुरि शहर में आत्मघाती बम विस्फोट में 54 लोग मारे गए और 143 घायल हुए।

**2014 :** एक अध्ययन ने आज घोषणा की है कि रक्त में विटामिन डी का उच्च स्तर स्तन कैंसर के रोगियों के लिए जीवित रहने की संभावना को बढ़ा सकता है और इसलिए लोगों को जीवित रहने के लिए एक आशा देता है।

## न्यूज बाइट्स

### यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा का फाइनल रिजल्ट जारी

**नई दिल्ली (ए.)।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा निवासी अनुज अग्निहोत्री ने ऑल इंडिया रैंक–1 हासिल कर देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। यूपीएससी द्वारा जारी अंतिम परिणाम के अनुसार कुल 958 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न केंद्रीय सेवाओं—जैसे भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) समेत अन्य सेवाओंके लिए हुआ है।

### रूस से कच्चा तेल खरीद सकेगा भारत

**नई दिल्ली (ए.)।** भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने का संकट फिलहाल खत्म हो गया है, क्योंकि भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने की शर्तों के साथ छूट मिल गई है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने भारतीय रिफाइनरियों को 30 दिन का स्पेशल लाइसेंस दिया है। ये लाइसेंस 3 अप्रैल तक वैलिड रहेगा। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने 6 मार्च को बताया कि राष्ट्रपति ट्रम्प के ऊर्जा एजेंडे के तहत यह अस्थायी कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका का एक महत्वपूर्ण पार्टनर हैं और ग्लोबल मार्केट में तेल की सप्लाई को स्थिर रखने के लिए यह छूट दी गई है।

पीएम ने कृषि और ग्रामीण परिवर्तन विषय पर आयोजित बजट बाद वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा

# उच्च मूल्य वाली खेती और निर्यात से बढ़ेगा ग्रामीण रोजगार : पीएम

- सरकार ने भारत की कृषि को निर्यात-उन्मुख बनाने पर जोर दिया है।
- कोको, काजू, चंदन जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों के विस्तार की आवश्यकता बताई गई।
- पूर्वोत्तर में अगरवुड और हिमालयी राज्यों में शीतोष्ण मेवों की खेती को बढ़ावा देने की बात कही।



**निर्यात-उन्मुख कृषि पर दिया जोर**

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वैश्विक मांग को देखते हुए भारत की कृषि को निर्यात-उन्मुख बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत की विविध जलवायु का पूरा उपयोग कर उत्पादकता और निर्यात क्षमता बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि उच्च मूल्य वाली फसलों को बढ़ावा देने से कृषि क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जा सकता है।

विशेष संवाददाता | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कृषि और ग्रामीण परिवर्तन विषय पर आयोजित बजट बाद वेबिनार को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के केंद्रीय बजट ने कृषि और ग्रामीण परिवर्तन को नई दिशा दी है। प्रधानमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार है और देश के दीर्घकालिक विकास का एक प्रमुख स्तंभ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने पिछले वर्षों में कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 10 करोड़ से अधिक किसानों को 4 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की सहायता दी गई है। वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत करीब 2 लाख करोड़ रुपए के बीमा दावों का भुगतान किया जा चुका है। इन प्रयासों से किसानों के जोखिम कम हुए हैं और उन्हें आर्थिक सुरक्षा मिली है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कोको, काजू और चंदन जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों के विस्तार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पूर्वोत्तर क्षेत्र में अगरवुड और हिमालयी राज्यों में शीतोष्ण मेवों की खेती को बढ़ावा देने की बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि निर्यात-उन्मुख उत्पादन से प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

नरेन्द्र मोदी ने ने कहा कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश है और इस क्षेत्र में अभी भी बड़े अवसर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन ग्रामीण समृद्धि और निर्यात वृद्धि के लिए एक उच्च प्रभाव वाला क्षेत्र बन सकता है। इसके लिए हैचरी, चारा और लॉजिस्टिक्स में नए व्यावसायिक मॉडल विकसित करने की आवश्यकता है।

### डिजिटल कृषि और तकनीक पर जोर

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार एग्रीस्टैक के माध्यम से कृषि के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि ई-एनएएम, डिजिटल भूमि सर्वेक्षण और किसान पहचान जैसी पहलें कृषि में तकनीकी परिवर्तन ला रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी तभी प्रभावी होती है जब संस्थान इसे अपनाएं और उद्यमी इसमें नवाचार करें।

### ग्रामीण समृद्धि और महिला उद्यमिता पर फोकस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्रामीण विकास के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने लखपति दीदी अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि 2029 तक 3 करोड़ महिलाओं को सफल उद्यमी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार कृषि, तकनीक और निवेश के बेहतर तालमेल के जरिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सोशल मीडिया पर सरकार की आलोचना करने पर राजस्व अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

निज संवाददाता | पटना

बिहार में राजस्व सेवा के अधिकारियों और कर्मियों के लिए नया निर्देश जारी किया गया है। अब वे सोशल मीडिया या इंटरनेट मीडिया पर सरकार की नीतियों की आलोचना नहीं कर सकेंगे। ऐसा करने पर इसे अनुशासनहीनता माना जाएगा और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सी.के. अनिल ने इस संबंध में अंचल अधिकारियों और राजस्व अधिकारियों के नाम आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि हाल के दिनों में कुछ अधिकारियों और कर्मियों द्वारा सोशल मीडिया पर सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों को लेकर प्रतिकूल टिप्पणियां की जा रही हैं, जो सरकारी सेवक आचरण नियमों के खिलाफ है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा पिछले दो महीनों से प्रमंडलीय और जिला मुख्यालयों में "भूमि सुधार जन कल्याण संवाद" कार्यक्रम चला रहे हैं। इस कार्यक्रम को लेकर राजस्व प्रशासन से जुड़े कुछ अधिकारी-कर्मचारी सोशल मीडिया पर आलोचनात्मक टिप्पणियां कर रहे हैं, जिसे विभाग ने गंभीरता से लिया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिहार सरकारी सेवक (आचरण) नियमावली, 1976 के नियम-10 के अनुसार कोई भी सरकारी सेवक अपने नाम, छद्म नाम या किसी अन्य के नाम से सरकार की नीतियों या कार्यों की प्रतिकूल आलोचना नहीं कर सकता। ऐसा करना अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है।

साथ ही नियम-9 के तहत यह भी प्रावधान है कि कोई सरकारी सेवक बिना स्पष्ट अनुमति के समाचार पत्र, रेडियो या अन्य माध्यमों से सरकार से संबंधित कोई सूचना साझा नहीं कर सकता। इसके तहत सोशल मीडिया पर सरकार की नीतियों के खिलाफ रील बनाकर या पोस्ट साझा करना भी सख्त रूप से प्रतिबंधित किया गया है। प्रधान सचिव ने अपने पत्र में कहा है कि सरकारी सेवकों को अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन के बीच स्पष्ट अंतर बनाए रखना चाहिए। सरकार के कार्यक्रमों या नीतियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करना आचरण नियमावली के विरुद्ध माना जाएगा और इसमें शामिल पाए जाने वाले कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सीएम नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार आज ज्वाइन करेंगे जदयू

निज संवाददाता | पटना



बिहार की राजनीति में एक नया मोड़ आने जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार अब सक्रिय राजनीति में कदम रखने जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार निशांत कुमार आज जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की सदस्यता ग्रहण करेंगे। उनके पार्टी में शामिल होने की खबर से राज्य की राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि जदयू में शामिल होने के बाद निशांत कुमार को पार्टी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी दी जा सकती है। सूत्रों के मुताबिक सदस्यता ग्रहण करने के बाद वे बिहार के विभिन्न जिलों का दौरा कर पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद भी कर सकते हैं। राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि यदि नीतीश कुमार राज्यसभा के लिए चुने जाते हैं और विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा देते हैं, तो परिषद में उनका बचा हुआ कार्यकाल निशांत कुमार को दिया जा सकता है। ऐसे में निशांत कुमार को एमएलसी (विधान परिषद सदस्य) बनाया जा सकता है।

### बिहार के 160 स्कूलों में जल्द खुलेंगी मिनी मिट्टी जांच लैब

**पटना (नि.सं.)।** राज्य में छात्रों को मिट्टी के स्वास्थ्य और जैव विविधता के प्रति जागरूक करने के लिए जल्द ही 160 स्कूलों में मिनी मिट्टी जांच लैब स्थापित की जाएंगी। इस योजना के तहत कृषि विभाग ने संबंधित जिलों को लैब स्थापना के लिए राशि जारी कर दी है। प्रत्येक स्कूल को इसके लिए एक लाख रुपये दिए गए हैं। ये मिनी मिट्टी जांच लैब पीएमश्री स्कूलों में स्थापित की जाएंगी। इसका उद्देश्य कक्षा 7, 8, 9 और 11 के छात्रों को मिट्टी में मौजूद जैव विविधता के बारे में जानकारी देना और उन्हें प्रायोगिक गतिविधियों के माध्यम से मृदा स्वास्थ्य से जोड़ना है। छात्रों को मिट्टी के नमूने एकत्र करना, उसकी जांच करना और मृदा स्वास्थ्य कार्ड से संबंधित जानकारी भी दी जाएगी।

# रामनवमी से पहले बिहार में बन सकती है भाजपा की सरकार

- जदयू के दो डिप्टी सीएम समेत 32 मंत्री ले सकते हैं शपथ

निज सेवाददाता | पटना

बिहार की राजनीति में बड़ा बदलाव होने की संभावना तेज हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद अब यह लगभग तय माना जा रहा है कि वे मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे और राज्य को जल्द ही नया मुख्यमंत्री मिलेगा। हालांकि भाजपा और जदयू दोनों ही दल फिलहाल इस प्रक्रिया को जल्दबाजी में पूरा करने के मूड में नहीं दिख रहे हैं। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार राज्यसभा चुनाव की प्रक्रिया 16 मार्च तक चलेगी, जबकि नए राज्यसभा सदस्य 9 अप्रैल के बाद शपथ लेंगे। ऐसे में सरकार गठन की प्रक्रिया के लिए अभी लगभग एक महीने का समय उपलब्ध है।

सूत्रों के मुताबिक सबसे पहले भाजपा और जदयू अपने-अपने विधायक दल की बैठक बुलाएंगे, जिसमें अलग-अलग दलों के नेता का चयन किया जाएगा। इसके बाद एनडीए विधायक दल की संयुक्त बैठक होगी, जहां गठबंधन का नेता चुना जाएगा। नेता के चयन के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार औपचारिक रूप से इस्तीफा देंगे और नए नेता राज्यपाल के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि इस बार बिहार में पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री बन सकता है। वहीं सत्ता संतुलन बनाए रखने के लिए जदयू कोटे से दो डिप्टी मुख्यमंत्री बनाए जाने की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार संभावित नई सरकार में करीब 32 मंत्रियों का शपथ ग्रहण हो सकता है। हालांकि सरकार गठन में अभी भी विधानसभा स्पीकर और गृह मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण पदों को लेकर भाजपा और जदयू के बीच अंतिम सहमति बननी बाकी बताई जा रही है।

### रामनवमी तक नई सरकार का लक्ष्य

भाजपा के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक 26 मार्च को रामनवमी से पहले नई सरकार का गठन कर लिया जा सकता है। इसे लेकर गठबंधन के स्तर पर बातचीत तेज हो गई है और दोनों दल संगठनात्मक स्तर पर तैयारी कर रहे हैं।

### नया मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही चुनेंगे

बिहार का नया मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही चुनेंगे। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने यह बयान दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा नामांकन करने के बाद शुक्रवार शाम में सीएम आवास पर जदयू विधान मंडल दल की बैठक बुलाई गई है। इसमें शामिल होने से पहले ललन सिंह ने कहा कि बिहार में कोई भी फैसला होगा, वो नीतीश ही लेंगे। नए मुख्यमंत्री का चयन भी उन्हीं के निर्देश पर होगा।

# 2027 की जनगणना की तैयारी शुरू बिहार में स्टेट नोडल अधिकारी नामित

निज संवाददाता | पटना

केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2027 में देशव्यापी जनगणना कराने के निर्णय के बाद इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। जनगणना की प्रक्रिया को सफल, समयबद्ध और सुचारू रूप से संचालित करने के लिए बिहार सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य सरकार ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव को स्टेट नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया है। इस संबंध में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

नियुक्त नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी बिहार में जनगणना से जुड़े कार्यों का समन्वय करना होगा। वे निदेशक जनगणना कार्य सहित अन्य संबंधित अधिकारियों और विभागों के बीच तालमेल स्थापित कर पूरी प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से संचालित करेंगे। बताया गया है कि जनगणना अधिनियम के प्रावधानों के तहत केंद्र सरकार ने वर्ष 2027 में देशव्यापी जनगणना कराने का निर्णय लिया है। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य स्तर पर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं, ताकि जनगणना कार्य बिना किसी बाधा के निर्धारित समय में पूरा किया जा सके।

## बिहार में राजस्व सेवा अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति रद्द, 31 मार्च तक मूल पद पर लौटने का निर्देश



**पटना(नि.सं.)।** बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए राजस्व सेवा के अधिकारियों और विशेष सर्वेक्षण अमीन की प्रतिनियुक्ति रद्द कर दी है। विभाग ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को 31 मार्च तक अपने मूल पदस्थापन वाले कार्यालय में योगदान करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में विभाग के प्रधान सचिव सी.के. अनिल की ओर से आधिकारिक पत्र जारी किया गया है। पत्र में कहा गया है कि राजस्व सेवा संवर्ग के कई पदाधिकारियों को प्रशासनिक जरूरतों के तहत जिला, प्रमंडल, निदेशालय और मुख्यालय स्तर पर प्रतिनियुक्त किया गया था। हालांकि विभाग ने पाया कि प्रतिनियुक्ति के कारण कई पदाधिकारियों के मूल पदस्थापन वाले कार्यालयों में राजस्व से जुड़े कार्यों के निष्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए विभाग ने सभी प्रतिनियुक्तियों को समाप्त करने का निर्णय लिया है। निर्देश के अनुसार एक अप्रैल तक सभी पदाधिकारी अपने-अपने मूल कार्यालय में अनिवार्य रूप से योगदान देंगे। अप्रैल महीने का वेतन भी उन्हें उनके मूल पदस्थापन वाले कार्यालय से ही दिया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई अधिकारी निर्धारित समय तक अपने मूल पद पर योगदान नहीं करता है, तो उसे एक अप्रैल से प्रतिनियुक्ति स्थल से स्वतः विरमित माना जाएगा। इस निर्णय को राजस्व कार्यों में सुधार और प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से लिया गया है।

# सूबे में 21 सौ किमी बनेंगी ग्रामीण सड़कें

**पटना(नि.सं.)।** राज्य में 21 सौ किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कों के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। एजेंसी ने इन सड़कों की डीपीआर तैयार कर ली है। अब इसके टेंडर की प्रक्रिया शुरू होगी। ग्रामीण कार्य विभाग की कोशिश है कि अगले दो माह में इन सड़कों का निर्माण कार्य शुरू हो जाए। 18 महीने में इसका निर्माण पूरा करने का लक्ष्य है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार आरा कार्य प्रमंडल में 60 सड़कों का निर्माण होगा। इनकी लंबाई 133 किलोमीटर है। पालीगंज में 13 सड़कें बनेंगी, जिनकी लंबाई 31 किमी है। रजौली में 90 सड़कें बनेंगी, जिनकी लंबाई 235 किलोमीटर है। पीरो में 68 सड़कों की लंबाई 173 किमी तो डुमरांव में बनने वाली 30 सड़कों की लंबाई 97 किमी है। इसी तरह जयनगर कार्य प्रमंडल में 35 सड़कों का निर्माण होगा, जिनकी लंबाई 48 किमी है। मधुबनी में 40 सड़कों का निर्माण होगा, जिनकी लंबाई 83 किमी है।वहीं बायसी, बांका-एक, बेनीपट्टी, बेनीपुर, बिहारशरीफ, बिक्रमगंज, बिरौल, दरभंगा-एक व दो, धमदाहा, फारबिसगंज, गया, हरनौत, हिलसा, इमामगंज, जमुई, झंझारपुर, खड़गपुर-तारापुर, किशनगंज एक व दो, लखीसराय, मधेपुरा, मधुबनी, महाराजगंज, महनार, मसौढ़ी, मोहनियां, मोतिहारी, नरकटियागंज, नवादा, नीमचक बथानी, पालीगंज, पटना, फुलपरास, पीरो, पूर्णिया, रजौली, राजगीर, समस्तीपुर, सासाराम-एक, शेखपुरा, शिवहर, शेरघाटी, सिकहरना ढाका, सीवान एक-दो, टिकारी व त्रिवेणीगंज कार्य प्रमंडल में 1360 किलोमीटर सड़कों का निर्माण होगा।

# बिहार के नए राज्यपाल बने सैयद अता हसनैन

- भारतीय सेना के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन को बिहार का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया।
- वरिष्ठ नेता नंद किशोर यादव को नागालैंड का राज्यपाल बनाया गया है।

निज संवाददाता | पटना

केंद्र सरकार ने बिहार और नागालैंड के राज्यपाल पदों पर अहम बदलाव करते हुए भारतीय सेना के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन को बिहार का नया राज्यपाल नियुक्त किया है। वहीं बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता नंद किशोर यादव को नागालैंड का राज्यपाल बनाया गया है। दूसरी ओर बिहार की राजनीति के अनुभवी नेता नंद किशोर यादव को नागालैंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वे पटना साहिब क्षेत्र से कई बार विधायक रह चुके हैं और बिहार की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय रहे हैं। नंद किशोर यादव की नियुक्ति पर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्हें बधाई देते हुए लिखा कि उनका अनुभव और संतुलित नेतृत्व राज्यपाल के रूप में भी अनुकरणीय साबित होगा।

गौरतलब है कि 24 दिसंबर 2024 को आरिफ मोहम्मद खान ने बिहार के राज्यपाल के रूप में पदभार संभाला था। उनकी नियुक्ति के साथ करीब 26 वर्षों बाद बिहार को मुस्लिम समुदाय से राज्यपाल मिला था। इससे पहले वर्ष 1998 तक ए.आर. किदवई इस पद पर रहे थे। अब सैयद अता हसनैन की नियुक्ति के साथ बिहार में फिर एक बार मुस्लिम समुदाय से आने वाले व्यक्ति को राज्यपाल की जिम्मेदारी मिली है।



### सेना के वरिष्ठ अधिकारी रहे हैं सैयद अता हसनैन

नवनियुक्त राज्यपाल सैयद अता हसनैन भारतीय सेना के अनुभवी और वरिष्ठ अधिकारियों में गिने जाते हैं। उन्होंने सेना में लंबे समय तक सेवा दी है और सुरक्षा तथा रणनीतिक मामलों में उनकी गहरी समझ मानी जाती है। उनकी नियुक्ति को बिहार के प्रशासनिक और संवैधानिक ढांचे के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

पहले आईआईटी, फिर बीपीएससी, यूपीएससी और अब पुनः यूपीएससी में शानदार सफलता

# औरंगाबाद की बेटी मोनिका श्रीवास्तव ने यूपीएससी में हासिल किया 16वां रैंक

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

मेहनत, प्रतिभा और अटूट संकल्प की मिसाल बन चुकी औरंगाबाद की बेटी मोनिका श्रीवास्तव ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। पहले आईआईटी से इंजीनियरिंग, फिर वर्ष 2022 में बीपीएससी में महिला टॉपर बनकर प्रशासनिक सेवा में प्रवेश, उसके बाद वर्ष 2024 में यूपीएससी परीक्षा में पहली बार में ही सफलता और अब दूसरी बार यूपीएससी में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया 16वाँ रैंक हासिल कर उन्होंने जिले ही नहीं, पूरे बिहार का नाम देशभर में रोशन कर दिया है। औरंगाबाद जिला मुख्यालय के सत्येन्द्र नगर निवासी ई. ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव और भारती श्रीवास्तव की सबसे छोटी पुत्री मोनिका बचपन से ही असाधारण प्रतिभा की धनी रही हैं। पढ़ाई के प्रति उनकी लगन का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में भी राज्य स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त किया था। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2016 में आईआईटी गुवाहाटी से कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। आईआईटी से पढ़ाई पूरी करने के बाद मोनिका ने कई प्रतिष्ठित ग्लोबल कंपनियों में काम किया, लेकिन उनके मन में समाज और देश के लिए कुछ बड़ा करने का सपना हमेशा जीवित रहा। इसी सपने ने उन्हें कॉर्पोरेट करियर छोड़कर प्रशासनिक सेवा की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

मोनिका की उपलब्धियों की सूची यहीं समाप्त नहीं होती। उन्होंने वर्ष 2022 में बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा में भी शानदार सफलता हासिल की थी, जिसमें उन्होंने महिला वर्ग में पहला स्थान और कुल मिलाकर छठा स्थान प्राप्त किया था। इसके बाद उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में भी सफलता पाई और वर्तमान में वे भारतीय रेलवे सेवा (आईआरटीएस) के अंतर्गत अंडर-ट्रेनिंग अधिकारी के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। इसी प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने एक बार फिर दृढ़ संकल्प के साथ यूपीएससी की परीक्षा दी और इस बार ऑल इंडिया 16वाँ रैंक हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। लगातार दूसरी बार यूपीएससी में शानदार सफलता प्राप्त करना उनकी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का प्रमाण है। मोनिका अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और परिवार के समर्थन को देती हैं। वे कहती हैं कि उनके माता-पिता ने हमेशा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और शिक्षा के महत्व को समझाया। उनके पिता का सपना था कि उनकी बेटी एक अधिकारी बने और समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों के लिए काम करे। यही सपना उनके जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा बन गया। मोनिका श्रीवास्तव की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से औरंगाबाद जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। जिले के बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। आज मोनिका की सफलता की कहानी उन हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है, जो कठिन परिस्थितियों के बावजूद बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का साहस रखते हैं। उनकी उपलब्धि यह संदेश देती है कि लगन, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ किया गया प्रयास कभी व्यर्थ नहीं जाता।



नीतीश कुमार के भरोसेमंद नेता को मिली फिर कमान

# तीसरी बार जदयू प्रदेश अध्यक्ष बने उमेश कुशवाहा

निज संवाददाता | पटना

बिहार की राजनीति में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के संगठनात्मक चुनाव के बीच उमेश सिंह कुशवाहा को लगातार तीसरी बार पार्टी का बिहार प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है। शुक्रवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में नामांकन के बाद उनके खिलाफ किसी अन्य उम्मीदवार ने पर्चा दाखिल नहीं किया, जिसके कारण उन्हें निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। शाम करीब 4 बजे इसकी औपचारिक घोषणा की गई। वैशाली जिले के महनार विधानसभा क्षेत्र से विधायक उमेश कुशवाहा पिछले करीब पांच वर्षों से बिहार में जदयू संगठन की कमान संभाल रहे हैं। वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भरोसेमंद नेताओं में गिने जाते हैं। पहली बार वर्ष 2021 में उन्हें जदयू का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था, जब उन्होंने वरिष्ठ नेता वशिष्ठ नारायण सिंह की जगह ली थी।



### हार के बाद भी मिला नेतृत्व का भरोसा

उमेश कुशवाहा 2015 और 2025 में महनार से विधायक चुने गए थे, हालांकि 2020 के विधानसभा चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बावजूद नीतीश कुमार ने उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें जदयू प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी, जिसे वे अब तक संभाल रहे हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बुढ़वा होली पर उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई,शराब के नशे में पांच धरे गए, एक रिपीट ऑफेंस को भी पकड़ा गया

**रजौली**। बुढ़वा होली के पावन अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने और नशाखोरों पर नकेल कसने के उद्देश्य से उत्पाद विभाग ने विशेष अभियान चलाया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र के कड़े रुख और दिशा-निर्देशों के बाद समेकित जांच चौकी पर सघन वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया गया,जिसका नेतृत्व एसआई प्रवीण ने किया।इस कार्रवाई के दौरान टीम ने शराब के नशे में धुत पांच व्यक्तियों को रंगे हाथों पकड़कर हिरासत में ले लिया। जांच की प्रक्रिया में एक चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि पकड़ा गया एक व्यक्ति 'रिपीट ऑफेंस' यानी बार-बार अपराध करने की श्रेणी में चिह्नित किया गया है, जो पूर्व में भी शराबबंदी कानून का उल्लंघन कर चुका है। पकड़े गए सभी व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और पुराने शराबी की गंभीरता को देखते हुए उसे दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, ताकि कड़ी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। विभाग की इस त्वरित सक्रियता ने पर्व के दौरान हुड़दंग मचाने वाले तत्वों को स्पष्ट संदेश दिया है।

### विद्यालय रसोईया का आकस्मिक निधन

**नारदीगंज( नवादा)**। प्रखंड के मध्य विद्यालय ननौरा में कार्यरत रसोइया अमृत शर्मा का आकस्मिक निधन शुक्रवार को हो गया । घटना की खबर मिलते ही स्वजन, विद्यालय परिवार के साथ शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को विद्यालय में पीएम पोषण के तहत छात्रों के लिए भोजन बना रहे थे। इसी विद्यालय में उसकी पत्नी मुनेश्वरी देवी भी रसोइया के पद पर है। दोनों मिलकर भोजन बना रहे थे। वह मटर छील रहे थे। इसी बीच रसोइया अमृत शर्मा अचानक भूमि पर गिर पड़े,और बेहोश हो गए। यह हालत देखकर उसकी पत्नी मुनेश्वरी देवी शोर मचाने लगी,तब विद्यालय के शिक्षक व छात्र समेत अन्य लोग भी दौड़े, आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी नारदीगंज लेकर पहुंचे, जहां कार्यरत चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक ननौरा गांव के निवासी हैं। उन्हें एक पुत्र और दो पुत्री है। दोनों पुत्री शादीशुदा हैं।

### खेग्रामस की दो दिवसीय राज्य परिषद की बैठक को सफल बनाने की अपील

**कौआकोल**। जिला मुख्यालय नवादा में अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा (खेग्रामस) की 10 और 11 मार्च को होने वाली राज्य परिषद की बैठक को सफल बनाने को लेकर कौआकोल में व्यापक तैयारियां की जा रही है। इसकी जानकारी देते हुए खेग्रामस के जिला उपसचिव सह भाकपा माले नेता मंटू कुमार एवं दिलीप कुमार ने बताया कि बिहार में सरकार की गरीबों पर अत्याचार जारी है। दलित,मजदूरों एवं गरीबों पर सरकार द्वारा बगैर वैकल्पिक व्यवस्था किए बुलडोजर चलाये जा रहे हैं। वीबी जी राम जी योजना लाकर मजदूरों की हकमारी की जा रही है। जिसके खिलाफ और अन्य मुद्दों को लेकर खेग्रामस के बैनर तले दो दिवसीय राज्य परिषद की बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय स्तर के नेता का आगमन होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की सफलता को लेकर गांव-गांव जाकर व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। एवं लोगों से तन,मन,धन से सहयोग करने की भी अपील किया जा रहा है।

### कौआकोल के कुतुबचक में डीजे पर अश्लील गाना बजाने को लेकर उत्पन्न हुआ विवाद
### दो गुटों में झड़प की घटना में 10 से अधिक घायल

**कौआकोल**। कौआकोल थाना क्षेत्र अंतर्गत छबैल पंचायत के कुतुबचक गांव में गुरुवार की देर शाम बुढ़वा होली के दिन झुमटा के दौरान डीजे पर अश्लील गाना बजाने को लेकर दो गुटों में झड़प हो गया। जिससे दोनों पक्षों में जमकर रोड़ेबाजी की घटना घटित हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों से दस से अधिक लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक ही समुदाय के दो गुटों में झड़प की घटना हुई। जिसमें एक गुट के द्वारा झुमटा निकालकर डीजे पर अश्लील गाना बजाया जा रहा था और दूसरे गुट के गली में प्रवेश करने लगा। जिसका दूसरे पक्ष के द्वारा विरोध किया गया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में तू-तू मैं-मैं शुरू हो गई और रोड़ेबाजी की घटना शुरू हो गई। जिसमें कुतुबचक गांव निवासी रिंकू देवी,मुसाफिर पासवान,ललिता देवी,शोभा देवी,ममता देवी,मौसम कुमारी,सौरभ कुमार,सोनु कुमार,रोहित कुमार,हारो महतो एवं दरावां गांव निवासी खुशबू देवी घायल हो गए। सभी घायलों का कौआकोल पीएचसी में ईलाज कराया गया। गंभीर रूप से घायल सौरभ कुमार को नवादा रेफर कर दिया गया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने कहा है कि घटना को लेकर दोनों पक्षों द्वारा समाचार प्रेषण तक कौआकोल थाना को कोई सूचना नहीं दी गई है।

### कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं को राहतः सूर्य घर योजना में सहमति की तारीख 31 मार्च तक बढ़ी

**बगहा**। पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के तहत कुटीर ज्योति श्रेणी के उपभोक्ताओं को राहत देते हुए विद्युत आपूर्ति प्रमंडल बगहा ने सहमति देने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब उपभोक्ता 31 मार्च 2026 तक योजना में अपनी सहमति दर्ज करा सकेंगे। इससे पहले इसकी अंतिम तिथि 28 फरवरी तय की गई थी।विद्युत आपूर्ति प्रमंडल बगहा के कार्यपालक अभियंता आलोक अमृतांशु ने बताया कि इस योजना के तहत पात्र कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों की छत पर निःशुल्क सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इससे उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली मिलेगी और उनके बिजली बिल में काफी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपनी सहमति नहीं दी है, वे जल्द प्रक्रिया पूरी करें। इसके लिए उपभोक्ता सुविधा एप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऐप के जरिए घर बैठे ही सहमति दर्ज कराने की सुविधा दी गई है।कार्यपालक अभियंता ने बताया कि सरकार की इस योजना का उद्देश्य गरीब और निम्न आय वर्ग के लोगों को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराना है। सोलर पैनल लगने के बाद उपभोक्ता अपनी जरूरत की बिजली खुद तैयार कर सकेंगे।विभाग की ओर से पात्र उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना जल्द से जल्द सुविधा ऐप के जरिए अपनी सहमति दर्ज कराएं, ताकि उन्हें योजना का लाभ समय पर मिल सके।

### खनन विभाग का लोक सुनवाई कार्यक्रम,बन्द्वार और नावकोठी घाट पर होगा बालू खनन

**नावकोठी**. प्रखंड के विमर्श कक्ष में नावकोठी एवं बन्द्वार बुढी गंडक नदी घाट से सरकारी बालू खनन हेतु लोक सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया.इसकी अध्यक्षता अपर समाहर्ता ब्रजकिशोर चौधरी ने किया. इस अवसर पर प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय पदाधिकारी एसपी राय ने बताया की मैसर्स आरके एंटरप्राइजेज के कुमार राजेश को नावकोठी एवं बन्द्वार के बुढी गंडक नदी घाट के लगभग पांच हेक्टर जमीन का 5 सालों के लिए बालू उत्खनन हेतु टेंडर दिया गया है. लेकिन पर्यावरण प्रभाव आकलन वन विभाग के द्वारा लोक सुनवाई का आयोजन किया गया है. इसमें लोगों के आपत्ति और सुझाव आमंत्रित हैं.खनन विभाग एवं वन पर्यावरण विभाग के विभिन्न मानको का जिक्र किया.एडीएम बेगूसराय ने कहा कि विभागीय निर्देश का अनुपालन संवेदक को करना पड़ेगा. इसमें वायु जल मृदा के संरक्षण, कुल क्षेत्रफल का 60 प्रतिशत भाग में खनन, 1 मीटर तक बालू का उत्खनन,प्रत्येक वर्ष बाढ़ के साथ आने वाले बालू पुनर्भरण एरिया से ही बालू खनन करने,खनन स्थल के आसपास शौचालय,सीढी, डस्टबिन,ढुलाई गाड़ी को तारोपोलिन से ढककर गाड़ी से ढुलाई का प्रबंध करना शामिल है.गाड़ी को नदी के पानी से धोने पर प्रतिबंध रहेगा.उन्होंने कहा कि इस टेंडर से प्रत्यक्ष रूप से 12 लोगों को रोजगार मिलेगी तथा सैकड़ो लोगों को सहायक रोजगार के अवसर प्रदान होंगे. उन्होंने अवैध बालू खनन पर प्रतिबंध लगाने की दिशा में इस टेंडर प्रक्रिया को सही बताया ताकि अनधिकृत रूप से कोई व्यक्ति उत्खनन नहीं करेगा.इस अवसर पर खनन पदाधिकारी आकांक्षा प्रियदर्शी,सीओ सूरज कुमार,संवेदक कुमार राजेश,अंजनी कुमार,रूपेश सिंह, संजय सिंह,गुलाब सिंह,राहुल कुमार,मनोज कुमार, अजीत कुमार उर्फ बंटी,मुकेश कुमार,गौतम कुमार,रणवीर कुमार,अरविंद पासवान सहित बन्द्वार, चांदपुरा ,अझौर,नावकोठी,सिसौनी,पहसारा,डफरपुर सहित अन्य स्थानों के किसान आदि मौजूद थे.

# डीएम ने सुनी आमजनों की समस्याएं

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**समस्याओं का हुआ त्वरित समाधान**

**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान (Ease of Living)" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 09 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जाँचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान थाना-रोह, ग्राम-ओहारी की रेखा देवी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित, थाना-रोह, ग्राम-खरगु बिगहा की रीता देवी द्वारा नली निर्माण के संबंध में, थाना-सिरदला, ग्राम-चांदपुर की बविता कुमारी द्वारा रास्ते से अतिक्रमण हटाने के संबंध में तथा थाना-मेसकौर, ग्राम-रेपुरा के बिहारी यादव द्वारा जमीनी विवाद के संबंध में आवेदन दिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्रस्तुत की गईं।

जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में अपर समाहर्ता, नवादा तथा सदर एवं रजौली अनुमंडल सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जहां आमजनों की समस्याओं का समाधान किया गया।

# कोटवा में सूखा नशा के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कोटवा**। थाना क्षेत्र में सूखा मादक पदार्थ के खिलाफ पुलिस ने शुक्रवार को बड़ा अभियान चलाया। अहिरौलिया, एन एच 27 बेलवा माधो के समीप स्थित एक ढाबा दुकान सहित कोटवा बाजार की कई दुकानों में पुलिस ने सूखा नशा को लेकर सघन छापेमारी की। इस कार्रवाई का नेतृत्व एएसपी हेमंत सिंह ने किया। पुलिस टीम के साथ डॉग स्क्वाड भी मौजूद रहा, जिसकी मदद से संदिग्ध स्थानों की बारीकी से जांच की गई।

पुलिस को लंबे समय से क्षेत्र में सूखा नशा की बिक्री और सेवन की शिकायतें मिल रही थीं। इसी सूचना के आधार पर विशेष अभियान चलाते हुए पुलिस ने बाजार और आसपास के इलाकों में कई दुकानों और ढाबों की तलाशी ली। इस दौरान संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए एक व्यक्ति को हिरासत में भी लिया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है। छापेमारी में 26 ग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ भी पुलिस ने बरामद किया है।छापेमारी के दौरान पुलिस बल ने बाजार में मौजूद लोगों से भी पूछताछ की और दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी कि यदि किसी भी दुकान या प्रतिष्ठान में अवैध नशे की बिक्री या सेवन पाया गया तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस अचानक कार्रवाई से थाना क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

एएसपी हेमंत सिंह ने बताया कि जिले में अवैध नशे के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# पीएम मोदी की वर्चुअल उपस्थिति में 'कृषि एवं ग्रामीण परिवर्तन' पर चर्चा

**कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों ने देखा पीएम मोदी के पोस्ट बजट वेबिनार का लाइव प्रसारण**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल**। प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा स्थित राजेन्द्र भवन में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 'कृषि एवं ग्रामीण परिवर्तन' विषय पर पोस्ट बजट वेबिनार का सीधा प्रसारण किया गया। इस वेबिनार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली शामिल हुए,जहां कृषि और ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं व पहलों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने,पशुपालन,डेयरी एवं मत्स्य पालन के विकास,स्वामित्व योजना,स्वयं सहायता समूहों की भूमिका,ग्रामीण आजीविका और कृषि में आधुनिक तकनीक के उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। कृषि विज्ञान केन्द्र, ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा,नवादा के बैनर तले क्षेत्र के किसानों ने वेबिनार का सीधा प्रसारण देखा और प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के बाद मौजूद कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ॰ जयवंत कुमार सिंह एवं अन्य वैज्ञानिकों ने बताया कि



कार्यक्रम में हाई वैल्यू खेती जैसे- काजू,नारियल,बादाम आदि को बढ़ावा कृषि में AI आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म,मत्स्य पालन के लिए जलाशयों का बेहतर उपयोग,ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों के लिए बेहतर बाजार इत्यादि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर कृषि वैज्ञानिक रौशन कुमार,अंगद कुमार,रजत रंजन,फार्म प्रबंधक सुमिताप रंजन,अनिल कुमार,मनोज कुमार,सलोनी कुमारी,पिंटू पासवान,सरवन रविदास समेत जिले के दर्जनों किसान मौजूद थे।

# रजौली अंचल कार्यालय में जनसुनवाईः अंचलाधिकारी ने मौके पर सुनीं समस्याएं,दो मामलों का हुआ त्वरित निष्पादन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

♦ **प्रशासनिक सक्रियता से ग्रामीणों को मिली राहत, जमाबंदी सुधार और अतिक्रमण जैसे गंभीर मुद्दों पर हुई सार्थक चर्चा**

**रजौली**। स्थानीय अंचल कार्यालय में शुक्रवार का दिन आम जनता की समस्याओं के समाधान के नाम रहा। अंचलाधिकारी गुफरान मजहरी की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए लोगों ने अपनी भूमि संबंधी और अन्य प्रशासनिक समस्याओं को अधिकारी के समक्ष रखा। इस विशेष पहल का मुख्य उद्देश्य जमीन से जुड़े विवादों और सरकारी प्रक्रियाओं में होने वाली देरी को कम कर आम जनमानस को त्वरित न्याय दिलाना था।

सप्ताह में सोमवार व शुक्रवार के निर्धारित दिन होने वाली जनसुनवाई में अंचलाधिकारी ने न केवल शिकायतों को गंभीरता से सुनते हैं , बल्कि मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन भी करते हैं ।इसी क्रम में शुक्रवार को आए दो मामलों की जनसुनवाई के दौरान धमनी पंचायत के कुम्हरूआ गांव से आए राजेंद्र प्रसाद निराला ने अपनी जमाबंदी में लंबे समय से चली आ रही त्रुटियों के सुधार का मामला उठाया। वहीं, जोगियामारण पंचायत के भगवानपुर निवासी विनोद कुमार निराला ने सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण से जुड़ी समस्या को प्रमुखता से दर्ज कराया।

इन मामलों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अंचलाधिकारी गुफरान मजहरी ने संबंधित राजस्व कर्मियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि सुधार से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता और गति प्रशासन की प्राथमिकता है। जमाबंदी में सुधार के आवेदन पर उन्होंने दस्तावेजों की जांच कर उसे समय सीमा के भीतर अपडेट करने का आदेश दिया। साथ ही, अतिक्रमण के मामले में उन्होंने यह साफ कर दिया कि सार्वजनिक रास्तों या सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके समाधान के लिए विधिवत प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

अंचलाधिकारी ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जनसुनवाई का आयोजन इसलिए किया जाता है ताकि लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए दफ्तरों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे बिचौलियों के झांसे में आने के बजाय सीधे अंचल कार्यालय में आकर अपनी बात रखें।

### घोड़ासहन के संजीव कुमार ने फिर लहराया परचम, यूपीएससी 2025 में 290वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**घोड़ासहन**। प्रखंड क्षेत्र के पीठवा पुरबारी टोला निवासी तथा वर्तमान में स्थानीय गांधीनगर के रहने वाले परचून दुकानदार सुनील कुमार और गृहिणी सुनीता कुमारी के पुत्र संजीव कुमार ने लगातार दूसरी बार संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर प्रखंड क्षेत्र सहित पूरे राज्य का नाम रोशन किया है। वर्ष 2025 की यूपीएससी परीक्षा में संजीव कुमार ने 290वीं रैंक हासिल कर बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है।

बताया जाता है कि संजीव कुमार ने पिछले वर्ष भी यूपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हुए 583वीं रैंक हासिल की थी, जिसके आधार पर उन्हें भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के लिए चयनित किया गया था। वर्तमान में वे आईआरएस के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसके बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य को और ऊंचा रखते हुए एक बार फिर परीक्षा दी और इस बार



290वीं रैंक प्राप्त कर अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया।

शुक्रवार की दोपहर जैसे ही यूपीएससी परीक्षा का परिणाम जारी हुआ और संजीव की सफलता की खबर परिजनों को मिली, घर सहित पूरे गांव में खुशी का माहौल छा गया। परिजनों और गांव के लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला और बधाई देने वालों का तांता लग गया।

संजीव कुमार की प्रारंभिक शिक्षा घोड़ासहन स्थित ज्ञान ज्योति स्कूल से हुई। वर्ष 2017 में उन्होंने इसी विद्यालय से मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद वे आगे की पढ़ाई के लिए दिल्ली चले गए, जहां सेंट्रल स्कूल से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की।

# पठन-पाठन की संस्कृति को नई धार देने के उद्देश्य से मध्य विद्यालय निमाटांड में पुस्तकालय का भव्य आगाज

♦ **रजौली में निखरेगी बच्चों की भाषा और ज्ञान की ज्योति, पीरामल फाउंडेशन व बिहार सरकार की साझा पहल ने विद्यालय परिसर में नई फूंकी जान**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। बिहार सरकार की दूरगामी सोच और पीरामल फाउंडेशन के सहयोग से प्रखंड क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षा के प्रति रुचि जगाने की कड़ी में मध्य विद्यालय निमाटांड, रजौली में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है, जहां विद्यालय के पठन-पाठन के वातावरण को और अधिक समृद्ध बनाने के उद्देश्य से सुसज्जित पुस्तकालय कक्ष का दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया गया। प्रधानाध्यापक राजेश कुमार के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस गौरवपूर्ण समारोह में नोडल शिक्षिका अंजू कुमारी व नीतू कुमारी के साथ पुस्तकालय मंत्री अंशिका कुमारी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन की रस्म अदा की,जो छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की ओर बढ़ता एक सशक्त कदम है।

इस अवसर पर विद्यालय के वरीय शिक्षक सच्चिदानंद प्रसाद सहित अनोज कुमार, निखत बानो, मंजू कुमारी और नीतू कुमारी जैसी



स्कूल प्रांगण में पुस्तकों को देखते बच्चे व शिक्षकगण

समर्पित शिक्षकों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को बढ़ाया, जबकि सैकड़ों उत्साहित छात्र-छात्राओं की मौजूदगी ने इस पहल के प्रति उनकी उत्सुकता को स्पष्ट रूप से दर्शाया। इस पुस्तकालय की स्थापना का मूल ध्येय बच्चों में न केवल पुस्तकों के प्रति गहरा लगाव पैदा करना है, बल्कि इसके माध्यम से उनकी भाषा की शुद्धता को निखारना, उच्चारण में स्पष्टता लाना और उनके सामान्य ज्ञान के दायरे को निरंतर विस्तृत करना है। सरकार की यह पहल अभिभावकों और बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में एक मील का पत्थर साबित होगी, जिससे आने वाले समय में निमाटांड के छात्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सकेगा।

### बखरी में अवैध नशीले सिरप पर पुलिस की कार्रवाई, 70 बोतल कोडीन फास्फेट बरामद



**बखरी (बेगूसराय)**। अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बखरी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कोडीन फास्फेट युक्त कफ सिरप की खेप बरामद की है। पुलिस ने सुगा रोड स्थित काली मंदिर के सामने छापेमारी कर 100 एमएल की 70 बोतल कोडीन फास्फेट सिरप जब्त की, जिसका कुल वजन लगभग 7 लीटर बताया जा रहा है थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने बताया कि अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उक्त सिरप बरामद किया गया इस मामले में उत्पाद एवं मद्य निषेध अधिनियम के तहत कांड दर्ज कर लिया गया है। पुलिस संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में अवैध नशीले पदार्थों के कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

# नावकोठी के मस्जिद में उमड़ी रोजेदारों की भीड़



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नावकोठी**. प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों में रमजान के तीसरे जुमा की नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों में जबरदस्त भीड़ उमड़ पड़ी.नावकोठी जमा मस्जिद के इमाम हाफिज मो असगर ने खुतबे के दौरान कहा कि रमजान का यह पहला अशरा रहमत का दूसरा अशरा मगफिरत का है जो तेजी से गुजर रहा है.तीसरा अशरा जहन्नम की आग से निजात का है.उन्होंने कहा कि रमजान मुबारक के फजीलत और उसके मरतबे पर पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद (सल्लल्लाहो वाले वसल्लम) ने कहा कि यह अल्लाह का महीना है.रोजेदार के रोजा रखने का बदला अल्लाह बंदे को उसके मांगने का सत्तर गुणा अधिक देगा.दूसरा अशरा में बंदा अपनी पिछले गलती गुनाह से निजात के लिए अल्लाह से दुआ मांगता है.खुशनसीब बंदा वो है जो रोजा में अपना मगफिरत करवा लेता है.रोजा मुसलमानों का अजीम फरीजा है.इस अवसर पर समसा,देवपुरा, मोहद्दीन पुर,पीरनगर,इसफा,नाथबागर,हसन पुर बागर,नावकोठी,रजाकपुर,खैरबन ,छतौना,वृंदावन,पहसारा के मस्जिदों में रोजेदार नमाजियों की हुजूम देखी गयी.

# जिले के 396 पंचायतों में घूम-घूमकर खराब चापाकलों को ठीक करे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मोतिहारी**। आगामी भीषण गर्मी की संभावना को ध्यान में रखते हुए पूर्वी चंपारण क्षेत्र में खराब पड़े चापाकलों की मरम्मति हेतु जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल द्वारा चलंत चापाकल मरम्मति दल को सभी 27 प्रखंडों के लिए फ्लैग-ऑफ कर रवाना किया गया। सभी प्रखण्डों में मरम्मति दल कार्यरत रहेगा, जिसके लिए रोस्टर तैयार कर कार्यालय आदेश निर्गत किया गया है। ज़िलाधिकारी ने कहा कि आगामी गर्मी के मौसम में पीक टाईम में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना रहती है, भू-गर्भ जल-स्तर भी नीचे चला जाता है, पेयजल की समस्या भी आ सकती है। इसी सब के मद्देनजर अग्रिम तैयारी शुरू कर दी गयी है ताकि आम जनता को कोई समस्या न हो। कुल 27 चलंत चापाकल मरम्मति दलों को रवाना किया गया जो सभी 396 पंचायतों में घूम-घूमकर खराब चापाकलों को ठीक करेगा। उन्होंने कहा कि पंचायतों के जन-प्रतिनिधियों से भी आग्रह किया गया है कि खराब चापाकलों की सूची उपलब्ध कराया जाए




ताकि मरम्मति दल द्वारा इसे भी ठीक किया जाए। आम जनता भी टॉल-फ्री नं पर सूचना प्रदान कर सकती है। प्राप्त सूचना के आलोक में खराब चापाकलों को तुरत ठीक किया जाएगा।

ज़िलाधिकारी ने कहा कि पूरे जिला में पीएचईडी के अधीन चापाकलों की कुल संख्या 38,801 है। खराब चापाकलों का सर्वेक्षण कराया गया था। इसके अनुसार मोतिहारी जिला अन्तर्गत 4463अदद खराब चापाकलों की मरम्मती का लक्ष्य है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को भी निदेशित किया गया है कि जन-प्रतिनिधियों से संपर्क कर खराब चापाकलों की सूची प्राप्त कर मरम्मति कराएं। जिला प्रशासन का प्रयास है कि जिला में एक भी चापाकल खराब नहीं रहे।चापाकल मरम्मति दल द्वारा प्रखंडों के सभी पंचायतों में घूम-घूमकर खराब चापाकलों की मरम्मति की जायेगी।

ज़िलाधिकारी के निदेश पर चापाकल मरम्मति एवं पेयजल संकट से निदान के लिए टौल फ्री नं. एवं जिला नियत्रंण कक्ष स्थापित किया गया है जिस पर सम्पर्क कर खराब चापाकलों की मरम्मति संबंधी शिकायत दर्ज की जा सकती है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### काराकाट पुलिस ने मारपीट व आर्म्स एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**काराकाट /रोहतास** । जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के कर्मा गांव में होली के दिन हुई मारपीट और आर्म्स एक्ट की घटना में आरोपी मनू सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि स्वर्गीय धीरजा सिंह के 60 वर्षीय पुत्र मुरलीधर सिंह ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पीड़ित ने शिकायत में कहा कि 4 मार्च को होली के दिन गोरे सिंह का पुत्र मनू सिंह ने उसके साथ जमकर मारपीट की, गाली-गलौज किया तथा पिस्टल लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी।मुरलीधर सिंह ने आगे बताया कि आरोपी ने उनके घर के दरवाजे पर लगे हैंडपंप को तोड़ दिया, जिससे आर्थिक नुकसान हुआ। इस घटना से पीड़ित परिवार में दहशत फैल गई। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी मनू सिंह को उसके घर से दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी के पास से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ, लेकिन मामला मारपीट और आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने कहा कि आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की मारपीट या धमकी की घटना होने पर तत्काल थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

### पुलिस पर हमला करने के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार,न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**दिनारा/ रोहतास** : दिनारा थाना की पुलिस ने पुलिस पर हमला करने के मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है । गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम बेलवैया निवासी श्रीनिवास राम के रूप में की गई है । थानाध्यक्ष विनय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीनिवास राम के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 366/25 दर्ज है । इस मामले में उस पर पुलिस पर हमला करने का आरोप है । घटना के बाद से ही वह फरार चल रहा था ।उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही थी । इसी क्रम में उसे गिरफ्तार कर लिया गया । आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है । थानाध्यक्ष ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है और किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा ।

### शैक्षिक परिभ्रमण के लिए विद्यालय के छात्र छात्राएं बोधगया हुए रवाना



**कोचस (रोहतास)**। कोचस प्रखंड क्षेत्र के राजवंशी कन्या मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राएँ मुख्यमंत्री बिहार दर्शन शैक्षिक परिभ्रमण के अंतर्गत सासाराम होते हुए बोधगया एवं गया जी के लिए रवाना हुए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह डीडीओ जयराम पाल एवं विद्यालय शिक्षा समिति की अध्यक्ष नाजिया खातून ने बस को हरी झंडी दिखाकर बच्चों को शैक्षिक परिभ्रमण के लिए विदा किया।इस शैक्षिक यात्रा के दौरान छात्र-छात्राएँ सासाराम स्थित पायलट बाबा आश्रम, बोधगया में महात्मा बुद्ध की तपोभूमि तथा गया जी के प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर का अवलोकन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक जयराम पाल ने कहा कि यात्रा के दौरान बच्चों को इन ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी, ताकि वे अपने पाठ्यक्रम से जुड़े विषयों को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकें।ऐसे शैक्षिक परिभ्रमण से बच्चों में ज्ञान के प्रति जागरूकता, उत्साह और नई चीजें सीखने की प्रेरणा मिलती है। सरकार की यह पहल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए काफी प्रभावशाली साबित हो सकती है। साथ ही इस प्रकार के परिभ्रमण कार्यक्रम प्राथमिक स्तर के विद्यालयों के बच्चों के लिए भी आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि वे भी अपने ज्ञान का दायरा बढ़ा सकें।इस परिभ्रमण में शिक्षक संजय कुमार पासवान, शिक्षिका अमृता कुमारी तथा विद्यालय के छात्र-छात्राएँ शामिल हैं।

### नंदकिशोर यादव नगालैंड के बनाए गए राज्यपाल, भाजपा नेताओं ने दी बधाई

**केसरिया, पू.च**। पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता नंदकिशोर यादव को नागालैंड का राज्यपाल बनाए जाने पर केसरिया क्षेत्र के भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। पार्टी के कई नेताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है। बधाई देने वालों में भाजपा नेता रिंकु पाठक, विधानसभा प्रभारी आनंद सिंह, जिला मंत्री शम्भू महतो, मंडल अध्यक्ष मुना साह, मंडल महामंत्री अविनाश सिंह, सुमन पाण्डेय, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मुकेश यादव, विजय जायसवाल, अरविंद मिश्र समेत कई नेता व कार्यकर्ता शामिल हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि नंदकिशोर यादव एक अनुभवी और लोकप्रिय नेता हैं। उनके लंबे राजनीतिक अनुभव का लाभ नगालैंड राज्य को मिलेगा तथा वे अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे। सभी नेताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी।

### कल्याणपुर उप प्रमुख ने एसडीओ को सौंपा त्यागपत्र

**चकिया-पू०च०**। कल्याणपुर प्रखंड के उप प्रमुख धीरेंद्र कुमार शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय पहुंचे तथा अनुमंडल पदाधिकारी से मिल कर अपने पद से त्यागपत्र सौंपा।त्यागपत्र देने के बाद एक भेंट के दौरान उप प्रमुख ने कहा कि प्रखंड कार्यालय मे पद स्थापित अधिकारियों व पहुंच रखने वाले नेताओं का मनमानी चलता है नियमाकुल समस्याऐ व शिकायतें नहीं सुनी जाती है।एक पंचायत समिति सदस्य को गलत तरिके से फंसा जेल भेज दिया गया समस्यां को लेकर उच्च पुलिस पदाधिकारी को साक्ष्य उपलब्ध कराने पर राहत मिली तथा उनके हस्ताक्षेप से न्याय मिला उन सभी समस्याओ से आहत होकर त्यागपत्र देने का मन बनाया। वहीं उच्चाधिकारियों से मामले की जांच कर दोषी पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य पर कार्रवाई की मांग की हालांकि कि एसडीओ को सौंपे गये त्याग पत्र मे निजी कारणों का भी हवाला दीया है। इस बाबत एसडीओ ने बताया कि कल्याणपुर उप प्रमुख धिरेंद्र कुमार द्वारा अपने पद से त्याग पत्र दिया गया है।

### वार्ड सदस्य के असामयिक निधन पर शोक की लहर



**कोटवा**। प्रखंड क्षेत्र के बथना पंचायत वार्ड नंबर पांच के वार्ड सदस्या 70 वर्षीय शांति देवी का असामयिक निधन शुक्रवार को हो गया।उनके निधन की खबर सुनते ही पंचायत में शोक की लहर दौड़ पड़ी। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।वे कुछ दिनों से बीमार चल रही थी।वे अपने पीछे दो पुत्र राजेश कुमार एवं अनोज कुमार सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई है।स्थानीय मुखिया सह प्रखंड अध्यक्ष मुखिया संघ जितेंद्र यादव ने कहा कि शान्ति देवी मृदुल भाषी और मिलनसार स्वभाव की महिला थी।उनके असामयिक निधन पर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने शोक व्यक्त किया है जिसमें बच्चा सिंह,राम सकल महतो,संजय यादव,लक्ष्मण साह, कौलेशर साह,नंदन कुमार,हरि शंकर यादव, बीरबहादुर महतो,सूरज कुमार,मनोज साह,अजय कुमार,उपमुखिया रूना देवी,वार्ड सदस्य बच्चा यादव,जोखन भगत,निभा देवी,सनोज राम,मुन्ना पाण्डेय ,मो मुस्तफा,टिंकू खां,विभा देवी,अखिलेश यादव,उमेश यादव आदि का नाम शामिल है।

# 12 संदिग्धों को हिरासत में ले पुलिस कर रही जांच

## छः बाईक पर सवार सभी संदिग्ध उत्तर प्रदेश के निवासी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**राजपुर**। क्षेत्र अंतर्गत संदिग्ध स्थिति में पाये जाने पर शुक्रवार को छः बाईक पर सवार बारह लोगों को कपसिया गांव से राजपुर पुलिस ने हिरासत में ले लिया.सभी को थाना लाकर पूछताछ किया गया. जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष उमुस सलमा ने बताया कि कपसिया गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचित किया कि उनके दरवाजे पर कुछ संदिग्ध लोग आकर ठहरे हैं. जिसके बाद सभी को हिरासत में लेकर थाना ला पुछताछ के प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सभी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं.जो इलाके में खेल दिखाने के उद्देश्य से आए होने की बात बता रहे हैं. सभी को थाना में रखकर गहन जांच-पड़ताल किया जा रहा है.पुलिस उनका पहचान,आने का उद्देश्य और गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटा रही है.

उनहोंनें बताया कि बुलेट,पल्सर,हिरो होंडा आदी तरह के साथ में रखे वाहनों और अन्य सामानों जांच की जा रही है,ताकि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की पुष्टि हो सके. मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है.यदि जांच में कोई आपत्तिजनक तथ्य सामने नहीं आता है तो भी शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जाएगी. पुलिस के अनुसार सभी 12 लोगों के विरुद्ध दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 128/170 के तहत कार्रवाई करते हुए शुक्रवार की सुबह उन्हें एसडीएम न्यायालय में पेश किया जाएगा.फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है और पुलिस क्षेत्र में सतर्कता बनाए हुए है.

# एसडीएम के जनता दरबार में पहुंचे फरियादी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज/ रोहतास**। अनुमंडल कार्यालय बिक्रमगंज में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम प्रभात कुमार ने फरियादियों की फरियाद सुनी।

फरियादियों ने एसडीएम के समझ राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, पीएम आवास योजना, परिमार्जन प्लस सहित अन्य कई समस्याओं के निदान के लिए गुहार लगाई। इस दौरान अनुमंडल क्षेत्र से भूमि विवाद से संबंधित 09 , राशन कार्ड से संबंधित 31 एवं अन्य 05 मामले लेकर परिवादी उपस्थित हुए और अपनी-अपनी समस्याएँ रखीं। सभी आवेदन पत्रों को शीघ्र निष्पादन संबंधित कार्यालयों व पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।

सबसे अधिक समस्या राशनकार्ड से संबंधित थे। एसडीएम ने अनुमंडल क्षेत्र के बिक्रमगंज, संझौली, काराकाट, दावथ, दिनारा, नासरीगंज, सूर्यपुरा, राजपुर प्रखंडो के कई गांव से आये फरियादियों की समस्याओं को निदान के लिए भरोसा दिया। प्राप्त आवेदनों के अविलंब निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।

### बीपीएल परिवारों के लिए खुशखबरी:

# छत पर निःशुल्क सोलर पैनल लगाने हेतु आवेदन की तिथि 31 मार्च तक बढ़ी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम / रोहतास**। रोहतास जिले के गरीब एवं निम्न आय वर्ग के परिवारों को बिजली बिल के बोझ से राहत देने की दिशा में सरकार द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। कुटीर ज्योति (बीपीएल) बिजली उपभोक्ताओं के लिए अपनी छत पर निःशुल्क सोलर पैनल लगवाने की योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को दिन के समय पंखा, बल्ब आदि चलाने के लिए सौर ऊर्जा का लाभ मिलेगा, जिससे बिजली बिल लगभग समाप्त हो जाएगा। बिजली कंपनी द्वारा पहले इस योजना के लिए सहमति देने की अंतिम तिथि 28 फरवरी निर्धारित की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया है। अब इच्छुक उपभोक्ता 31 मार्च तक आवेदन कर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। विद्युत अधीक्षण अभियंता, सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने बताया कि रोहतास जिले में लगभग 97773 कुटीर ज्योति (बीपीएल) उपभोक्ता हैं और इन सभी परिवारों को इस योजना के दायरे में लाने का लक्ष्य रखा गया है। सोलर पैनल लगने के बाद उपभोक्ताओं की ग्रिड बिजली पर निर्भरता कम होगी, जिससे उनके मासिक बिजली खर्च में काफी कमी आएगी।

उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना जल्द से जल्द आवेदन करें, ताकि पहले चरण में ही उनके घरों पर सोलर यूनिट स्थापित की जा सके। उन्होंने बताया की अगर आपके पास स्मार्टफोन है तो आप इन 5 आसान स्टेप्स में आवेदन कर सकते हैं। सबसे पहले गूगल प्ले स्टोर से 'सुविधा एप्प' डाउनलोड करें। एप में 'रूफटॉप सोलर पैनल स्थापन हेतु सहमति (कुटीर ज्योति)' विकल्प पर क्लिक करें। अपना उपभोक्ता संख्या (कंज्यूमर नंबर) दर्ज करें और प्राप्त ओटीपी से वेरिफाई करें। योजना की शर्तों को पढ़कर 'सहमति' प्रदान करते समय आवेदक को किसी एक पता प्रमाण पत्र (जैसे आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि) के साथ बीपीएल कार्ड या अन्य पात्रता प्रमाण पत्र जमा करना एवं मांगी गई जानकारी (छत का फोटो या एरिया) भरकर सबमिट कर दें। जिन उपभोक्ताओं के पास स्मार्टफोन उपलब्ध नहीं है, वे संबंधित विद्युत आपूर्ति प्रमंडल कार्यालय के सुविधा काउंटर या वसुधा केंद्र की मदद से भी आवेदन कर सकते हैं। विभागीय सुविधा काउंटर पर यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है। विद्युत विभाग ने सभी पात्र उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और स्वच्छ एवं सस्ती सौर ऊर्जा की दिशा में कदम बढ़ाएं।

# काराकाट: नशे में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, 7 गिरफ्तार; दोनों पक्षों के लोग घायल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट / रोहतास**। थाना क्षेत्र के अमरथा में शुक्रवार को नशे के नशे में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका प्राथमिक उपचार काराकाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में कराया गया।मिली जानकारी के अनुसार, नशे में धुत दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए, जिससे मामला मारपीट तक पहुंच गया।

घटना के बाद दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर अलग-अलग प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराई। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि दोनों कांडों में कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।प्रथम पक्ष की एफआईआर (कांड संख्या 102/26 )प्रथम पक्ष की ओर से अंजू देवी ने शिकायत दर्ज कराई है।

उन्होंने अमरथा टोला निवासी अखिलेश पासवान, रमेश पासवान, अशोक पासवान, ललन राम तथा सीमा देवी (पति स्व. पिंटू पासवान) को मारपीट का आरोपी बनाया है।द्वितीय पक्ष की एफआईआर (कांड संख्या 103/26 )दूसरे पक्ष की ओर से ललन राम के बयान पर अंजू देवी (पति लालबाबू पासवान), लालबाबू पासवान (पिता बबन पासवान) तथा लालजीत राम (पिता बबन पासवान) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि मामले की आगे जांच चल रही है और शांति बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी सतर्क हैं। स्थानीय लोगों ने इस घटना पर चिंता जताई है और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### सासाराम: अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन सख्त, एसडीएम के नेतृत्व में चला अभियान



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम /रोहतास**। शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए प्रशासन अब एक्शन मोड में है। शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी (SDM) डॉ. नेहा कुमारी के नेतृत्व में सासाराम के विभिन्न इलाकों में सघन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

**इस अभियान की मुख्य बातें:**

**संयुक्त कार्रवाई:** नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस के आपसी सहयोग से सड़कों पर अवैध रूप से कब्जा जमाए दुकानों और ठेलों को हटाया गया।

**नो-पार्किंग पर सख्ती:** ट्रैफिक पुलिस द्वारा 'नो-पार्किंग' जोन में खड़े वाहनों और अवैध वेंडिंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए मौके पर ही चालान काटे गए।

**उद्देश्य:** एसडीएम डॉ. नेहा कुमारी ने स्पष्ट किया कि शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बहाल करना और सासाराम को जाम की समस्या से पूरी तरह मुक्त कराना प्राथमिकता है।

प्रशासन की इस सख्ती से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा रहा। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि दोबारा सड़कों पर अतिक्रमण पाया गया, तो भारी जुर्माना वसूला जाएगा।

# सड़क दुर्घटना में वृद्ध की हुई मौत, बालू लदे वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



◆ बाजार करने के क्रम में चांदी रोड में सासाराम की ओर जा रही बालू लदा (ट्रक) ने वृद्ध में टक्कर मारी

**रोहतास**। जिले के अकोढी गोला बजार पर सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध की मौत का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि अकोढी गोला थाना क्षेत्र के केशो बिगहा निवासी सच्चिदानंद कुशवाहा उम्र लगभग 60 वर्ष पिता मथुरा मेहता शुक्रवार की शाम 4:00 बजे बाजार करने अकोढी बाजार पर आए थे। बाजार करने के क्रम में चांदी रोड में सासाराम की ओर जा रही बालू लदा (ट्रक) टेलर BR 24 GC 5202 ने वृद्ध में टक्कर मार दी। लोगों के द्वारा करकटपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने स्थानीय लोगों ने सड़क को जाम कर दिया। बताते चले कि अकोढी बाजार पर भारी वाहनों का प्रवेश निषेध है नो एंट्री है ,नो एंट्री होने के बावजूद भी बड़े पैमाने पर बालू लदे वाहन पार होती है जिससे ग्रामीण नाराज है जिससे पुलिस प्रशासन से सवाल का जवाब मांग रहे हैं।

विदित हो कि बीते 2 तारीख को भी इसी गांव केशोबिगहा के युवक की सड़क दुर्घटना में रविराज कुमार की भी मौत हो गई थी। एक हफ्ते के अंदर सड़क दुर्घटना में मौत की यह दूसरी घटना है।

दुर्घटना और जाम की खबर सुनते ही मौके पर डालमियानगर ,डेहरी , नासरीगंज, काराकाट,आदि आसपास के सभी थानो की पुलिस मौके पर पहुंची हुई है खबर लिखे जाने तक शाम 6:30 बजे अकोढी गोला बाजार सड़क जाम है और लोग जिलाधिकारी महोदय को बुलाने की मांग पर अड़े है।

# कानून हाथ में लेने वालों को नहीं मिलेगी राहत, ट्रिपल लोड व बिना हेलमेट चालकों पर सख्त कार्रवाई

◆ करगहर पुलिस चलाएगी विशेष वाहन जांच अभियान, नाबालिगों को बाइक देने वालों पर भी होगी कार्रवाई





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**करगहर (रोहतास)**। क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए करगहर पुलिस सख्त रुख अपनाने जा रही है। थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय ने स्पष्ट कहा है कि कानून को अपने हाथ में लेने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान ट्रिपल लोडिंग कर मोटरसाइकिल चलाने, बिना हेलमेट वाहन चलाने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस बाइक चलाने और तेज रफ्तार में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों से मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुर्माना वसूला जाएगा और आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

थानाध्यक्ष ने कहा कि सड़क हादसों को रोकने और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार चलाया जाएगा।

पुलिस की टीम अलग-अलग स्थानों पर वाहन जांच कर नियमों का पालन सुनिश्चित करेगी। इसके अलावा कम उम्र के बच्चों को मोटरसाइकिल चलाने के लिए वाहन देने वाले अभिभावकों के खिलाफ भी विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने के लिए न दें और यातायात नियमों का पालन करें, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय ने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने लोगों से सहयोग करने और नियमों का पालन करने की अपील की है।

### मुख्यमंत्री शैक्षणिक भ्रमण के लिए राजगीर नालंदा बस हुआ रवाना

**मुखिया ने दिखाई हरी झंडी**



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**राजपुर**। क्षेत्र अंतर्गत मध्य विद्यालय बरना के छात्र-छात्राएं शुक्रवार को मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए रवाना हुए. परिभ्रमण बस को पंचायत के मुखिया योगेन्द्र चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.इस दौरान 25 विद्यार्थियों को राजगीर व नालंदा शैक्षणिक परिभ्रमण के उद्देश्य से भेजा गया है. मुखिया ने कहा कि यह कार्यक्रम सरकार द्वारा सभी सरकारी विद्यालयों के लिए संचालित किया जाता है.

प्रधानाध्यापक बिनोद कुमार साह, शिक्षक बिनोद कुमार ने बताया कि बच्चों को ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थल राजगीर व नालंदा ले जाया गया है.जहां वे विभिन्न दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करेंगे.उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों की शिक्षा के प्रति अभिरुचि बनी रहती है.यात्रा के दौरान बच्चों के भोजन और चिकित्सा सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा गया है. मौके पर स्कूल शिक्षक विवेक कुमार,अमन कुमार आदि शिक्षकों मौजूद थे.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### गौशाला में आग लगने से 2 मवेशियों की मौत

**बांका।** बांका जिले के रजौन थाना क्षेत्र के चिलकावर गांव में गुरुवार रात एक गौशाला में आग लग गई। इस घटना में दो मवेशियों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। आग से गौशाला में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित किसान राजेंद्र मंडल ने बताया कि अचानक उनकी गौशाला में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया। दमकल विभाग को भी सूचना दी गई।

**दमकल ने आग पर पाया काबू:** सूचना मिलने के बाद दूसरे प्रखंड से दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक एक गाय और एक बछड़े की जलकर मौत हो चुकी थी। गौशाला में बंधी तीन अन्य गायें गंभीर रूप से झुलस गईं।

**किसान को लाखों रुपए का हुआ नुकसान:** आग की इस घटना में गौशाला में रखी साइकिल, सेक्शन पाइप, जमीन के कागजात सहित अन्य संपत्ति भी पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। किसान के अनुसार, इस घटना में उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान राजेंद्र मंडल ने अंचलाधिकारी (सीओ) को आवेदन देकर सरकारी सहायता की मांग की है। सीओ कुमारी सुषमा ने बताया कि आवेदन के आधार पर कर्मचारी द्वारा जांच कराई जाएगी।

### महिला से साइबर ठगी

**मुंगेर।** मुंगेर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित चंडी स्थान टीका रामपुर में एक महिला साइबर ठगी का शिकार हो गई। ठगों ने महिला से पांच हजार रुपये की ठगी की। पीड़िता ने इस संबंध में साइबर थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला काजल देवी ने बताया कि सोमवार को उनके मोबाइल नंबर 9044663240 पर एक कॉल आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को मुंगेर का एसपी बताया और कहा कि मारपीट के मामले में जिन लोगों पर उन्होंने आरोप लगाया है, उन्हें जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। इसके लिए ठग ने उनसे 9 हजार रुपये की मांग की।

**एसपी कार्यालय से पता चला ऑनलाइन ठगी हुई:** काजल देवी ने बताया कि उनके पति बाहर मजदूरी करते हैं, जिस कारण उन्होंने फोन करने वाले को अपनी आर्थिक तंगी के बारे में बताया। हालांकि, ठग ने उन्हें इतना डराया-धमकाया कि डरकर उन्होंने गांव के ही एक व्यक्ति से पांच रुपये प्रति सैकड़ा (5% मासिक) ब्याज पर पांच हजार रुपये उधार लिए और ऑनलाइन माध्यम से ठग को भेज दिए। अगले दिन जब काजल देवी ने उसी नंबर पर कार्रवाई की जानकारी लेने के लिए फोन किया, तो वह स्विच ऑफ आने लगा। इसके बाद उन्हें संदेह हुआ। मंगलवार को वह पहले लाल दरवाजा टीओपी गईं, जहां से उन्हें एसपी कार्यालय भेजा गया। एसपी कार्यालय पहुंचने पर उन्हें पता चला कि वे साइबर ठगी का शिकार हो चुकी हैं। महिला ने बताया कि उन्होंने ब्याज पर पैसे लिए हैं, जिससे यह राशि लगातार बढ़ती जाएगी। उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द अपने पैसे वापस दिलवाने की मांग की है।

### एसपी कार्यालय के पास मुंगेर विधिज्ञ संघ में चोरी

**मुंगेर।** मुंगेर में एसपी कार्यालय से महज 10 फीट की दूरी पर स्थित मुंगेर विधिज्ञ संघ परिसर में होली पर्व के दौरान अज्ञात चोरों ने अधिवक्ताओं के चेंबर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने करीब छह अधिवक्ताओं के चेंबर के ताले तोड़कर अंदर रखे सामान को अस्त-व्यस्त कर दिया। हालांकि, न्यायालय बंद होने के कारण चोरी हुए सामान का आकलन अभी तक नहीं हो पाया है। घटना की जानकारी गुरुवार को तब हुई जब कुछ अधिवक्ता होली के बाद न्यायालय पहुंचे और उन्होंने अपने-अपने चेंबर के ताले टूटे हुए तथा सामान बिखरा हुआ पाया। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना को इसकी जानकारी दी गई। कोतवाली थानाध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी।

**शराब की बोतल और रॉड बरामद:** जांच के दौरान पुलिस को घटनास्थल से शराब पीने का गिलास, शराब की बोतल और एक लोहे की रॉड बरामद हुई है। आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने लोहे की रॉड से चेंबर के ताले तोड़े और वहीं बैठकर शराब का सेवन भी किया। मुंगेर विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष शशि शेखर सिंह ने घटना पर संज्ञान लेते हुए एसपी और पुलिस अधिकारियों से जल्द कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं।

**CCTV फुटेज से आरोपी की हो रही पहचान:** संघ में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक संदिग्ध व्यक्ति कैद हुआ है, जिसका फुटेज पुलिस वायरल कर उसकी पहचान करने में जुटी हुई है। अध्यक्ष शशि शेखर प्रसाद सिंह ने बताया कि छह अधिवक्ताओं के चेंबर और उनके बक्सों के ताले तोड़े गए हैं, और महत्वपूर्ण फाइलें व दस्तावेज बिखरे मिले हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर चोरों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। वहीं इस संबंध में कोतवाली थानाध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी ने बताया कि इस घटना को लेकर आवेदन नहीं मिला है पुलिस घटना स्थल पर जांच में गई थी। चोर की पहचान के लिए पुलिस कार्य कर रही है।

### नीतीश के नेतृत्व में बदला बिहार का सामाजिक ढांचा

**बेगूसराय।** बेगूसराय के सांसद और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि पिछले दो दशकों में बिहार के बदलाव की कहानी को समझें तो उसमें नीतीश कुमार के नेतृत्व की स्पष्ट छाप दिखाई देती है। उनके नेतृत्व में शासन को केवल प्रशासन तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि उसे सामाजिक परिवर्तन के माध्यम के रूप में भी आगे बढ़ाया गया। खासकर महिला सशक्तिकरण और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के प्रयासों ने राज्य के सार्वजनिक जीवन को एक नई दिशा दी। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए स्थानीय शासन में 50 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया, जिससे बड़ी संख्या में महिलाएं पंचायतों और नगर निकायों में नेतृत्व की भूमिका में आई।

# अनुमंडल पदाधिकारी ने की मॉनिटरिंग कमेटी की मीटिंग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बांका।** बांका अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी राजकुमार की अध्यक्षता में मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक हुई। इस बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के तहत लाभार्थियों को समय पर और निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराने की विस्तृत समीक्षा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी राजकुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों को खाद्यान्न की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि लाभार्थियों को कोई परेशानी न हो। उन्होंने सभी मार्केटिंग ऑफिसर (एमओ) को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जन वितरण प्रणाली के माध्यम से लाभार्थियों को निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही, वितरण व्यवस्था की नियमित निगरानी भी करने को कहा गया।

**बैठकें नियमित रूप से आयोजित कराने का भी निर्देश:** एसडीओ ने पंचायत स्तर पर निगरानी समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित कराने का भी निर्देश दिया। इसका उद्देश्य वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखना और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत को रोकना है। उन्होंने जोर दिया कि स्थानीय स्तर पर मजबूत निगरानी से अनियमितताओं पर अंकुश लगाया जा सकेगा।

**एसएफसी कार्यालय के प्रतिनिधि को भी आवश्यक दिशा-निर्देश:** अनुमंडल पदाधिकारी ने बैठक में उपस्थित एसएफसी कार्यालय के प्रतिनिधि को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को खाद्यान्न माप कर ही उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने बताया कि कई स्थानों से शिकायतें मिल रही हैं कि कुछ दुकानदारों द्वारा लाभार्थियों को कम मात्रा में खाद्यान्न दिया जा रहा है। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीओ ने संबंधित एजीएम को जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## 20 कार्टन कफ सिरप बरामद



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में शुक्रवार को पुलिस ने भारी मात्रा में कफ सिरप बरामद किया है। पुलिस ने एक युवक को भी हिरासत में लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बरहेपुरा उत्तर टोला में एक मकान में अवैध रूप से नशीली कफ सिरप की खरीद-बिक्री हो रही। जिसके पुलिस मौके पर पहुंची और छापेमारी की। इस युवक मकान से थैला लेकर बाहर निकल रहा था। पुलिस को देखते ही वो थैला फेंककर भागने लगा। पुलिस को शक हुआ और उसे पकड़ा। जिसके बाद पूरे मकान की तलाशी ली गई। मामला इशाकचक थाना क्षेत्र के बरहेपुरा उत्तर टोला का है।

**गिरफ्तार युवक ने 6 साल पहले मकान बनाया था:** तलाशी के दौरान घर से बड़ी मात्रा में नशीली कफ सिरप बरामद की गई। पुलिस के अनुसार करीब 20 कार्टन कफ सिरप बरामद हुआ है। बरामद सिरप को पिकअप से थाना लाया गया, जहां पुलिस टीम उसकी गिनती और जांच में जुटी हुई है। मौके से एक युवक को हिरासत में लिया गया है, जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार हिरासत में लिया गया युवक तातारपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है।

## पुरानी रंजिश में घर पर हमला, हवाई फायरिंग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**बांका।** बांका जिले के रजौन थाना क्षेत्र के भाट कोरामा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक घर पर हथियारबंद लोगों ने हमला कर हवाई फायरिंग की। इस घटना से गांव में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने घटनास्थल से दो खाली कारतूस बरामद किए हैं। भाट कोरामा गांव निवासी भुवनेश्वर यादव की पत्नी गौरी देवी ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि 3 मार्च की देर शाम उनके गांव के साथ-साथ सुजालकोरामा और दयालपुर गांव के करीब 12 लोग हथियार, पिस्तौल और राइफल लेकर उनके घर पहुंचे। आरोप है कि सभी ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी।

**ट्रांसफार्मर से गांव की काटी बिजली:** फायरिंग के दौरान आरोपियों ने बिजली ट्रांसफार्मर से गांव की बिजली काट दी, जिससे चारों ओर अंधेरा छा गया। पीड़िता के अनुसार, इसके बाद सभी लोग उनके घर में घुस गए और उनके वस्त्र फाड़कर अभद्र व्यवहार करने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने घर पर ईंट-पत्थर से हमला कर दिया, जिससे घर का अल्बेस्टर क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़िता ने यह भी बताया कि हमले के दौरान उनके गले का आभूषण भी छीन लिया गया। आरोप है कि ब्रजेश यादव और जयकांत यादव राइफल से फायरिंग करते हुए लोगों को धमका रहे थे कि किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

**पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी फरार:** हालांकि, गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ और लोग बाल-बाल बच गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सभी आरोपी फरार हो चुके थे। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा (खाली कारतूस) बरामद किए हैं। पीड़िता ने अपनी सुरक्षा की गुहार लगाते हुए पुलिस को आवेदन दिया है। थाना अध्यक्ष राज रतन ने बताया कि दोनों पक्षों द्वारा आवेदन दिए गए हैं। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## सुल्तानगंज में रिटायर्ड कर्मी से 20 हजार की छिनतई

- भागलपुर में कपड़े की दुकान में ग्राहक बन कर पहुंचे थे बदमाश, सीसीटीवी में वारदात कैद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**भागलपुर।** भागलपुर के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र में एक कपड़े की दुकान में खरीदारी कर रहे एक सेवानिवृत्त रेलवे कर्मी से 20 हजार रुपये छीन लिए गए। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सूचना मिलने पर सुल्तानगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित बुजुर्ग की पहचान सुल्तानगंज के महेशी पैन निवासी श्याम रजक के रूप में हुई है, जो रेलवे से सेवानिवृत्त कर्मी हैं। शुक्रवार को उन्होंने सुल्तानगंज स्थित एसबीआई बैंक से 20 हजार रुपये निकाले थे। बैंक से पैसे निकालने के बाद वे आत्मा बाजार स्थित जीवन वस्त्रालय नामक कपड़े की दुकान पर धोती-कुर्ता खरीदने पहुंचे थे।

**दो उचक्के भी ग्राहक बनकर पहुंचे:** दुकान में खरीदारी के दौरान दो उचक्के भी ग्राहक बनकर वहां पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक बदमाश दुकान में खड़ा होकर ग्राहक बनने का नाटक करता रहा, जबकि दूसरा पास में बैठा था। दोनों कुछ देर तक मौके की तलाश करते रहे। जैसे ही बुजुर्ग खरीदारी में व्यस्त हुए, मौका पाकर एक उचक्के ने उनकी जेब से 20 हजार रुपये निकाल लिए। इसके बाद दोनों तेजी से वहां से फरार हो गए। घटना का अंदाजा लगते ही वृद्ध श्याम रजक ने शोर मचाया और बदमाशों का कुछ दूर तक पीछा भी किया, लेकिन तब तक वे भीड़ का फायदा उठाकर भाग चुके थे। आशंका जताई जा रही है कि बदमाशों ने बैंक से ही बुजुर्ग की रेकी की होगी और उनका पीछा करते हुए बाजार तक पहुंचे। सुल्तानगंज थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि उन्हें कपड़े की दुकान में खरीदारी के दौरान एक बुजुर्ग के पॉकेट से पैसे निकालकर भागने की सूचना मिली है। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान कर जल्द ही उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


# प्रेमिका से मिलने पहुंचे 3 लोगों को मारी गोली

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में प्रेमिका से मिलने पहुंचे एक युवक और उसके दो दोस्तों को लड़की के परिजनों ने पकड़ लिया और उन्हें घर से दूर ले जाकर गोली मार कर हत्या कर दी। इस घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की जानकारी एसपी प्रेरणा कुमार ने दी है। घायल युवक का इलाज फिलहाल पटना के पीएमसीएच में चल रहा है। घटना, नवगछिया के परवत्ता थाना क्षेत्र स्थित कलबलिया धार के पास की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच टीम का गठन किया है और दो मुख्य आरोपी को अरेस्ट कर लिया है।

**जानिए हत्या के पीछे की पूरी कहानी क्या है:** पुलिस जांच में ये बात सामने आई है कि खगड़िया के पसरहा थाना क्षेत्र के रहने वाले अंजेश कुमार का नवगछिया इलाके की एक युवती से प्रेम संबंध था। युवती का ससुराल अंजेश के दोस्त नीरज कुमार के इलाके में पड़ता है, इसी कारण दोनों के बीच जान-पहचान हुई और धीरे-धीरे यह संबंध प्रेम में बदल गया। होली के दिन अंजेश कुमार अपने दो दोस्तों गुलशन कुमार और नीरज कुमार के साथ युवती से मिलने उसके घर पहुंचा था। अंजेश घर के अंदर जाकर अपनी प्रेमिका से मिलने लगा, जबकि उसके दोनों दोस्त बाहर खड़े होकर नजर रख रहे ,थे ताकि किसी को इसकी भनक न लगे। लेकिन इसी दौरान युवती के परिवार वालों को इस बात की जानकारी मिल गई।

**तीनों को घर से दूर ले जाकर मारी गोली:** परिजन अचानक घर पहुंचे तो उन्होंने युवक और युवती को एक साथ देख लिया। यह देखकर परिवार के लोग काफी नाराज और गुस्सा हो गए। युवती के परिजनों ने मौके पर मौजूद तीनों युवकों को पकड़ लिया। इसके बाद उन्हें जबरन घर से करीब तीन किलोमीटर दूर कलबलिया धार के पास ले जाया गया। वहां आधा दर्जन से अधिक लोगों ने मिलकर तीनों युवकों को गोली मार दी। गोली लगने से गुलशन कुमार और नीरज कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि प्रेमी अंजेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को छिपाने के लिए आरोपियों ने दोनों मृतकों के शव को नदी किनारे फेंक दिया और वहां से फरार हो गए। गोली लगने के बावजूद घायल अंजेश कुमार किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से निकल गए। गंभीर हालत में वह नवगछिया के तेतरी मंदिर के पास पहुंचा और लोगों से मदद मांगी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी।



नीरज कुमार
मृतक



गुलशन कुमार
मृतक



**सड़क किनारे मिली थी दोस्तों की लाश:** सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को तुरंत इलाज के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल भेजा गया। मायागंज अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच रेफर कर दिया। इधर, घटना के बाद इलाके में लगातार खोजबीन की जा रही थी।

# नौ मार्च को लगेगा रोजगार मेला

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय के युवाओं के लिए रोजगार का मौका है। जिला नियोजन कार्यालय की ओर से 9 मार्च को एक दिवसीय विशेष रोजगार कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में देश की 9 प्रतिष्ठित निजी कंपनियां शामिल होंगी, जो 500 से अधिक पदों पर सीधी भर्ती करेंगी। जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेश ने बताया कि यह विशेष रोजगार कैंप पन्हांस चौक के पास आईटीआई कैंपस के संयुक्त श्रम भवन में आयोजित होगा। भर्ती की प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगी। रोजगार मेला में तकनीकी और गैर-तकनीकी दोनों क्षेत्रों के लिए अवसर हैं।

**किस कंपनी में कितनी होंगी बहालियां और वेतन:** PB Partners (पॉलिसी बाजार) में रिलेशनशिप मैनेजर (SR/Asst) के 15 पद पर ग्रेजुएशन और MBA पास 20 से 40 वर्ष के युवाओं की बहाली होगी। वेतन 25 से 40 हजार तक मिलेगा। SIS Limited में गार्ड, सुपरवाइजर, कस्टोडियन के 60 पदों पर 10वीं-12वीं पास युवाओं की बहाली होगी। वेतन 10 से 25 हजार मिलेगा। Manpower Group में असेंबली औल लाइन ऑपरेटर के 140 पदों पर 10वीं, 12वीं, ITI और डिप्लोमा पास युवाओं की बहाली होगी। वेतन 17022 से 19665 रुपए तक मिलेगा। Blinkit में पिकर और पैकर के पद पर 10वीं पास युवाओं की 50 पदों पर बहाली होगी। वेतन 14 हजार से 19 हजार तक मिलेगा। Fusion Finance में रिलेशनशिप ऑफिसर के 50 पद पर 12वीं पास युवाओं की बहाली होगी। इसमें वेतन 11500 रुपया के अलावा अन्य भत्ता भी दिया जाएगा। Welspun में ट्रेनी, हेल्पर और ऑपरेटर के 150 पदों पर बहाली होगी जिसमें 8वीं, BA और ITI पास युवा शामिल हो सकते हैं। वेतन 13500 से 25 हजार रुपए तक मिलेगा। इसके अलावा Motherson, VISPL (MRF, Schneider, Jaya Hind) और Satya Microcapital जैसी कंपनियां भी 300 पदों पर भर्ती के लिए मौजूद रहेगी। इसमें मैट्रिक से लेकर ग्रेजुएशन और ITI पास युवा भाग ले सकते हैं। अलग-अलग कंपनियों का जॉब लोकेशन भी अलग है। इसमें बिहार के अलावा दिल्ली, महाराष्ट्र सहित कई लोकेशन हैं।

**कैंप में एंट्री फ्री होगी:** जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि कैंप में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क है। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने साथ अपडेटेड बायोडाटा, सभी शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की छायाप्रति और पासपोर्ट साइज फोटो लेकर आना है। आवेदक को NCS पोर्टल www.ncs.gov.in पर रजिस्टर्ड होना जरूरी है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: जीएसयू-इलेक्ट-एएसएन-2025-04-आर2, दिनांक 05.03.2026;** डेपुटी सीपीएम/विद्युत/जीएसयू/आसनसोल, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए विद्युत ठेकेदारी का वैध लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस रखने वाले तथा नीचे उल्लेखित कार्य को वित्तीय रूप से सम्पन्न करने में सक्षम अपेक्षित निविदादाताओं से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा केस सं.:** जीएसयू-इलेक्ट-एएसएन-2025-04-आर2; **कार्य का नाम:** गति शक्ति इकाई, आसनसोल के अधिकार क्षेत्र के अधीन अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत सिमुलतला, देवघर, दुमका, विद्यासागर, जामताड़ा, कुमारडुबी, मधुपुर, गिरिडीह, बासुकीनाथ, अंडाल, सिउड़ी, पांडवेश्वर, सीतारामपुर, पानागढ़, शंकरपुर स्टेशनों में अग्रभाग प्रकाश व्यवस्था (वॉल/हैंगिंग/फ्लोर माउंटिंग टाइप एलईडी आलोकित साइन की डिजाइन, निर्माण, प्रदर्शन, स्थापना/साथ में वायरिंग एवं आनुषंगिक कार्य) में सुधार के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,94,97,656.38; **बयाना राशि:** रु. 2,47,500; **कार्य समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 09 (नौ) महीने। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तारीख से 45 दिन। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 01.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। (ASN-382/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 296_2025-26, दिनांक 04.03.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा **सीनि. डीईएन/सी/हावड़ा** के अधीन नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का विवरण:** वरिष्ठ मंडल अभियंता (को-ऑर्डिनेशन)/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के किसी भी स्थान पर/अन्य मंडल में ट्रेलर के प्रयोग द्वारा सभी प्रकार की पी. वे सामग्रियों यानी रेल, स्विच, क्रॉसिंग इत्यादि तथा ट्रक के प्रयोग द्वारा ईआरसी, बोल्टों एवं नटों, बीयरिंग प्लेटों तथा अन्य पी. वे सामग्रियों तथा ट्रैक मशीन के पुर्जो यानी कॉनवेयर बेल्टों, कटर, चेनों, वीयर प्लेटों, फिल्टरों, वॉल्वों, सिलिंडिरों, बैटरियों, पम्पों, मोटर इत्यादि के परिवहन के साथ साइट के अभियंता के निर्देश पर 30 मी की लीड के भीतर मल्टीपल ट्रैकों की सभी लीड, लिफ्ट के साथ यांत्रिक लोडिंग, अनलोडिंग तथा ढेरी लगाना, पृथकीकरण इत्यादि। **अनुमानित लागत**: रु. 5,03,77,737.25; **बयाना राशि:** रु. 4,01,900; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** 09 महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, चूंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 27.03.2026 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-676/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार सरकार

**समाहरणालय औरंगाबाद**

(जिला राजस्व शाखा)

**सैरात बन्दोवस्ती की अल्पकालीन आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए निम्नांकित सैरात की बन्दोवस्ती की कार्रवाई अद्योहस्ताक्षरी के उपस्थिति में निम्नांकित तिथि को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में की जायेगी।

| क्र0 | सैरात का नाम | अंचल का नाम | सुरक्षित जमा राशि रूपये में | जमानत की राशि (सुरक्षित जमा राशि का 25% प्रतिशत) | प्रथम तिथि एवं समय | द्वितीय तिथि एवं समय | तृतीय तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | देव चैती छठ मेला–2026 | देव | 7,46,294 / – | 1,86,574 / – | 10.03.2026 11:30 बजे पूर्वाह्न | 13.03.2026 11:30 बजे पूर्वाह्न | 16.03.2026 11:30 बजे पूर्वाह्न |

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उक्त तिथि को निम्नलिखित शर्तों एवं बंधेजों के आधार पर बंदोवस्ती की कार्रवाई की जायेगी।

बंदोबस्ती की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 025679 ( Revenue ) 2025-26

समाहर्त्ता, औरंगाबाद

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बिहार सरकार

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**
**(आवश्यक सूचना)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–2044 दिनांक–28.11.2025 द्वारा निर्गत ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0–09 / 2025–26 "**व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में टॉयलेट कॉम्पलेक्स का निर्माण कार्य**" जिसका PR N0-018829 (BCD) 2025-26 esa Shivpujan Kumar Singh एवं Baba Barfani Enterprises के द्वारा परिमाण विपत्र में अंकित दर एक समान होने के कारण अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गयाजी के पत्रांक–134 दिनांक–20.01.2026 के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में **दिनांक–12.03.2026 को 11:30** बजे अपराह्न में **भवन प्रमंडल, औरंगाबाद के कार्यालय** में लॉटरी की तिथि निर्धारित की जाती है।

अतः आप दोनो निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि स्वयं अथवा आपके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति ससमय लॉटरी में भाग लेना सुनिश्चित करें, अन्यथा बाद में कोई दावा मान्य नही होगा।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.025503 (BCD) 2025-26

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।

# संक्षिप्त समाचार

## ट्रेन हादसे का शिकार हुए युवक की हुई पहचान

**आरा**। दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर सिकरिया हॉल्ट के समीप रविवार की शाम ट्रेन की चपेट में आने से जान गंवाने वाले युवक की शिनाख्त कर ली गई है। मृतक की पहचान बिहिया थाना क्षेत्र के बगही गांव वार्ड-2 निवासी सफीक खान उर्फ बबलू खान के 22 वर्षीय पुत्र अमन खान के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की शाम सिकरिया हॉल्ट के पास एक युवक ट्रेन से गिर गया था, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। कोई दस्तावेज न होने के कारण रेल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अज्ञात के रूप में आरा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक के पिता सफीक खान ने बताया कि अमन रविवार की सुबह करीब 10 बजे घर पर नाश्ता करने के बाद बिना किसी को कुछ बताए घर से निकला था।

## हथियार लहराकर दहशत फैला रहा युवक गिरफ्तार

**आरा**। नवादा थाना की पुलिस ने मौलाबाग, ईदगाह के पूर्वी गली से एक युवक को अवैध हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया युवक सार्वजनिक स्थान पर हथियार लहराकर स्थानीय लोगों के बीच अपना दबदबा और खौफ पैदा करने की कोशिश कर रहा था। भोजपुर एसपी राज ने बताया कि पुलिस को सटीक सूचना मिली थी कि नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग, ईदगाह के पूर्वी गली में एक युवक अवैध हथियार का प्रदर्शन कर रहा है। वह सरेआम पिस्टल दिखाकर इलाके में दहशत का माहौल बनाने के प्रयास में था। पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए बताए गए स्थान पर दबिश दी। पुलिस को अपनी ओर आता देख आरोपी ने भागने की कोशिश की लेकिन उसे मौके पर ही दबोच लिया गया।

## बाइक से गिरकर दो युवक घायल

**कोईलवर**। आरा-छपरा फोरलेन पर छोटका चंदा गांव के समीप बने ऊंचे ब्रेकर के पास बुधवार की देर रात एक बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे उस पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद कुछ देर के लिए वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को संभाला और तत्काल पुलिस को सूचना दी। बताया जाता है कि दोनों युवक बबुरा की ओर से बाइक से कोईलवर की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान छोटका चंदा गांव के समीप बने ब्रेकर के पास अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। गिरने के कारण दोनों को शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए कोईलवर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की गम्भीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों की पहचान चांदी थाना क्षेत्र के भैरव टोला निवासी रोहित कुमार तथा पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के केननपुर निवासी गुड्डू कुमार के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही दोनों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। स्थानीय लोगों के अनुसार फोरलेन पर चंदा गांव के समीप बना यह ब्रेकर काफी ऊंचा है, जिसके कारण वाहन चालकों को अक्सर परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार अचानक ब्रेकर आने से वाहन अनियंत्रित हो जाते हैं और दुर्घटनाएं हो जाती हैं। बुधवार की रात हुई इस घटना के बाद भी कुछ देर तक वहां लोगों की भीड़ लगी रही।

## गैधरा गांव से 232.775 लीटर शराब जब्त

**बक्सर**। राजपुर थाना क्षेत्र के गैधरा गांव में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में शराब बरामद की है। होली पर्व को देखते हुए की गई छापेमारी के दौरान पुलिस ने 232.775 लीटर देशी व विदेशी शराब बरामद किया। हालांकि इस दौरान शराब तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहा। राजपुर थानाध्यक्ष निवास कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गैधरा गांव में एक घर में होली के अवसर पर बिक्री के लिए बड़ी मात्रा में शराब छिपाकर रखी गई है।

## प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश देता है होली का त्योहार: चौबे

**बक्सर**। शांति नगर सेवा बस्ती स्थित सभी शिक्षा केंद्रों पर हर्षोल्लास के साथ होली का त्योहार मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच मिठाई, रंग-अबीर तथा शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों के साथ त्योहार की खुशियां साझा करना और उनमें उत्साह एवं आत्मविश्वास का संचार करना था। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं और होली के पारंपरिक गीतों से वातावरण को रंगमय बना दिया। आयोजन में स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं समाजसेवियों की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर राजकुमार चौबे ने कहा कि होली का पर्व समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि होली की खुशियां समाज के सबसे अंतिम पायदान तक पहुंचनी चाहिए।

## निमेज में हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ

**ब्रह्मपुर**। प्रखंड के निमेज गांव में नव निर्मित हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ गुरुवार को जलभरी के साथ भव्य रूप से हुआ। सुबह श्रद्धालु महिलाओं और पुरुषों ने कलश में पवित्र जल भरकर गांव में गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली। यज्ञ आयोजन समिति के अनुसार 6 मार्च को पंचांग वेदी पूजन किया जाएगा, जबकि 9 मार्च को हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी। 10 मार्च को पूर्णाहुति तथा 11 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है, जिसमें आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन वृंदावन से पधारे संत जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी अनंताचार्य जी महाराज का प्रवचन होगा। उनके श्रीमुख से भक्तों को राम कथा एवं सनातन धर्म के उपदेश सुनने का अवसर मिलेगा। आयोजन समिति ने बताया कि इस महायज्ञ में सुप्रसिद्ध संत जीयर स्वामी भी सोमवार को पधार रहे हैं, जिनके आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। महायज्ञ के शुभारंभ के साथ ही पूरे निमेज गांव में धार्मिक माहौल बना हुआ है।

## छुटे चिह्नित व्यक्तियों को मॉप अप राउंड में खिलाई जा रही दवा

**बक्सर**। जिले में फाईलेरिया को नियंत्रित एवं उन्मूलन के लिए एमडीए कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान चिन्हित लोगों को घर घर जाकर फाईलेरिया की दवा खिलाई गयी। जिले में माइक्रोप्लान के अनुसार कार्यक्रम को आच्छादित किया गया। छुटे हुए क्षेत्र और दवा सेवन से इंकार करने वाले लोगों को दवा खिलाने के लिए जिला सहित 34 जिलों में 5 मार्च से 13 मार्च तक मॉप अप राउंड चलाया जा रहा है। इस बाबत कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार अमित कुमार पांडेय ने एमडीए संचालित 34 जिलों के सिविल सर्जन को पत्र जारी आवश्यक निर्देश दिया है। ज्ञातव्य हो कि 10 फरवरी से 28 फरवरी तक सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम जिला सहित राज्य के 34 जिलों में चलाया गया। स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला में 14 दिन घर-घर जाकर एवं 3 दिन स्कूलों में बूथ लगाकर फ़ाइलेरियारोधी दवा खिलाई गयी है। जारी पत्र में बताया गया है कि कार्यक्रम अंतर्गत शत-प्रतिशत आच्छादन की प्राप्ति के लिए ऐसे क्षेत्र जहाँ अभी तक दवा नहीं खिलाई गयी है, सामूहिक स्तर पर दवा सेवन से इंकार अथवा बचे हुए लोगों को दवा खिलाने के लिए मॉप अप राउंड चलाया जाएगा। विदित हो कि जिलों का आच्छादन आईएचआईपी के अनुसार लगभग 95% तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन के मॉनिटरिंग प्रतिवेदन के आधार पर 85% से अधिक होना चाहिए।

# नीतीश कुमार के राज्यसभा नामांकन पर सियासत तेज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा नामांकन दाखिल करने के बाद राज्य की राजनीति में बयानबाजी तेज हो गई है। बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर नीतीश कुमार को शुभकामनाएं दीं, लेकिन साथ ही उनकी कई नीतियों पर सवाल भी उठाए। सांसद सुधाकर सिंह ने अपने पोस्ट में कहा कि बिहार के विकास के मुद्दों पर उनका और नीतीश कुमार का हमेशा मतभेद रहा है। उन्होंने नीतीश कुमार के कई फैसलों का खुलकर विरोध किया है। सिंह के अनुसार, इन नीतियों का खामियाजा बिहार की जनता, विशेषकर किसानों और युवाओं को भुगतना पड़ा है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राजनीतिक असहमति के बावजूद नीतीश कुमार के प्रति उनकी व्यक्तिगत संवेदनाएं हमेशा रही हैं। सिंह ने अपने पोस्ट में यह भी उल्लेख किया कि जब वे दिल्ली में रहते थे, तब नीतीश कुमार उनके लिए 'लोकल गार्जियन' की तरह थे।

**दबाव राज्यसभा जाने का लिया फैसला**: उन्होंने कहा कि आज नीतीश कुमार के राजनीतिक जीवन के इस मोड़ को देखकर उनके मन में कई भाव आ रहे हैं। सिंह ने यह भी संकेत दिया कि राज्यसभा जाना भले ही व्यक्तिगत निर्णय बताया जा रहा हो, लेकिन बिहार की राजनीति के जानकार मानते हैं कि इसके पीछे कुछ दबाव भी हो सकता है। सुधाकर सिंह ने 2006 में बिहार की कृषि मंडियों को समाप्त करने के फैसले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस निर्णय ने बिहार के किसानों को बाजार से बेदखल कर दिया, जिसके कारण आज भी किसान अपनी उपज का उचित मूल्य पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

**सत्ता हस्तांतरण का चल रहा प्रयास**: इस बीच, भाकपा माले के नेता और डुमरांव के पूर्व विधायक अजीत सिंह कुशवाहा ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि बिहार में शांतिपूर्ण तरीके से सत्ता हस्तांतरण का प्रयास चल रहा है। कुशवाहा के अनुसार, जो कुछ हो रहा है, वह केवल नीतीश कुमार की इच्छा नहीं लगती, बल्कि इसके पीछे कुछ मजबूरियां भी हो सकती हैं। नीतीश कुमार के राज्यसभा नामांकन के बाद बिहार की राजनीति में इसे लेकर चर्चाओं और कयासों का दौर तेज हो गया है।

## सिगरेट के पैसे मांगे तो मारी गोली



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर में मंगलवार को बदमाशों ने किराना दुकान में बैठे युवक को गोली मारी थी। मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई है। घायल आदर्श कुमार के बयान पर बड़का डुमरा गांव निवासी आकाश उर्फ छोटू उर्फ पोछि और उज्ज्वल कुमार नामक 2 सगे भाइयों के खिलाफ एफआईआर हुई है। गोली के पेट के बाएं भाग में लगी है। आरोप है कि दुकान पर सिगरेट लेने आए थे। सिगरेट का पैसा मांगने पर दोनों ने उसे गोली मार दी। घटा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भेल डुमरा गांव की है।

**गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापेमारी**: जख्मी युवक मूल रूप से तरारी थाना क्षेत्र के सेदहा गांव निवासी धनंजय सिंह का 25 वर्षीय बेटा आदर्श कुमार है। पिता का नवादा थाना क्षेत्र के नवादा में अपना मकान है, लेकिन वह बचपन से ही मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भेल डुमरा गांव अपने ननिहाल में रहता है। जख्मी युवक के नाना राजा राम सिंह ने बताया था कि मैं अपने आटा मिल में था और बगल में ही बेटे की किराना दुकान है। आदर्श के मामा घर खाना खाने के लिए गए थे। आदर्श को दुकान पर बैठने के लिए कहा था। इसी बीच 2 लोग आए और आदर्श से सिगरेट मांगा, जब मांगे तो गोली मार दी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लगातार छापेमारी कर रही है।

## फायरिंग करने वाले 3 की गिरफ्तारी



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर में बुधवार की रात जमीन विवाद में एक युवक को गोली मारी गई थी। जिसमें 3 के खिलाफ नामजद एफआईआर हुई है। पुलिस ने गौरा गांव निवासी रविरंजन ठाकुर, इसी गांव के निवासी हरेराम के बेटे विशाल ठाकुर और कृष्णा ठाकुर को गिरफ्तार किया है। जख्मी युवक बहोरनपुर थाना क्षेत्र के गौरा गांव वार्ड नंबर-4 निवासी अखिलेश ठाकुर (34) है। जख्मी युवक को गोली बाएं हाथ में में लगी थी। निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अखिलेश ठाकुर ने बताया गांव के निरंजन ठाकुर से 9 डिसमिल जमीन को लेकर करीब एक साल से विवाद चल रहा है और इसका केस जगदीशपुर कोर्ट में चल रहा है। उसी विवाद को लेकर निरंजन ठाकुर ने कई बार धमकी भी दी है। मामला बहोरनपुर थाना क्षेत्र के गौरा गांव का है।

**होली मिलन समारोह के बाद हमला**: अखिलेश ने कहा कि कई बार थाना में आवेदन भी दिया है। बुधवार की रात घर पर होली मिलन समारोह था। होली मिलन समारोह खत्म होने के बाद जब मैं अपने घर के दरवाजे पर बैठा हुआ था। तभी वह आया और गोली मार दी।

# पुलिस पर बदमाशों का हमला, दो जवान घायल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र स्थित जवही दियर पुलिस पिकेट पर तैनात दो पुलिसकर्मियों पर बदमाशों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह घटना 2 मार्च की दोपहर करीब 3:30 बजे हुई। हमले का एक वीडियो 5 मार्च को सामने आया है, जिसमें पांच-छह लोग दो पुलिसकर्मियों की पिटाई करते दिख रहे हैं। पिकेट पर तैनात हवलदार रामप्यारे पासवान और सिपाही रौशन कुमार गश्त के दौरान पास की अशोक चौबे की किराना दुकान पर सामान लेने गए थे। जब दोनों पुलिसकर्मी सामान खरीदकर पिकेट की ओर लौट रहे थे, तभी रास्ते में तीन मोटरसाइकिलों पर सवार आठ-नौ बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि बदमाश हाल ही में पुलिस द्वारा की गई शराब पकड़ने की कार्रवाई से नाराज थे। इसी बात को लेकर उन्होंने दोनों पुलिसकर्मियों को जान से मारने की धमकी दी और लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

**हमलावरों ने लात-घूंसों से पीटा**: हमले में सिपाही रौशन कुमार के सिर में गंभीर चोट लगी और वे लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। हवलदार रामप्यारे पासवान को भी अंदरूनी चोटें आईं। हमलावरों ने दोनों को जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से भी पीटा। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया, जिसके बाद हमलावर वहां से फरार हो गए। पीड़ितों के अनुसार, मारपीट के दौरान बदमाशों ने दोनों पुलिसकर्मियों के मोबाइल फोन भी छीन लिए।

**पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार**: घटना के दौरान मौजूद एक ग्रामीण ने पूरी वारदात का वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जिसे बाद में पिकेट पर तैनात सिपाही धीरज कुमार को सौंप दिया गया। वीडियो फुटेज और स्थानीय चौकीदार की पहचान के आधार पर पांच आरोपियों की पहचान की गई है, जबकि चार अन्य अभी भी अज्ञात हैं। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। घायल दोनों पुलिसकर्मियों को तुरंत ब्रह्मपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों के अनुसार, सिपाही रौशन कुमार के सिर में गहरी चोट है, जबकि हवलदार को भी अंदरूनी चोटें आई हैं। फिलहाल दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

**ब्रह्मपुर थाना में दिया था लिखित आवेदन**: इस मामले में 3 मार्च को हवलदार रामप्यारे पासवान ने ब्रह्मपुर थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। कार्रवाई करते हुए ब्रह्मपुर थाना की प्रभारी थानाध्यक्ष अंशु कुमारी ने बताया कि घटना में शामिल गोपाल कुंवर को आज गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अन्य नामजद और अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस का कहना है कि पुलिसकर्मियों पर हमला किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

# गोरिया करके सिंगार अंगना में पिसेली हरदिया....समेत अन्य गीतों की प्रस्तुति दी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। होली का त्यौहार परम्परागत तरीके से मनाया गया। कही मटका फोड़ का आयोजन, कही से निकली जोगीड़ो की टोली, तो कही होली गीतों पर झूमते दिखे लोग। कई जगह होली मिलन समारोह भी हुआ। इस दौरान बच्चो ने पिचकारी से लोगो को रंगो से खूब शराबोर किया। कई आला अधिकारी भी होली के रंगो में शराबोर हुए। युवा-युवतियो ने भी अपने सहपाठियों के संग होली का खूब आनंद लिया। नवादा चौक समेत कई चौक-चौराहो पर मटका फोड़ होली का लोगो ने आनंद लिया। जिधर देखो उधर होली खेले रघुवीरा।..., होली आई रे कन्हाई..., रंग बरसे भींगे चुनर वाली समेत कई होली गीत बजते रहे। हलाकि इस बार भोजपुरी होली गीत बहुत कम ही बजे। प्रशासन की सख्ती के कारण अश्लील गीत से लोगो ने परहेज किया। बुधवार की शाम युवा, युवती, बच्चे के अलावे बुजुर्ग ने भी एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी और बड़ो का आशीर्वाद लिया। इस दौरान प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त दिखी। पुलिसकर्मी पुरे शहर में गस्त करते देखे गए। इस बार कुर्ता-फाड़ होली का प्रचलन भी देखा गया। जोगीड़ो की टोली में रंगो से शराबोर युवा एक दूसरे के कपड़े फाड़ दिए और खुद के साथ-साथ अपने सहपाठयो संग पुरे शहर में अर्धनग्न घूमते देखे गए। मौके पर पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भवेश, नगर आयुक्त अंजू कुमारी, पूर्व एसीएमओ डॉ. केएन सिन्हा, रिटायर कर्नल राणा प्रताप सिंह, आदित्य विजय जैन, सिपी जैन,सीता देवी, अमरेंद्र कुमार चौबे, दीपक कुमार अकेला, आलोक अंजन, सम्राट सक्सेना, डॉ विकास सिंह कृष्ण बिहारी यादव, अधिवक्ता सुरेश प्रसाद, भानु दुबे, डॉ. विकास कुमार, मंटू सिंह, राजीव रंजन, अभिजीत आनंद, प्रतिक राज, सन्नी शाहाबादी, अनिल कुमार, आजाद श्रीवास्तव, आदित्य सिंह,भोला शर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से हमला



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भोजपुर**। आरा शहर के टाउन थाना क्षेत्र के शीतल टोला मोहल्ले में एक दिन पहले झगड़ा हुआ था। विवाद को लेकर युवक को चाकू मार दी गई। जख्मी युवक को चाकू बाएं हाथ, सिर और दाहिने साइड गर्दन में लगी है। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इलाज के लिए उसे आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक टाउन थाना क्षेत्र के शीतल टोला मोहल्ला निवासी परमेश्वर प्रसाद का 26 वर्षीय बेटा निकेश कुमार है।

**मोहल्ले में 3 पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था**: घटना की सूचना पर स्थानीय थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर, निकेश कुमार ने बताया कि बुधवार को उसके मोहल्ले में 3 पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था। उस समय मैं भी वहां पर खड़ा था। हालांकि बुधवार को बात खत्म हो गई थी। जब मैं अपने घर के बाहर गली में खड़ा था। तभी दूसरे पक्ष के लोग आए और मुझे पहले पक्ष का लड़का समझ लिया।

## 1.18 लाख मीट्रिक टन धान की अधिप्राप्ति


सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। जिले में धान अधिप्राप्ति और उससे जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिला टास्क फोर्स (खाद्यापूर्ति) की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने की। इसमें खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान खरीद, सीएमआर तैयार करने और उसकी आपूर्ति की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि जिले के 196 पैक्स और 9 व्यापार मंडलों के माध्यम से अब तक 205 किसानों से धान की खरीद की जा चुकी है। साथ ही इन सभी किसानों को सीएमआर के विरुद्ध क्रेडिट की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। अधिकारियों के अनुसार अब तक कुल 1,18,592.159 मीट्रिक टन धान की अधिप्राप्ति की गई है। इसके विरुद्ध 81,449.09 मीट्रिक टन समतुल्य सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) तैयार किया जा चुका है, जो 2809 लॉट में है। वहीं तैयार सीएमआर में से 29,986 मीट्रिक टन यानी 1034 लॉट राज्य खाद्य निगम को आपूर्ति की जा चुकी है, जो कुल तैयार सीएमआर का लगभग 36.82 प्रतिशत है। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि धान बेचने वाले किसानों को 48 घंटे के भीतर शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि धान अधिप्राप्ति से जुड़े सभी कार्यों में पारदर्शिता और तेजी बनाए रखें। इसके अलावा जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम भोजपुर को निर्देश दिया गया कि भारतीय खाद्य निगम और केंद्रीय भंडारण निगम के गोदामों में सीएमआर के सुचारू उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। धान अधिप्राप्ति का भुगतान समय पर नहीं मिलने से किसानों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है। पैसे की कमी से फसल की बुवाई प्रभावित हो सकती है और कई किसान मजबूरी में धान बिचौलियों को कम दाम पर बेच सकते हैं। इससे कर्ज का बोझ, मानसिक तनाव और किसानों में असंतोष बढ़ सकता है।

## 09 मार्च तक मौसम साफ और शुष्क, अधिकतम तापमान 32-34 डिग्री

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। जिले में 09 मार्च तक मौसम साफ और शुष्क रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 17 से 19 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। इस दौरान सुबह में 60-65 प्रतिशत तथा दोपहर में 20-25 प्रतिशत तक आर्द्रता रहने की संभावना है। 2 से 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। यह जानकारी बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर की ग्रामीण कृषि मौसम सेवा द्वारा जारी मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान में दी गई है। भोजपुर जिले के कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को फसलों की देखभाल के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए हैं। कृषि वैज्ञानिक डॉ पीके द्विवेदी ने कहा कि अभी बोई गई गेहूं की फसल में दाना बनने और दूध भरने की अवस्था चल रही है, इसलिए किसानों को इस समय विशेष रूप से सिंचाई पर ध्यान देना चाहिए। नमी की कमी से उत्पादन पर असर पड़ सकता है। वैज्ञानिकों ने बसंतकालीन मक्का की बुवाई की सलाह देते हुए कहा है कि खेत की अच्छी तैयारी कर प्रति हेक्टेयर 15-20 टन गोबर की खाद के साथ 40 किलोग्राम नत्रजन, 40 किलोग्राम फास्फोरस और 30 किलोग्राम पोटाश का प्रयोग करें। बीज दर 20 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर रखें तथा बीज को उपचारित कर ही बोआई करें। सफल गर्भाधान के लिए संतुलित आहार, हरा चारा जरूरी पशुपालकों को भी सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। ठंड कम होने के बाद गाय और भैंसों में गर्मी आने की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए सफल गर्भाधान के लिए संतुलित आहार, हरा चारा और प्रतिदिन मिनरल मिक्सचर देने की सलाह दी गई है। साथ ही खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव के लिए पशुओं का समय पर टीकाकरण कराने को कहा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### होली के बाद बिहटा स्टेशन पर यात्रियों की उमड़ी भीड़, मेमू पैसेंजर ट्रेन में खचाखच भीड़



**बिहटा, पटना।** होली पर्व की समाप्ति के बाद कामकाज और पढ़ाई के लिए लौटने वाले यात्रियों की भारी भीड़ शुक्रवार को दोपहर करीब 3 बजकर 30 मिनट पर बिहटा रेलवे स्टेशन पर देखने को मिली। दानापुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले इस स्टेशन पर अचानक यात्रियों की संख्या बढ़ जाने से प्लेटफॉर्म पर काफी भीड़भाड़ का माहौल बन गया। खासकर 63234 डाउन पटना–दीनदयाल उपाध्याय मेमू पैसेंजर ट्रेन में यात्रियों की अत्यधिक भीड़ देखी गई। होली मनाने के लिए अपने-अपने गांव और घरों में आए लोग पर्व समाप्त होते ही वापस पटना और अन्य शहरों की ओर लौटने लगे, जिससे स्टेशन पर यात्रियों का दबाव बढ़ गया। ट्रेन के स्टेशन पर पहुंचते ही यात्री जल्द से जल्द डिब्बों में चढ़ने की कोशिश करने लगे। इस दौरान कुछ देर के लिए अफरातफरी जैसी स्थिति बन गई। अधिकांश डिब्बे यात्रियों से पूरी तरह भर गए, जिसके कारण कई लोगों को खड़े होकर यात्रा करनी पड़ी। प्लेटफॉर्म पर भी यात्रियों की लंबी कतारें लगी रहीं और लोग ट्रेन में चढ़ने के लिए इंतजार करते दिखाई दिए। इस भीड़ में बड़ी संख्या में नौकरीपेशा लोग, छात्र-छात्राएं और रोजाना पटना जाकर काम करने वाले यात्री शामिल थे। ये सभी लोग होली का त्योहार मनाने के लिए अपने घर आए थे और अब पर्व समाप्त होने के बाद अपने कामकाज और पढ़ाई के लिए वापस लौट रहे थे। यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए स्टेशन पर तैनात रेलवे कर्मचारी और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय रहे। उन्होंने यात्रियों को व्यवस्थित तरीके से ट्रेन में चढ़ने और प्लेटफॉर्म पर अनुशासन बनाए रखने की अपील भी की।

### रुद्र महायज्ञ को लेकर सरवा गांव में निकली भव्य कलश यात्रा



**मसौढ़ी,पटना।** नगर के सरवा गांव स्थित वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में आयोजित होने वाले रुद्र महायज्ञ और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। हाथी-घोड़ा और बैंड-बाजे के साथ निकली इस कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे मार्ग में जयकारों और भक्ति गीतों से माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में कन्याओं ने भाग लिया। सभी कन्याएं सिर पर कलश लेकर श्रद्धा और उत्साह के साथ यज्ञ स्थल से यात्रा में शामिल हुईं। जानकारी के अनुसार नगर परिषद क्षेत्र के सरवा गांव के वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में ग्रामीणों के सहयोग से रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इसी के तहत शुक्रवार को धूमधाम के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर राष्ट्रीय राजमार्ग-22 से गुजरते हुए बरनी तालाब पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि-विधान के बीच कलश में जल भरने की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। जल भरने के बाद श्रद्धालुओं का जत्था करीब आधा दर्जन गांवों से होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंचा। यज्ञ स्थल पर साधु-संतों के मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह आठ दिवसीय रुद्र महायज्ञ 14 मार्च तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन पूजा-अर्चना के साथ शाम में प्रवचन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। आयोजन समिति के अध्यक्ष सतेंद्र सिंह उर्फ भूताली, पवन सिंह (काली), शैलेन्द्र कुमार, गुड्डू सिंह, मंजीत सिंह, मुन्ना, सचिन कुमार उर्फ छोटे समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण इस अवसर पर मौजूद रहे और आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

### वैशाली में चूल्हे की चिंगारी से भीषण आग

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के लालगंज थाना क्षेत्र में भीषण आग लगने से आधा दर्जन घर जलकर राख हो गए। इस घटना में लाखों रुपये का अनाज, कपड़े, बिस्तर, सोने-चांदी के जेवरात और नगदी नष्ट हो गए। कई परिवार बेघर हो गए हैं और खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। यह घटना लालगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनारायणपुर पंचायत के वार्ड नंबर 6 में हुई। जानकारी के अनुसार, सुबह लालति देवी अपने घर में खाना बना रही थीं और पानी लेने चापाकल पर गई थीं। इसी दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी फूस की बनी टाटी में जा लगी, जिससे आग तेजी से फैल गई। आग की लपटें उठती देख लालति देवी ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग आग बुझाने में जुट गए। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैली और कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। अग्निशमन की टीम सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था।

# सोशल मीडिया पर सरकार की नीतियों की आलोचना करने वाले अधिकारियों पर सख्ती, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का निर्देश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने अंचल अधिकारियों और राजस्व अधिकारियों द्वारा सोशल मीडिया पर सरकार की नीतियों के खिलाफ की जा रही टिप्पणियों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। विभाग के प्रधान सचिव सी.के. अनिल ने इस संबंध में एक आधिकारिक पत्र जारी कर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बिहार सरकारी सेवक आचरण नियमावली का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि सरकारी सेवा में कार्यरत किसी भी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों या निर्णयों की आलोचना करना अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है और यह आचरण नियमावली के विरुद्ध है। ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने सभी कर्मियों को सावधानी बरतने की चेतावनी दी है। प्रधान सचिव द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि पिछले दो महीनों के दौरान उप मुख्यमंत्री द्वारा प्रमंडलीय मुख्यालयों में आयोजित "भूमि सुधार जन कल्याण संवाद" कार्यक्रम को लेकर कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों में प्रतिकूल टिप्पणियां की गई हैं। यह कार्यक्रम 12 दिसंबर 2025 से शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य भूमि सुधार से जुड़ी समस्याओं पर जन संवाद स्थापित करना है। विभाग ने इस तरह की सार्वजनिक आलोचना को सरकारी सेवक आचरण नियमावली, 1976 का उल्लंघन बताया है और इसे अनुशासनहीनता का उदाहरण माना है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सरकारी सेवक के लिए सोशल मीडिया



मंचों पर सरकार की नीतियों के विरुद्ध वीडियो रील जारी करना या पोस्ट साझा करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने व्यक्तिगत जीवन और सेवा से जुड़े दायित्वों के बीच स्पष्ट अंतर बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। निर्देश में यह भी कहा गया है कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक या नकारात्मक टिप्पणी करना सरकारी सेवा की गरिमा के खिलाफ है। इसके साथ ही बिना पूर्व अनुमति के समाचार पत्रों, रेडियो या अन्य जनसंचार माध्यमों से संबंध रखना भी नियमों के विरुद्ध बताया गया है। पत्र में बिहार सरकारी सेवक (आचरण) नियमावली, 1976 के नियम-10 का हवाला देते हुए कहा गया है कि कोई भी सरकारी कर्मी अपने नाम, छद्म नाम या किसी अन्य व्यक्ति के नाम से सरकार की नीतियों की प्रतिकूल आलोचना नहीं कर सकता। विभाग ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी दी है कि वे आचरण नियमावली के तहत निर्धारित मर्यादाओं का पालन करें। यदि किसी कर्मी द्वारा इन नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो उसके विरुद्ध विभागीय स्तर पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस निर्देश के बाद विभागीय स्तर पर सोशल मीडिया गतिविधियों को लेकर निगरानी और भी सख्त किए जाने की संभावना जताई जा रही है।

## बिहटा में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, हत्या के प्रयास के आरोपी बाप-बेटे समेत 8 गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिहटा,पटना।** पटना जिले के बिहटा स्थित आईआईटी अमहारा थाना पुलिस ने शुक्रवार को अपराध और शराबबंदी कानून के उल्लंघन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कुल आठ लोगों को विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे बाप-बेटे भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार हत्या के प्रयास के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी राजकुमार महतो (पिता सरीफन महतो) और उनके पुत्र रितेश कुमार, दोनों निवासी अमहारा को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस काफी समय से इनकी तलाश कर रही थी। इसके अलावा देसी शराब बेचने के आरोप में फरार चल रहे अभियुक्त केशर सिंह (पिता केशव प्रसाद सिंह) को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं शराब के नशे में मारपीट करने के आरोप में पररी गांव निवासी अजय मिश्रा (पिता स्वर्गीय बालेश्वर मिश्रा) को भी हिरासत में लिया गया। इसी अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न स्थानों से देसी शराब का सेवन करते हुए चार अन्य लोगों को भी पकड़ा। सभी के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई है। आईआईटी अमहारा थाना प्रभारी रौशन कुमार राज ने बताया कि क्षेत्र में अपराध और अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आठ लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

## बिहटा अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय का सिटी एसपी ने किया निरीक्षण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिहटा।** पटना पश्चिमी सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने शुक्रवार को बिहटा अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने करीब 20 मिनट तक क्षेत्र में दर्ज विभिन्न आपराधिक मामलों की प्रगति का गहन अवलोकन किया और अधिकारियों से लंबित मामलों, उनकी जांच की दिशा तथा अपराध नियंत्रण की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

निरीक्षण के क्रम में सिटी एसपी ने अंचल पुलिस निरीक्षक बिपिन कुमार को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों की जांच में तेजी लाई जाए और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द सुनिश्चित की जाए। साथ ही संवेदनशील मामलों में विशेष सतर्कता बरतने और पीड़ित पक्ष को समय पर न्याय दिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी।

सिटी एसपी ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए नियमित गश्त बढ़ाने का निर्देश भी दिया। उन्होंने संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखने तथा थानों में दर्ज मामलों की समय-समय पर समीक्षा करने पर जोर दिया, ताकि जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता



और गति बनी रहे।

इस दौरान अंचल पुलिस निरीक्षक बिपिन कुमार, सहायक अवर निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। सिटी एसपी ने अधिकारियों को आम लोगों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुनने और उनका त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने विश्वास जताया कि पुलिस टीम आपसी समन्वय के साथ कार्य कर क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को और अधिक मजबूत बनाएगी।

## निष्पक्षता और स्थानीय सरोकारों के कारण सोनवर्षा वाणी बना पाठकों का पसंदीदा अखबार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मसौढ़ी, पटना।** डिजिटल युग के तेजी से बढ़ते प्रभाव के बावजूद बिहार जैसे राज्यों में अखबारों की विश्वसनीयता और स्थानीय खबरों के कारण उनकी लोकप्रियता आज भी कायम है। बदलते समय के साथ पाठकों की रुचि में भी बदलाव आया है।

एक समय ऐसा था जब देश में राष्ट्रीय अखबारों का वर्चस्व अधिक था, लेकिन समय के साथ क्षेत्रीय और भाषाई अखबारों की ताकत लगातार बढ़ती गई। इसी कड़ी में बिहार और झारखंड से प्रकाशित होने वाला हिंदी दैनिक अखबार सोनवर्षा वाणी पिछले 28 वर्षों से अपनी निष्पक्ष और प्रभावी पत्रकारिता के दम पर पाठकों के बीच विशेष पहचान बना चुका है। यह उन चुनिंदा क्षेत्रीय अखबारों में शामिल है, जिनमें प्रकाशित खबरों का समाज और प्रशासन दोनों पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। पाठकों का मानना है कि क्षेत्रीय




अखबारों ने स्थानीय मुद्दों और जनसमस्याओं को जिस गंभीरता से उठाया है, उसी कारण उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ी है। जहां कई बार राष्ट्रीय अखबार स्थानीय समस्याओं और छोटे शहरों की खबरों को उतना महत्व नहीं दे पाते, वहीं क्षेत्रीय अखबार इन मुद्दों को प्रमुखता से प्रकाशित कर आम लोगों की आवाज बनते हैं। स्थानीय पाठक विद्याभूषण सिन्हा का कहना है कि सुबह की शुरुआत अगर सोनवर्षा वाणी अखबार पढ़कर नहीं होती तो दिन अधूरा सा लगता है। उनका कहना है कि इस अखबार को पढ़ लेने के बाद अन्य समाचार पत्र उतने प्रभावशाली नहीं लगते। यह अखबार अपने लेखों और खबरों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करता है। उन्होंने बताया कि अखबार में महिलाओं और बच्चों से जुड़ी अच्छी और उपयोगी सामग्री भी प्रकाशित होती है, जिससे हर वर्ग के पाठकों को पढ़ने योग्य सामग्री मिलती है। सोनवर्षा वाणी आम और खास सभी लोगों की आवाज बनकर समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों को सामने लाता है और सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देता है। पाठकों का कहना है कि इस अखबार में प्रकाशित सामाजिक और राजनीतिक विषयों पर लेखों की निष्पक्षता ही इसे अन्य अखबारों से अलग बनाती है।

समाज में जागरूकता और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए इस तरह की निष्पक्ष पत्रकारिता की आज सबसे अधिक आवश्यकता है। पाठकों ने उम्मीद जताई है कि सोनवर्षा वाणी आगे भी इसी तरह जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए नई ऊंचाइयों को छुएगा और अपनी विश्वसनीय पत्रकारिता के माध्यम से समाज को जागरूक करने का कार्य करता रहेगा।

## अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार, देशी कट्टा और कारतूस बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** पटना जिले के मोकामा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक युवक को अवैध हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई कन्हाईपुर गांव में गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक इलाके में किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने या दहशत फैलाने की नीयत से अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना मिलते ही मोकामा थाना की पुलिस टीम सक्रिय हो गई और तत्काल इलाके में घेराबंदी कर छापेमारी शुरू की।

छापेमारी के दौरान कन्हाईपुर निवासी सूरज कुमार को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। बरामदगी के बाद पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है। मोकामा थाना प्रभारी कुणाल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक से यह जानने का प्रयास किया जा



रहा है कि उसके पास हथियार कहां से आया और वह इसे किस उद्देश्य से लेकर घूम रहा था। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कहीं वह किसी बड़ी आपराधिक साजिश का हिस्सा तो नहीं है या अवैध हथियारों की तस्करी से उसका कोई संबंध तो नहीं है। पुलिस के अनुसार क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर नियंत्रण के लिए अवैध हथियारों के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत यह गिरफ्तारी की गई है। युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। साथ ही पुलिस उसके आपराधिक इतिहास को भी खंगाल रही है।

## प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**दानापुर।** पटना के दानापुर स्थित आनंद बाजार दुर्गा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक यात्रा में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे इलाके में भक्ति और आस्था का माहौल बना रहा तथा श्रद्धालुओं के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा की शुरुआत आनंद बाजार दुर्गा मंदिर परिसर से हुई। वहां से श्रद्धालु पारंपरिक ढंग से कलश लेकर विभिन्न मार्गों से होते हुए फकर महतो घाट पहुंचे। घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि-विधान के बीच गंगा नदी से कलशों में पवित्र जल भरा गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने



पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

जल भरने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद श्रद्धालु कलश लेकर पुनः मंदिर परिसर की ओर लौटे। इस दौरान यात्रा के पूरे मार्ग में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। स्थानीय लोगों ने जगह-जगह श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया और धार्मिक आयोजन के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। कलश यात्रा में महिलाओं की विशेष भागीदारी देखने को मिली। बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीत गाते हुए यात्रा में शामिल हुईं, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।

आयोजकों ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें हवन, पूजन, धार्मिक अनुष्ठान और भंडारा जैसे कार्यक्रम शामिल हैं, जिनमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय लोगों और समाजसेवियों का महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है। इस अवसर पर समाजसेवी धीरज कुमार उर्फ शैलेश कुमार, दीपु कुमार और चंदन यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ कलश यात्रा में भाग लेकर आयोजन की व्यवस्था में सहयोग दिया और धार्मिक कार्यक्रम की सफलता की कामना की।

## बिहार के उज्ज्वल ने यूपीएससी टॉप 10 में बनाई जगह, तीसरे प्रयास में हासिल की सफलता

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**वैशाली,पटना।** वैशाली जिले के बिदुपुर प्रखंड अंतर्गत बिदुपुर पंचायत के वार्ड संख्या 03, बिदुपुर दिलावरपुर पूर्वी निवासी अभियंता संजीव कुमार के इकलौते पुत्र उज्ज्वल प्रियांक ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की अंतिम परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 10वीं रैंक प्राप्त कर अपने गांव, जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। उज्ज्वल प्रियांक की सफलता की खबर फैलते ही उनके पैतृक गांव में बधाई देने वालों का तांता लग गया। स्थानीय लोग इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण मान रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उज्ज्वल की इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। उज्ज्वल प्रियांक के पिता अभियंता संजीव कुमार एक कुशल किसान भी हैं। उन्होंने दूर-दूर तक आम समेत अन्य फलों के बगीचे लगाए हुए हैं और घर पर रहकर खेती-किसानी की जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करते हैं। उज्ज्वल प्रियांक शुरू से ही पढ़ाई में अत्यंत मेधावी रहे हैं और हर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते आए हैं। उज्ज्वल प्रियांक ने अपनी प्रारंभिक



मां के साथ एक तस्वीर में प्रियांक।

शिक्षा पटना के एक निजी विद्यालय से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से पूरी की। वर्ष 2016 में सीबीएसई की 10वीं बोर्ड परीक्षा में उन्होंने 10 सीजीपीए हासिल किया। इसके बाद वर्ष 2018 में भारतीय स्कूल प्रमाणपत्र (आईएससी) की परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने जयपुर स्थित एक इंजीनियरिंग महाविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान में बीटेक की डिग्री हासिल की। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने सिविल सेवा में जाने का लक्ष्य तय कर लिया था और उसी दिशा में लगातार तैयारी करते रहे। उज्ज्वल प्रियांक ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में यह सफलता अपने तीसरे प्रयास में हासिल की है। परिणाम घोषित होने के बाद उनके घर पर बधाई देने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग मिठाई खिलाकर और फूल-मालाएं पहनाकर उनकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त कर रहे हैं। बताया जाता है कि उज्ज्वल प्रियांक का परिवार क्षेत्र का एक प्रतिष्ठित और समाजसेवी परिवार रहा है। उनके दादा स्वर्गीय राम नरेश सिंह के बड़े भाई नंदेश्वर सिंह और सुरेश सिंह क्षेत्र के प्रसिद्ध जमींदार थे। उनके परिवार द्वारा बिदुपुर बाजार में अपने परदादा के नाम पर राम नंदन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल के लिए भूमि दान की गई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार उज्ज्वल के पूर्वज हमेशा समाजसेवा और क्षेत्र के विकास कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं। इसी पारिवारिक संस्कार और मेहनत के बल पर उज्ज्वल प्रियांक ने आज यह बड़ी सफलता हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। फिलहाल वे अपने घर पर ही मौजूद हैं, जहां लगातार लोग उनसे मिलने पहुंच रहे हैं और उनकी उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं।

# रांची के कांटाटोली में उन्नत आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया शुभारंभ

**एजेंसी। रांची**

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को रांची के कांटाटोली स्थित एस्टेट प्लाजा में उन्नत आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी भी मौजूद रहीं। यह उन्नत आधार सेवा केंद्र रांची और आसपास के क्षेत्रों में आधार सेवाओं की डिलीवरी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। केंद्र को आधुनिक तकनीकी सुविधाओं और बेहतर अवसंरचना के साथ विकसित किया गया है, जिससे आधार नामांकन और अद्यतन सेवाएं अधिक तेज, पारदर्शी और नागरिकों के लिए सुविधाजनक तरीके से उपलब्ध कराई जा सकेंगी। अब तक झारखंड में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के आधार सेवा केंद्र केवल तीन जिलों रांची, धनबाद और पूर्वी सिंहभूम में ही संचालित हो रहे थे। अब इन्हीं केंद्रों के साथ चरणबद्ध तरीके से नए आधार सेवा केंद्र बोकारो, हजारीबाग, गिरिडीह, देवघर, गोड्डा, दुमका, साहिबगंज, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, गढ़वा और पलामू में भी स्थापित किए जाएंगे। शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय सेठ ने आधार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और आम लोगों तक आधार सेवाओं की सहज पहुंच सुनिश्चित करने के लिए यूआईडीएआई के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल सार्वजनिक सेवा वितरण में पारदर्शिता, दक्षता और सुविधा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों के पांच वर्ष की आयु पूर्ण होने पर तथा पुनः 15 वर्ष की आयु पर अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) अवश्य कराएं। इससे बच्चों को छात्रवृत्ति जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी और जहां लागू हो, वहां एनईईटी और सीयूईटी जैसी प्रवेश परीक्षाओं के पंजीकरण में भी कोई समस्या नहीं आएगी। इस अवसर पर महुआ माजी ने भी अभिभावकों से अपने बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट कराने का आग्रह किया। उन्होंने विद्यालयों से अपील की कि वे यूआईडीएआई के मिशन मोड अभियान के तहत लंबित मामलों को कम करने के लिए सक्रिय पहल करें। कार्यक्रम में यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय, रांची के उपमहानिदेशक अखिलेश कुमार गुप्ता, निदेशक नीरज कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। कांटाटोली स्थित यह उन्नत आधार सेवा केंद्र सीधे यूआईडीएआई द्वारा संचालित किया जाएगा, जबकि इसके दैनिक संचालन का प्रबंधन प्रोटीन ई-जीओवी टेक्नोलॉजीज लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। केंद्र में दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों और गर्भवती महिलाओं के लिए अलग समर्पित काउंटर की व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सके। इसके अलावा स्तनपान कराने वाली माताओं की सुविधा के लिए फीडिंग रूम भी बनाया गया है। यह उन्नत आधार सेवा केंद्र रांची और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों के लिए आधार सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाएगा। इससे परिचालन दक्षता बढ़ेगी, अस्वीकृति की संभावना कम होगी और आधार अपडेट की प्रक्रिया अधिक तेज और सुगम हो सकेगी। साथ ही यहां जन्म पंजीकरण संख्या के आधार पर बच्चों का नामांकन भी शुरू किया जाएगा।



## हाथियों के झुंड ने धान खेती रौंद किया बर्बाद

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा प्रखंड अंतर्गत भादूआ गांव में जंगली हाथियों के एक झुंड ने खेतों में घुसकर किसानों की तैयार धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा दिया। गुरुवार देर रात करीब पांच हाथियों का झुंड श्मशान घाट की दिशा से गांव के खेतों की ओर पहुंचा और देखते ही देखते कई किसानों की खड़ी फसल को रौंद डाला। इस घटना से गांव के किसानों की महीनों की मेहनत कुछ ही देर में बर्बाद हो गई। ग्रामीणों के अनुसार रात के समय खेतों से अजीब आवाजें सुनाई देने पर लोग बाहर निकले तो देखा कि हाथियों का झुंड धान के खेतों में घुस चुका है। इसके बाद गांव के लोग एकजुट होकर हाथियों को भगाने के लिए बम-पटाखे फोड़ने लगे और मशाल जलाकर उन्हें डराने की कोशिश की। हालांकि हाथियों को भगाने में काफी समय लग गया और तब तक कई एकड़ में लगी धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुकी थी। स्थानीय किसानों ने बताया कि हाथियों का यह झुंड पिछले कई दिनों से आसपास के इलाकों में घूम रहा है और रात के समय खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से ग्रामीणों में भय का माहौल है। किसान अपनी फसलों को बचाने के लिए रात-रात भर खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और प्रभावित खेतों का निरीक्षण किया। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हाथियों के झुंड को फिलहाल भादूआ गांव से खदेड़कर लोधासूली के जंगल की ओर भेज दिया गया है। साथ ही वनकर्मियों की टीम लगातार झुंड की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है, ताकि वे दोबारा गांव की ओर न लौट सकें। ग्रामीणों ने प्रशासन से फसल नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## झारखंड में शनिवार से बदलेगा मौसम, कई जिलों में बारिश की संभावना, येलो अलर्ट जारी

**एजेंसी। रांची**

झारखंड में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार से राज्य के विभिन्न जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है। इसको लेकर विभाग ने कुछ क्षेत्रों के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, शनिवार को राज्य के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। वहीं रविवार को राज्य के 14 जिलों में और सोमवार को 11 जिलों में हल्के दर्जे की बारिश होने की संभावना जताई गई है। विभाग की ओर से बताया गया कि मंगलवार को भी राज्य के कई हिस्सों में मौसम का असर बना रह सकता है। इस दिन 11 जिलों में गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा नौ जिलों में भी गरज के साथ हल्की वर्षा होने का अनुमान लगाया गया है, जिसे देखते हुए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान खूंटी में 15.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18.6 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह बोकारो में अधिकतम तापमान 35.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि चाईबासा में अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने लोगों को बदलते मौसम को देखते हुए सतर्क रहने और आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी है।

## दिल्ली में 24 मार्च को माकपा की जनमुद्दों की रैली, झारखंड में तेज हुई तैयारियां

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के आह्वान पर 24 मार्च को दिल्ली में आयोजित होने वाली जनमुद्दों की रैली की तैयारी झारखंड में तेज कर दी गई है। यह जानकारी माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने शुक्रवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। प्रकाश विप्लव ने बताया कि रैली में झारखंड से सैकड़ों लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न जिलों में अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं और उन्हें दिल्ली में आयोजित होने वाली रैली में शामिल होने का आह्वान कर रहे हैं। माकपा नेताओं के अनुसार, इस रैली में श्रमिकों, किसानों और आम जनता से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। इनमें चार नए लेबर कोड को रद्द करने, मनरेगा को प्रभावी ढंग से लागू करने, वीबी-जीरामजी योजना को समाप्त करने, प्रस्तावित बिजली संशोधन विधेयक और बीज विधेयक को वापस लेने की मांग शामिल है। इसके साथ ही भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का विरोध, बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण और युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध कराने जैसे मुद्दे भी रैली में उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि दिल्ली में होने वाली इस रैली में झारखंड से जाने वाले जत्थों का नेतृत्व पार्टी के राज्य नेतृत्व के साथ-साथ केंद्रीय कमेटी सदस्य और सीटू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुदीप दत्ता तथा वरिष्ठ नेता वृंदा कारात करेंगे। प्रकाश विप्लव ने जानकारी दी कि रैली को लेकर झारखंड में दो केंद्रीय जन आक्रोश जत्था भी निकाले जा रहे हैं।

## बच्चा चोरी की अफवाह पर युवक की बेरहमी से पिटाई

**खूंटी।** जिले में एक बार फिर बच्चा चोरी की अफवाह ने लोगों के बीच दहशत और अफरातफरी का माहौल पैदा कर दिया। रनिया थाना क्षेत्र के सोदे गांव में गुरुवार की देर शाम ग्रामीणों ने बच्चा चोर होने के संदेह में एक युवक को पकड़ लिया और उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। आक्रोशित ग्रामीणों ने युवक को पेड़ से बांध दिया और काफी देर तक उसके साथ मारपीट करते रहे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह युवक को भीड़ से छुड़ाकर थाना ले आई। इस संबंध में रनिया के थाना प्रभारी श्यामल कुंभकार ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार देर शाम सोदे गांव के पास एक युवक को एक छोटे बच्चे के साथ कोयल नदी की ओर जाते देखा गया। इस दौरान कुछ ग्रामीणों को उस पर संदेह हुआ और उन्होंने शोर मचा दिया कि कोई व्यक्ति बच्चे को बहला-फुसलाकर ले जा रहा है।

**चोरी करते पकड़ा गया आरोपित, पूर्वी सिंहभूम।** कदमा थाना क्षेत्र के भाटिया बस्ती रोड में चोरी की कोशिश करते हुए एक आरोपित को घर के लोगों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस को सूचना दी गई और आरोपित को पुलिस के हवाले कर दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच करते हुए आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रही है। जानकारी के अनुसार भाटिया बस्ती निवासी लालू कुमार के घर में गुरुवार देर रात करीब एक बजे एक युवक चोरी की नीयत से घुस गया। इसी दौरान घर के सदस्यों की नींद खुल गई और उन्होंने संदिग्ध गतिविधि देख ली। परिवार के लोगों ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए आरोपित को पकड़ लिया।


### कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

**सैरात बन्दोबस्ती सूचना वित्तीय वर्ष 2026–27**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए गढ़वा नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत कुल 08 सैरातों की बन्दोबस्ती खुली डाक के माध्यम से दिनांक 28.01.2026 एवं 29.01.2026 की जानी थी लेकिन राज्य निर्वाचन आयोग झारखंड रांची के पत्रांक 187 दिनांक 27.01.2026 के द्वारा नगरपालिका आम निर्वाचन आदर्श आचार संहिता लगने के कारण दिनांक 28.01.2026 एवं 29.01.2026 डाक की बोली को अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। वर्तमान में नगरपालिका आम निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् कुल 08 सैरातों की बन्दोबस्ती खुली डाक के माध्यम से दिनांक 11.03.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से पुराना समाहरणालय, गढ़वा में स्थित नगर परिषद, गढ़वा कार्यालय में किया जाएगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा।

PR 374256 (Urban Development) 25-26 (D)

### कार्यालय :– जिला परिषद,पलामू।
E-mail- zilaparishad.palamu@gmail.com

**सील दूकान रद्द करने हेतू आवश्यक सूचना**

जिला परिषद्, पलामू अन्तर्गत लंबी अवधि से दूकान का किराया जमा नहीं करने वाले दूकानों को इस कार्यालय से निर्गत आदेश के आलोक में सील किया गया। दूकान सील करने के उपरांत किरायादारों को अनेको बार नोटिस हस्तगत/चस्पा किया गया तथा दैनिक समाचार पत्रों में सूचना दी गयी की बकाया किराया एक सप्ताह के अन्दर जमा करे अन्यथा दूकान का सामान जब्त करते हुए, दूकान का आवंटन रद्द कर दिया जायेगा। अनेको नोटिस तथा दैनिक समाचार पत्रों में सूचना के उपरांत भी किरायादारो द्वारा अब तक बकाया किराया जमा नहीं किया गया है। बकाया किराया वाले दूकानदारो की सूची निम्नवत हैः–

| क्र0 | दुकानदार का नाम/पता | प्रखण्ड | दुकान संख्या | दूकान सील का पत्रांक/दिनांक | कुल बकाया राशि | पूर्व में प्रेषित नोटिस हस्तगत/चस्पा की विवरणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नसीम शेख, पिता जहीर अहमद शेख | हुसैनाबाद | E-08 | 1654/18.07.2025 | 66240.00 | पत्रांक 2002/19.09.25 पत्रांक 2372/19.11.25 |
| 2 | नीरज कुमार, पिता ध्रुव प्रसाद अग्रवाल | हुसैनाबाद | E-10 | 1654/18.07.2025 | 42763.00 | पत्रांक 2003/19.09.25 पत्रांक 2373/19.11.25 |
| 3 | कुमार दयान्नद, पिता मंदीप राम | हुसैनाबाद | E-16 | 1654/18.07.2025 | 66240.00 | पत्रांक 2004/19.09.25 पत्रांक 2371/19.11.25 |
| 4 | विरेन्द्र कुमार ठाकुर, पिता स्व0 रामप्रीत ठाकुर | तरहसी | A-05 | 1665/24.07.2025 | 43092.00 | पत्रांक 2439/20.11.25 |
| 5 | अजीत कुमार, पिता दुदुन साव | तरहसी | A-15 | 1665/24.07.2025 | 41040.00 | पत्रांक 2440/20.11.25 |
| 6 | पिन्टु सिंह, पिता जगनाथ सिंह | हरिहरगंज | A-05 | 1660/21.07.2025 | 50688.00 | पत्रांक 2056/19.09.25 पत्रांक 2335/19.11.25 |
| 7 | पंकज कुमार चौधरी, पिता राजाराम चौधरी | छतरपुर | 03 | 1659/21.07.2025 | 39600.00 | पत्रांक 2060/19.09.25 पत्रांक 2341/19.11.25 |
| 8 | अजीत कुमार, पिता गोपाल प्रसाद बरई | छतरपुर | 07 | 1659/21.07.2025 | 22704.00 | पत्रांक 2059/19.09.25 पत्रांक 2342/19.11.25 |
| 9 | चन्दन प्रकाश सिन्हा, पिता पारसनाथ सिन्हा | छतरपुर | 09 | 1659/21.07.2025 | 43945.00 | पत्रांक 2058/19.09.25 पत्रांक 2343/19.11.25 |
| 10 | पवन कुमार, पिता बैजनाथ प्रसाद | छतरपुर | 14 | 1659/21.07.2025 | 50160.00 | पत्रांक 2057/19.09.25 पत्रांक 2344/19.11.25 |
| 11 | पिन्कु साव, पिता संजय साव | विश्रामपूर | A/17 | 1657/21.07.2025 | 57600.00 | पत्रांक 2006/19.09.25 |
| 12 | कौशल कुमार, पिता रंजन प्रसाद | विश्रामपूर | A/18 | 1657/21.07.2025 | 46200.00 | पत्रांक 2007/19.09.25 |
| 13 | अजमेरून बीबी,पति रफीक अहमद | विश्रामपूर | A/21 | 1657/21.07.2025 | 26400.00 | पत्रांक 2008/19.09.25 |
| 14 | राकेश कुमार केशरी, पिता सचितानंद केशरी | विश्रामपूर | A/24 | 1657/21.07.2025 | 36600.00 | पत्रांक 2009/19.09.25 |
| 15 | मुमताज चुड़ीफरोश, पिता कुर्बान अली | विश्रामपूर | A/27 | 1657/21.07.2025 | 36000.00 | पत्रांक 2010/19.09.25 |
| 16 | जयंत कुमार चौहान, पिता श्यामसुन्दर चौहान | विश्रामपूर | A/28 | 1657/21.07.2025 | 36000.00 | पत्रांक 2011/19.09.25 |
| 17 | शिलादित बक्सराय, पिता अमरेश्वर बक्सराय | विश्रामपूर | A/29 | 1657/21.07.2025 | 48600.00 | पत्रांक 2012/19.09.25 |
| 18 | मनीष कुमार, पिता राधा साव | विश्रामपूर | A/30 | 1657/21.07.2025 | 27000.00 | पत्रांक 2013/19.09.25 |
| 19 | अमित कुमार, पिता विनोद साहु | विश्रामपूर | B/18 | 1657/21.07.2025 | 57600.00 | पत्रांक 2014/19.09.25 |
| 20 | अंकिता सिंह, पिता नरेन्द्र कुमार सिंह | विश्रामपूर | B/19 | 1657/21.07.2025 | 44400.00 | पत्रांक 2015/19.09.25 |
| 21 | सैरूण बीबी, पति इलियास अंसारी | विश्रामपूर | B/29 | 1657/21.07.2025 | 21600.00 | पत्रांक 2017/19.09.25 |
| 22 | सतीश कुमार चन्द्रवंशी, पिता आनंद लाल | विश्रामपूर | B/30 | 1657/21.07.2025 | 42000.00 | पत्रांक 2018/19.09.25 |
| 23 | अनुपमा सिंह, पति विनय कुमार | विश्रामपूर | B/31 | 1657/21.07.2025 | 43200.00 | पत्रांक 2019/19.09.25 |
| 24 | संजय कुमार उपाध्याय, पिता गिरीजशंकर उपाध्याय | विश्रामपूर | C/12 | 1657/21.07.2025 | 69120.00 | पत्रांक 2020/19.09.25 |
| 25 | मो0 समसुद्दीन अंसारी, पिता स्व0 शेख नजिर | सदर मेदिनीनगर | E-09 | 1683/31.07.2025 | 10080.00 | पत्रांक 1915/19.09.25 |
| 26 | मणि भूषण पाण्डेय, पिता बलिराम पाण्डेय | सदर मेदिनीनगर | E-11 | 1683/31.07.2025 | 67200.00 | पत्रांक 1912/19.09.25 |
| 27 | शशिभूषण पाण्डेय, पिता बलिराम पाण्डेय | सदर मेदिनीनगर | E-12 | 1683/31.07.2025 | 67200.00 | पत्रांक 1913/19.09.25 |
| 28 | कुंदन कुमार, पिता मोहन प्रसाद | सदर मेदिनीनगर | E-14 | 1683/31.07.2025 | 67200.00 | पत्रांक 1914/19.09.25 |
| 29 | माया देवी, पति कमलेश राम | निलाम्बर–पीताम्बरपुर | A-19 | 1684/31.07.2025 | 57600.00 | पत्रांक 2166/10.10.25 |
| 30 | संयुक्ता देवी, पति संतोष कुमार दुबे | निलाम्बर–पीताम्बरपुर | A-20 | 1684/31.07.2025 | 57600.00 | पत्रांक 2165/10.10.25 |
| 31 | अजीत तिवारी, पिता राम बल्लभ तिवारी | निलाम्बर–पीताम्बरपुर | A-22 | 1684/31.07.2025 | 57600.00 | पत्रांक 2164/10.10.25 |
| 32 | राम प्रकाश तिवारी, पिता श्याम नारायण तिवारी | निलाम्बर–पीताम्बरपुर | A-23 | 1684/31.07.2025 | 57600.00 | पत्रांक 2163/10.10.25 |
| 33 | मंगल किशोर, पिता शिव शंकर राम | निलाम्बर–पीताम्बरपुर | A-24 | 1684/31.07.2025 | 57600.00 | पत्रांक 2162/10.10.25 |
| 34 | ओम प्रकाश, पिता भागेश्वर मांझी | निलाम्बर–पीताम्बरपुर | A-25 | 1684/31.07.2025 | 57600.00 | पत्रांक 2167/10.10.25 |
| 35 | विजय कु0 कुशवाहा, पिता राजेश्वर कुशवाहा | निलाम्बर–पीताम्बरपुर | A-26 | 1684/31.07.2025 | 57600.00 | पत्रांक 2173/10.10.25 |
| 36 | शैलेन्द्र नाथ, पिता रामनारायण सिंह | निलाम्बर–पीताम्बरपुर | A-27 | 1684/31.07.2025 | 57600.00 | पत्रांक 2172/10.10.25 |
| 37 | पंकज देसाई, पिता प्रभु राम | निलाम्बर–पीताम्बरपुर | A-30 | 1684/31.07.2025 | 31800.00 | पत्रांक 2171/10.10.25 |
| 38 | आशीष कुमार, पिता प्रदीप कुमार कश्यप | निलाम्बर–पीताम्बरपुर | B-21 | 1684/31.07.2025 | 57600.00 | पत्रांक 2170/10.10.25 |
| 39 | ज्ञानचंद कु0 कश्यप, पिता त्रिवेणी प्रसाद | निलाम्बर–पीताम्बरपुर | B-22 | 1684/31.07.2025 | 57600.00 | पत्रांक 2169/10.10.25 |
| 40 | अशोक दीक्षित, पिता स्व0 राजा दीक्षित | विश्रामपुर (रेहला) | 74 | 1656/21.07.25 | 390024.80 | पत्रांक 2053/19.09.25 |
| 41 | सुदेश्वर विश्वकर्मा, पिता स्व0 बनवारी विश्वकर्मा | सतबरवा | B-15 | 1687/31.07.25 | 250800.00 | पत्रांक 2101/26.09.25 |
| 42 | जहीर अंसारी, पिता रमुज अंसारी | सतबरवा | B-16 | 1687/31.07.25 | 191400.00 | पत्रांक 2102/26.09.25 |

उपरोक्त दूकानदारो को अंतिम रूप से सूचित किया जाता है की दिनांक 15.03.2026 तक कॉलम संख्या– 6 में अंकित सम्पूर्ण बकाया राशि जिला परिषद्, पलामू कार्यालय में अथवा सचिव जिला परिषद्, पलामू (Secretary, Zila Parishad,Palamu) के नाम से खाता संख्या– 84017795458, IFSE CODE - SBIN0RRVCGB में जमा कर दें। जमा पर्ची के साथ कार्यालय में संपर्क कर रसीद प्राप्त कर लेंगे। बकाया राशि जमा नहीं करने पर दूकान का सामान जब्त कर, दूकान का आवंटन रद्द कर दिया जाएगा साथ ही निलाम पत्रवाद दायर कर बकाया राशि की वसूली की जाएगी।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।

PR 374182 (District) 25-26 (D)

### उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा।
(जिला सामान्य शाखा)

**–:आदेश :–**

नगरपालिका निर्वाचन–2026 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भय मुक्ततरी के से सम्पन्न कराने हेतु गढ़वा जिले के गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र, श्री बंशीधर नगर पंचायत एवं मंझिआँव नगर पंचायत क्षेत्र के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने शस्त्र सत्यापन/जमा करने का आदेश ज्ञापांक 68 दिनांक 24.02.2026 द्वारा निर्गत किया गया था। नगरपालिका निर्वाचन 2026 सम्पन्न हो चुका है।

अतः एतद् द्वारा गढ़वा जिले के गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र, श्री बंशीधर नगर पंचायत एवं मंझिआँव नगर पंचायत क्षेत्र के शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों एवं थाना प्रभारी को सूचित करना है कि नगरपालिका निर्वाचन 2026 के अवसर पर थाना में जमा सभी UIN सृजित शस्त्रों को दिनांक 28.02.2026 के पश्चात् मुक्त करने का आदेश दिया जाता है।

उपायुक्त
–सह–जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा।

PR 374243 (District) 25-26 (D)

### कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 21/2025-26 (Retender)**

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | :– | जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू। |
| Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक 10.03.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) |
| ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 10.03.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 17.03.2026 (अपराह्न 5:00 बजे तक) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 19.03.2026 (पूर्वाह्न 11:00 बजे ) |
| निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| कार्य की विस्तृत विवरणी :– | | |

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | नौडिहा बाजार | करकट्टा | स्वास्थ्य उपकेन्द, करकट्टा का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-21/ 2025-26/ Gr-07 |
| 2 | पाँकी | होटाई | स्वास्थ्य उपकेन्द होटाई का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-21/ 2025-26/ Gr-10 |
| 3 | चैनपुर | बरांव | स्वास्थ्य उपकेन्द बरांव का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-21/ 2025-26/ Gr-15 |

नोट–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क (Non Refundable) एवं अग्रधन की राशि केवल Demand Draft (किसी भी मान्यता प्राप्त बैंक द्वारा निर्गत) जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू (District Engineer, Zila Parishad, Palamu) के पदनाम से डालटनगंज में भुगतेय होगा, के रूप में स्वीकार्य होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

नोट :– उपरोक्त योजना पंचायती राज क्षेत्र (ग्रामीण) के अन्तर्गत है एवं नगर निगम/नगर परिषद/नगर पंचायत क्षेत्र से बाहर पड़ता है।

ह0/–
जिला अभियंता,जिला परिषद, पलामू

PR 374275 District(25-26).D

### कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 23/2025-26**

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | :– | जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू। |
| Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक 10.03.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) |
| ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 10.03.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 25.03.2026 (अपराह्न 5:00 बजे तक) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 27.03.2026 (पूर्वाह्न 11:00 बजे ) |
| निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| कार्य की विस्तृत विवरणी :– | | |

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत/ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | नीलाम्बर–पीताम्बरपुर | गोराडीह/गोराडीह | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोराडीह का निर्माण। | 14300000 | 286000 | 10000 | 12 माह | NIT-23/ 2025-26/ Gr-01 |
| 2 | तरहसी | तरहसी/तरहसी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तरहसी का निर्माण। | 14300000 | 286000 | 10000 | 12 माह | NIT-23/ 2025-26/ Gr-02 |
| 3 | पाटन | कसवाखाड़/नावाजयपुर | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नावाजयपुर का निर्माण। | 14300000 | 286000 | 10000 | 12 माह | NIT-23/ 2025-26/ Gr-03 |
| 4 | हरिहरगंज | ढकचा/ढकचा | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ढकचा का निर्माण। | 14300000 | 286000 | 10000 | 12 माह | NIT-23/ 2025-26/ Gr-04 |
| 5 | हरिहरगंज (पीपरा) | मधुबाना/मधुबाना | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मधुबाना का निर्माण। | 14300000 | 286000 | 10000 | 12 माह | NIT-23/ 2025-26/ Gr-05 |
| 6 | हुसैनाबाद | दरूआबेनी/बुलंदबीघा | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बुलंदबीघा का निर्माण। | 14300000 | 286000 | 10000 | 12 माह | NIT-23/ 2025-26/ Gr-06 |
| 7 | पाँकी | केल्हवा/बोरोदीरी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरोदीरी का निर्माण। | 14300000 | 286000 | 10000 | 12 माह | NIT-23/ 2025-26/ Gr-07 |
| 8 | हुसैनाबाद | महुअरी/डिहरी बिश्रामपुर | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डिहरी बिश्रामपुर महुअरी का निर्माण। | 14300000 | 286000 | 10000 | 12 माह | NIT-23/ 2025-26/ Gr-08 |

नोट– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क (Non Refundable) एवं अग्रधन की राशि केवल Demand Draft (किसी भी मान्यता प्राप्त बैंक द्वारा निर्गत) जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू (District Engineer, Zila Parishad, Palamu) के पदनाम से डालटनगंज में भुगतेय होगा, के रूप में स्वीकार्य होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता,जिला परिषद, पलामू

PR 374278 District(25-26).D

## संक्षिप्त समाचार

### नेशनल कराटे चैंपियनशिप में यूपी के खिलाड़ियों का जलवा

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के कराटे खिलाड़ियों ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित कियो नेशनल कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो रजत व तीन कांस्य पदक अपने नाम किए। टूर्नामेंट में मथुरा के अरुण कुमार ने अंडर-21 बालक कुमिते के 84 किग्रा से अधिक भारवर्ग में रजत पदक जीता, जबकि वाराणसी की शशिकला मौर्या ने बालिका अंडर-21 काता में रजत पदक अपने नाम किया। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के लिए पुरुष सीनियर टीम काता में लखनऊ के खिलाड़ियों ने कांस्य जीता। वाराणसी की आकांक्षा ने बालिका अंडर-21 कुमिते के 61 किग्रा से कम भार वर्ग में और नोएडा के ठाकुर चौहान ने बालक अंडर-21 कुमिते के 75 किग्रा से कम भारवर्ग में कांस्य पदक जीते। पदक विजेताओं को कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन (कियो) के महासचिव संजीव कुमार जांगड़ा ने पुरस्कृत किया। उत्तर प्रदेश के पदक विजेताओं को कराटे एसोसिएशन आफ यूपी के चेयरमैन कुणाल सिल्कू, अध्यक्ष टीपी हवेलिया, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी और महासचिव जसपाल सिंह बधाई दी।

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग की दहशत, ट्राईसिटी के बड़े बिल्डर से मांगी 20 करोड़ की रंगदारी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** ट्राईसिटी के बड़े कारोबारी एक बार फिर गैंग्सटरों के निशाने पर आ गए हैं। लॉरेंस बिश्नोई गैंग और बंबीहा गैंग से जुड़े बदमाश लगातार शहर के व्यापारियों को रंगदारी के लिए धमका रहे हैं। ताजा मामले में सेक्टर-36डी निवासी एक कारोबारी से 20 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है। शिकायत मिलने के बाद सेक्टर-36 थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कारोबारी लोहित बंसल ने शिकायत में बताया कि 1 जनवरी से 14 फरवरी के बीच उन्हें कई बार वाट्सएप कॉल आई। ये कॉल विदेशी नंबरों से की गई थीं। कॉल करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य हैरी बॉक्सर बताते हुए उनसे 20 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी और पैसे नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर उन्होंने इसकी शिकायत सेक्टर-36 थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत और कॉल डिटेल के आधार पर हैरि बाक्सर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गाजियाबाद में होली के बाद बढ़ी गर्मी, एक हफ्ते में 35 डिग्री सेल्सियस पहुंचेगा तापमान

**गाजियाबाद, एजेंसी।** होली का त्योहार बीतने के साथ ही गर्मी अपना तेवर दिखाने लगी है। अब दोपहर में धूप में तेजी के साथ गर्मी भी काफी बढ़ चुकी है। बृहस्पतिवार को सुबह से शाम तक तेज धूप के साथ गर्मी भी दिन में बाकी दिनों के मुकाबले ज्यादा महसूस हुई। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिन में धूप तेजी रहने के साथ तापमान में स्थिरता रहेगी। साथ ही गर्मी भी ज्यादा महसूस हो सकती है। हफ्तेभर में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। मार्च शुरू हो चुका है। ऐसे में अब हर दिन गर्मी बढ़ती हुई महसूस हो रही है। दिन ही नहीं रात में भी सर्दी पूरी तरह से बेअसर हो चुकी है। होली के त्योहार को भी अब दो दिन बीत चुके हैं। होली के दिन बुधवार को दोपहर में गर्मी महसूस होने लगी थी। साथ ही लोग धूप एवं गर्मी से बचाव का प्रयास करते हुए दिखे थे। वैसा ही मौसम बृहस्पतिवार को रहा। सुबह से निकली चटकीली धूप शाम तक तपाती रही। ऐसे में दोपहर में लोगों को गर्मी ज्यादा महसूस हुई। ऐसे में लोग गर्मी से बचाव का प्रयास करते हुए दिखे। न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान करीब 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा अधिकतम 11 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली।

# क्या है छत्तीसगढ़ का 'आवा पानी झोकी' आंदोलन, जिसके जरिए जल क्रांति ला रहे प्रदेश के किसान

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में जल संरक्षण करने के लिए किसानों ने एक बेहद खास और अनोखी पहल शुरू की है और इसके जरिए किसान अपनी जमीन का 5 प्रतिशत हिस्सा बारिश का पानी जमा करने के लिए अलग रख रहे हैं। इस पहल को उन्होंने 'आवा पानी झोकी' आंदोलन नाम दिया है, और इसका मकसद जल संरक्षण करते हुए जल क्रांति लाना है। प्रदेश में यह आंदोलन तेजी से फैल रहा है।

जल शक्ति मंत्रालय की सूचना के अनुसार 'आवा पानी झोकी'आंदोलन के तहत किसान स्वेच्छा से अपनी कृषि भूमि का पांच प्रतिशत हिस्सा छोटे रिचार्जिंग (पुनर्भरण) तालाबों और सीढ़ीदार गड्ढों के निर्माण के लिए अलग रखते हैं, और इनमें बारिश का पानी एकत्रित होता है। ये संरचनाएं खेतों के भीतर ही वर्षा जल को एकत्रित करती हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि मॉनसून की हर बूंद को संरक्षित, अवशोषित और पुनः उपयोग किया जा सके।

मंत्रालय ने इस प्रयोग को उल्लेखनीय उपलब्धि बताया और कहा कि इसके तहत जो बारिश का पानी पहले बह जाता था, अब वह मिट्टी और जलभंडारों का पुनर्भरण करता है। इससे मिट्टी के अपवरदन या कटाव में काफी कमी आई है और सूखे के दौरान फसलों में नमी का स्तर बेहतर हुआ है इसका सबसे बड़ा असर यह हुआ है कि भूजल पुनर्भरण स्थिर और निरंतर हो गया है। जल संरक्षण के लिए मॉडल को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा गया है कि यह सफलता सिद्ध करती है कि सतत जल प्रबंधन के लिए व्यापक स्तर पर विस्थापन या भारी पूंजी निवेश की नहीं बल्कि सामूहिक इच्छाशक्ति की ज्यादा आवश्यकता है।

महिलाएं बनीं 'नीर नायिका', युवक कहला रहे 'जल दूत' अभियान को व्यापक सामुदायिक भागीदारी से मजबूती मिलने का दावा करते हुए मंत्रालय ने इस सफलता को सहभागिता से स्वाभाविक तक का नाम दिया है और कहा है कि




मंत्रालय का कहना है कि महिलाएं 'नीर नायिका' बनकर उभरीं है, जिन्होंने घरों का मार्गदर्शन किया और जल संरक्षण के लिए गड्ढे बनवाने में अग्रणी भूमिका निभाते हुए पारंपरिक लोकगीतों के माध्यम से जागरूकता फैलाई। वहीं इस काम में लगे युवाओं को 'जल दूत' कहा जा रहा है जो नालियों का मानचित्रण करके, नहरों से गाद निकालकर, नुक्कड़ नाटक के आयोजन और भित्ति चित्रों के माध्यम से जल संरक्षण को बढ़ावा देने के आंदोलन को ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं।

इस आंदोलन के दौरान सामूहिक श्रमदान से 440 से अधिक पारंपरिक तालाबों का पुनरुद्धार किया गया और वे प्राकृतिक जल पुनर्भरण के स्रोत बन गए है। इस आंदोलन से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री आवास योजना के 500 से अधिक लाभार्थियों ने भी अपने घरों के पास जल संरक्षण के गड्ढे बनवाए, जिससे जल संरक्षण एक सरकारी पहल से एक साझा सामुदायिक जिम्मेदारी में बदल गया है।

पांच प्रतिशत मॉडल की सफलता केवल बुनियादी ढांचे में ही नहीं, बल्कि स्वामित्व में भी निहित है। इसमें 1,260 से अधिक किसानों ने अपनी भूमि पर 5 प्रतिशत जल पुनर्भरण प्रणाली को अपनाया और पूरे कोरिया जिले में 2,000 से अधिक सोख गड्ढे बनाए गए।

ग्रामीण आवास योजनाओं के लाभार्थियों ने स्वेच्छा से अपने घरों के पास सोख गड्ढे बनवाए, जिससे जल पुनर्भरण दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बन गया। इस ऐतिहासिक पहल में, समुदायों ने केवल तीन घंटों के भीतर 660 सोखने वाले गड्ढों का निर्माण किया, जो समन्वित सार्वजनिक भागीदारी की शक्ति का प्रतीक हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 1,260 से ज़्यादा किसानों ने अपनी खेती की 5 प्रतिशत जमीन रिचार्ज तालाब बनाने के लिए रखी और पूरे जिले में 2 हजार से ज़्यादा सोक पिट बनाए गए। एक मामले में लोगों ने तीन घंटे के अंदर 660 सोक पिट बनाए।

### कांग्रेस के अनुराग शर्मा का चुना जाना तय

## हिमाचल में भाजपा ने राज्यसभा के लिए नहीं उतारा प्रत्याशी

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में इस बार राज्यसभा चुनाव एकतरफा रहेगा। कांग्रेस उम्मीदवार अनुराग शर्मा ने गुरुवार को विधानसभा सचिवालय में अपना नामांकन दाखिल कर दिया। नामांकन के दौरान विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और कई मंत्री व विधायक मौजूद रहे।

अनुराग शर्मा के मैदान में अकेले उम्मीदवार होने से उनका निर्विरोध चुना जाना लगभग तय है। भाजपा ने नामांकन के आखिरी दिन इस चुनाव में उम्मीदवार नहीं उतारा है। ऐसे में अब औपचारिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद उनके चुने जाने की घोषणा हो सकती है।

68 सदस्यीय हिमाचल विधानसभा में कांग्रेस के पास 40 विधायक हैं, जबकि भाजपा के 28 सदस्य हैं। संख्या बल के हिसाब से भी कांग्रेस की स्थिति मजबूत है। हालांकि इस बार मुकाबला होने की नौबत ही नहीं आई। सांसद इंदू गोस्वामी का छह साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद खाली हुई है। खास बात यह है कि इंदू गोस्वामी भी कांगड़ा जिले से थीं और कांग्रेस उम्मीदवार अनुराग शर्मा भी कांगड़ा से आते हैं। इस तरह लगातार दूसरी बार राज्यसभा में कांगड़ा जिले का प्रतिनिधि जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 6 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 9 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। 16 मार्च को मतदान की तारीख तय है और उसी दिन परिणाम घोषित होना है। लेकिन मौजूदा स्थिति में मतदान की जरूरत नहीं पड़ेगी। करीब दो साल पहले हुए राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस को करारा झटका लगा था। तब कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी को हार का सामना करना पड़ा था और भाजपा के हर्ष महाजन जीतकर राज्यसभा पहुंचे थे। उस चुनाव में कांग्रेस के कुछ विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी। इस बार स्थिति अलग है और कांग्रेस के लिए यह चुनाव सहज रहा है। अनुराग शर्मा हाल ही में कांगड़ा जिला कांग्रेस के अध्यक्ष बने थे। उनका राजनीतिक सफर छात्र राजनीति से शुरू हुआ। वे नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया से जुड़े रहे हैं। संगठन में सक्रिय और जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेता के रूप में उनकी पहचान है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि कांग्रेस ने कांगड़ा को प्रतिनिधित्व देने और सामाजिक संतुलन साधने के लिहाज से भी यह फैसला किया है।

## हरियाणा के नूह में स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की संख्या सबसे ज्यादा

**नूह , एजेंसी।** हरियाणा के नूह जिले में प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर स्कूल छोड़ने वालों की दर राज्य के औसत से अधिक है। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने गुरुवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि सरकार ने सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने और ड्रॉपआउट रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं।



प्रश्नकाल के दौरान नूह से कांग्रेस विधायक आफताब अहमद के एक प्रश्न का उत्तर देते हुए ढांडा ने कहा कि जिले में प्राथमिक स्तर पर स्कूल छोड़ने वालों की दर 2023-24 और 2025-26 के बीच बढ़ी है। हालांकि, उन्होंने कहा कि माध्यमिक स्तर पर यह दर इस अवधि के दौरान घटी है, लेकिन फिर भी राज्य के औसत से अधिक बनी हुई है।

सदन में शेयर किए गए आंकड़ों के अनुसार, नूह में प्राथमिक स्तर (कक्षा 6-8) पर ड्रॉपआउट दर 2023-24 में राज्य के औसत 4.87 प्रतिशत के मुकाबले 8.61 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 1.70 प्रतिशत के मुकाबले 12.52 प्रतिशत हो गई। ढांडा ने बताया कि 2025-26 में यह दर और बढ़कर राज्य के औसत 3.05 प्रतिशत के मुकाबले 12.84 प्रतिशत हो गई।

उच्च माध्यमिक स्तर (कक्षा 11) पर नूह में ड्रॉपआउट दर 2023-24 में राज्य के औसत 4.51 प्रतिशत के मुकाबले 7.88 प्रतिशत थी। उन्होंने बताया कि 2024-25 में यह दर राज्य के औसत 1.26 प्रतिशत के मुकाबले बढ़कर 8.69 प्रतिशत हो गई। लेकिन, 2025-26 में घटकर राज्य के औसत 2.47 प्रतिशत के मुकाबले 4.76 प्रतिशत रह गई।

इस मुद्दे को उठाते हुए विधायक अहमद ने कहा कि नूह में उच्च ड्रॉपआउट दर चिंता का विषय है। उन्होंने जिले में शिक्षकों के कई रिक्त पदों की ओर इशारा किया, जिससे छात्रों की पढ़ाई और परिणामों पर असर पड़ता है। मंत्री ने कहा कि कक्षा 5 और 6 के बीच नामांकन में कोई कमी नहीं आई है और कक्षा 5 में नामांकन 2024-25 से 2025-26 के बीच 16.52 प्रतिशत बढ़ गया है। इसी तरह, कक्षा 12 में नामांकन 33.07 प्रतिशत बढ़ा है।

ढांडा ने कहा कि सरकार ने सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने और ड्रॉपआउट रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। इन उपायों में परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) के माध्यम से बच्चों की मैपिंग करके स्कूल से बाहर रहने वाले छात्रों की पहचान करना, एमआईएस पोर्टल पर कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों की निगरानी करना, स्कूल छोड़ने वाले छात्रों के अभिभावकों से संपर्क करना और उन्हें अपने बच्चों का पुनः नामांकन कराने के लिए प्रोत्साहित करना शामिल है।

# कर्नाटक में 56 हजार भर्तियों से पहले आरक्षण में होगा बड़ा बदलाव, कैबिनेट की बैठक तय

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में 56 हजार पदों पर भर्तियों और आरक्षण का मुद्दा तूल पकड़ चुका है। बीजेपी सिद्धारमैया सरकार को आंदोलन की धमकी दे रही है। इसी बीच कर्नाटक सरकार ने अनुसूचित जातियों के आरक्षण को लेकर बैठक बुलाने का फैसला किया है। हालांकि बैठक की कोई तारीख अभी बताई नहीं गई है। इस बैठक में सरकारी पदों पर होने वाली सीधी भर्ती को लेकर चर्चा होनी है। बीजेपी का कहना है कि अंदरूनी आरक्षण को ध्यान में रखते हुए ये पद भरे जाने चाहिए। सरकार का कहना है कि अनुसूचित जाति आंतरिक आरक्षण ढांचे के अंदर खानाबदोश समुदायों के लिए अलग से एक फीसदी कोटा देने की मांग पर कैबिनेट बैठक में चर्चा की जाएगी। राज्य के गृहमंत्री जी परमेश्वर ने गुरुवार को कहा कि सरकार पहले ही अनुसूचित जातियों के लिए आंतरिक आरक्षण देने के लिए सहमत हो गई है लेकिन अलग-अलग समुदायों के बीच कोटा बांटने के सवाल पर कुछ मुद्दे सामने आए हैं। उन्होंने कहा, 'पहले अनुसूचित जाति समुदाय के लिए 17 फीसदी आंतरिक आरक्षण देने का फैसला किया गया था। अब खानाबदोश समुदायों



(अलेमारिस) के लिए हालांकि अलग से एक फीसदी देने की मांग है।' उन्होंने कहा कि आरक्षण का लाभ बांटने के लिए इस्तेमाल होने वाली नामावली प्रणाली को लेकर भी सवाल उठे हैं। इस बात की चिंता जताई गई है कि नामावली तैयार करने की प्रक्रिया के दौरान एक वर्ग को अधिक हिस्सा मिल सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार पहले ही आंतरिक आरक्षण देने के लिए मान गई है। उन्होंने बताया कि आरक्षण के बंटवारे में भ्रम को लेकर कुछ बातें सामने आई हैं। चिंता जताई गई है कि नामावली तैयार करने के दौरान किसी एक खास वर्ग को आरक्षण का अधिक हिस्सा मिल सकता है। इस मामले पर कैबिनेट की बैठक में फिर से चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि आरक्षण सीमा से जुड़े कानूनी पहलू भी चल रही चर्चा का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि अदालत ने 56 फीसदी आरक्षण सीमा पर भी रोक लगा दी है। ये अहम मामले हैं जिन पर कोई भी फैसला लेने से पहले अच्छी तरह चर्चा करने की जरूरत है। कैबिनेट की बैठक में बातचीत के दौरान मतांतर होना आम बात है लेकिन चर्चा के बाद आखिरी फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा, 'इसीलिए हम कैबिनेट में इस पर चर्चा कर रहे हैं। राय में अंतर होना तो लाजिमी है।

## गुरुग्राम में मसानी बैराज पर बनेगी दो किमी लंबी 3 लेन की नई सड़क

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम के एक और अच्छी खबर है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने दिल्ली-जयपुर हाईवे पर यातायात को सुगम करने के लिए एक नई योजना बनाई है। इसके तहत मसानी बैराज पर दिल्ली से जयपुर की तरफ तीन लेन की करीब दो किलोमीटर लंबे एक नए रोड का निर्माण किया जाएगा। मौजूदा समय में मसानी बैराज के पास जयपुर से दिल्ली की तरफ आने के लिए तीन लेन का हाईवे है। जयपुर की तरफ हाईवे दो लेन का है। सोहना से रेवाड़ी की तरफ आ रहा एनएच 919 भी इस हाईवे पर आकर मिलता है। जयपुर और रेवाड़ी की तरफ जाने वाले वाहन अधिक होने से मसानी बैराज के पास ट्रैफिक जाम लग जाता है। एनएचएआई ने योजना बनाई है कि एक नया रोड शुरू किया जाए। इसको लेकर वन विभाग से करीब 2.199 एकड़ जमीन देने का आग्रह किया गया है। योगेश तिलक, परियोजना अधिकारी, एनएचएआई, ''दिल्ली-जयपुर हाईवे पर मसानी बैराज के पास दिल्ली से जयपुर की तरफ तीन लेन की करीब दो किमी लंबी एक नई सड़क बनाने की योजना बनाई गई है। मौजूदा रोड की चौड़ाई कम है। इस वजह से ट्रैफिक जाम लगता है।'' वहीं, गुरुग्राम में ही पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण सोहना-दमदमा मार्ग इन दिनों राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेश पर करीब 5 साल बाद इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ, लेकिन निर्माण की धीमी गति ने लोगों को परेशान कर दिया। सड़क निर्माण में बरती जा रही ढिलाई का आलम यह है कि सड़क के दोनों तरफ बिछाई गई रोड़ियां अब उखड़ने लगी हैं। गड्ढों को भरने के लिए इस्तेमाल की गई निर्माण सामग्री वाहनों के टायरों के नीचे दबकर किसी गोली की रफ्तार से उछलती है।

# अजमेर में थाने के सामने पलटी स्लीपर बस, ड्राइवर की मौत, 20 से ज्यादा बाराती घायल

**अजमेर , एजेंसी।** राजस्थान के अजमेर शहर में शुक्रवार अल सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। आदर्श नगर थाना क्षेत्र में थाने के ठीक सामने हाईवे पर तेज रफ्तार स्लीपर बस अचानक डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में बस ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बस में सवार 20 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। सभी यात्री अहमदाबाद से सीकर एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

हादसा इतना भयावह था कि बस पलटते ही अंदर सो रहे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। कई लोग सीटों के बीच फंस गए और कुछ यात्री खिड़कियों से बाहर जा गिरे। आसपास के लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को बाहर निकाला गया।

जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना शुक्रवार तड़के करीब 3:30 बजे हुई। स्लीपर बस अहमदाबाद से सीकर जा रही थी और उसमें दुल्हन के रिश्तेदार सवार थे। बस जैसे ही अजमेर के आदर्श नगर थाने के सामने हाईवे से गुजर रही थी, अचानक ड्राइवर का नियंत्रण बस पर से हट गया और बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई।

हादसे की सूचना मिलते ही आदर्श नगर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। सीओ मनीष बड़गुजर भी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू करवाया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और एंबुलेंस से जेएलएन अस्पताल भेजा।

घायलों को तुरंत अजमेर के जवाहरलाल नेहरू (जेएलएन) अस्पताल में भर्ती करवाया गया। एक साथ इतने घायलों के पहुंचने से अस्पताल में भी कुछ देर के लिए हड़कंप की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर जेएलएन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अनिल सामरिया और अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे भी अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने डॉक्टरों की टीम को तुरंत घायलों का इलाज शुरू करने और गंभीर मरीजों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। डॉक्टरों के अनुसार अधिकांश यात्रियों को चोटें आई हैं, लेकिन कुछ लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे में घायल महिला किरण अग्रवाल ने बताया कि बस में सवार सभी लोग अहमदाबाद से सीकर जा रहे थे। 7 मार्च को उनकी बहन की बेटी की शादी सीकर में होनी है। दुल्हन पहले ही परिवार के साथ सीकर पहुंच चुकी थी, जबकि बाकी रिश्तेदार बस से जा रहे थे। उन्होंने बताया कि हादसे के समय बस में सवार ज्यादातर लोग सो रहे थे। अचानक तेज झटका लगा और बस पलट गई। जब आंख खुली तो चारों तरफ अफरा-तफरी और चीख-पुकार मची हुई थी। कई लोग सीटों के नीचे दबे हुए थे। सीओ मनीष बड़गुजर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बस चालक को झपकी आने या अचानक अटैक आने की वजह से बस का संतुलन बिगड़ गया होगा।



## दूसरे बच्चे के जन्म पर माता-पिता को 25,000 रुपए देगी सरकार, इस राज्य में हुआ ऐलान

**अमरावती, एजेंसी।** गिरते प्रजनन दर की समस्या को निपटने के लिए आंध्र प्रदेश सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने गुरुवार को कहा है कि राज्य सरकार गिरती जन्म दर को बढ़ावा देने के लिए दूसरे बच्चे के जन्म पर दंपतियों को 25,000 रुपए की सौगात देने पर विचार कर रही है।

चंद्रबाबू नायडू ने विधानसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य आंध्र प्रदेश की कुल प्रजनन दर (टीएफआर) को वर्तमान 1.5 से बढ़ाकर 2.1 करना है। नायडू ने कहा, 'हम एक नए तरीके पर विचार कर रहे हैं। हम दूसरे या उसके बाद होने वाले बच्चे के लिए माता-पिता को प्रसव के समय ही 25,000 रुपए देंगे। यह एक बड़ा बदलाव होगा। अगर हम ऐसा कर पाते हैं, तो यह बहुत उपयोगी होगा।'

मुख्यमंत्री ने आगे जनसंख्या प्रबंधन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि कई देश बढ़ती उम्र वाली आबादी के कारण चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि



सरकार मार्च के अंत तक जनसंख्या प्रबंधन नीति लाने और अप्रैल से इसे लागू करने की योजना बना रही है।

इस दौरान चंद्रबाबू नायडू ने दावा किया है कि राज्य में 20 महीनों में 6.28 लाख नौकरियों का सृजन हुआ है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार संतुलित क्षेत्रीय विकास के लिए काम कर रही है और विशाखापत्तनम, अमरावती और तिरुपति को आर्थिक क्षेत्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायडू ने कहा, 'आंध्र प्रदेश का लक्ष्य 2047 तक 2.4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है।' उन्होंने बताया कि विशाखापत्तनम सूचना प्रौद्योगिकी और जीसीसी के लिए एक हब के रूप में उभरने को तैयार है। अमरावती में 'क्वांटम वैली' जैसा इकोसिस्टम बन रहा है। तिरुपति को अंतरिक्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स और रक्षा उद्योग के हब के रूप में विकसित किया जाएगा। गूगल और टाटा-टीसीएस जैसी बड़ी कंपनियां विशाखापत्तनम आई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्सेलर मित्तल एक स्टील प्लांट लगा रहा है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

## खामेनेई की मौत के बाद सुलग उठा मध्य-पूर्व

पिछले कुछ समय से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिस तरह के हालात बने हुए हैं, उसमें ऐसा लगता है कि कई मोर्चों पर प्रतिद्वंद्वी देशों के बीच विवादित मुद्दों को सुलझाने के लिए संवाद के बजाय संघर्ष को ही आखिरी हल मान लिया गया है। हैरानी की बात यह है कि युद्ध के खिलाफ शांति का पाठ पढ़ाने वाले कुछ ताकतवर देशों के नेताओं को भी अपने प्रभाव से संघर्ष को टालने के रास्ते तलाश करना प्राथमिक नहीं लगता। इसके उलट वे तनाव को सीधे टकराव में तब्दील करने वाले अभियानों में शामिल होना जरूरी समझने लगे हैं। बीते कुछ महीनों से इजराइल और अमेरिका ने ईरान के खिलाफ जिस तरह का माहौल बनाना शुरू किया था, उससे साफ था कि अगर विवाद के मूल बिंदुओं को केंद्र में रख कर अंतरराष्ट्रीय मंचों की मध्यस्थता में बिना देरी किए संबंधित पक्षों के बीच वार्ता की गुंजाइश नहीं निकाली गई, तो हालात को संभालना मुश्किल होगा। ऐसी स्थिति के बीच शनिवार को इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर साझा हमला करके अपनी मंशा साफ कर दी। अपने हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत को इजराइल और अमेरिका बेशक अपनी कामयाबी मानें, लेकिन इसके बाद अब नए सिरे से क्षेत्रीय अस्थिरता का खतरा जिस पैमाने पर बढ़ गया है, वह किस दिशा की ओर बढ़ेगा, यह देखने की बात होगी। इसके अलावा, इजराइली हमले में ईरान के कई इलाकों में भारी नुकसान पहुंचा और सैकड़ों नागरिक मारे गए।जवाब के तौर पर ईरान ने भी अमेरिका और इजराइल के कई ठिकानों पर समान तीव्रता वाले हमले किए और कई जगहों पर व्यापक क्षति हुई। सवाल है कि इस युद्ध का उद्देश्य आखिर क्या है? अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि मकसद सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने से आगे ईरान की सत्ता में बैठी व्यवस्था को हटाना है। यह समझना मुश्किल है कि अमेरिका एक ओर ईरान को परमाणु कार्यक्रम पर समझौते के लिए दबाव बनाता रहा है, तो अब वह अपना उद्देश्य मौजूदा ईरानी सत्ता को खत्म करना बता रहा है।ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के लिए ओमान की मध्यस्थता में शांति वार्ता भी चल रही थी। हालांकि ईरान ने युद्ध से बचने की इच्छा जरूर जताई थी।

## अंधविश्वास की बलि चढ़ती मानवता

विज्ञान के युग में अंधविश्वास के कारण हो रही हिंसा चिंताजनक है। झारखंड में डायन बताकर हत्याएं, वैज्ञानिक चेतना के प्रसार की आवश्यकता को दर्शाती हैं। आधुनिक दौर में विज्ञान और तकनीक की मदद से पृथ्वी से लेकर अंतरिक्ष तक प्रगति के नए आयाम गढ़े जा रहे हैं। मगर समाज का एक हिस्सा अब भी अंधविश्वास के अंधकार से बाहर नहीं निकल पा रहा है। इस तरह की सोच जहां व्यक्तिगत जीवन में परेशानियों के द्वार खुले रखती है, वहीं कई बार यह हिंसा का कारण भी बनती है।खासकर जादू-टोने के अंधविश्वास में नियम-कानूनों को ताक पर रखकर निर्दोष लोगों की हत्या कर देने या सार्वजनिक तौर पर किसी को अपमानित करने या फिर भीड़ हिंसा में किसी की बेरहमी से पिटाई करना आम बात हो गई है।यों तो देश के कई हिस्सों से डायन बता कर महिलाओं की हत्या के मामले सामने आते रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ समय के दौरान झारखंड में ऐसी लगातार कई घटनाओं ने चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में झारखंड के गुमला में जादू-टोना करने के संदेह में एक महिला की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी गई।सवाल है कि इस तरह के अंधविश्वास को खत्म करने और इससे जुड़ी हिंसा पर अंकुश लगाने के लिए सरकार से लेकर सामाजिक स्तर पर गंभीरता से प्रयास क्यों नहीं हो पा रहे हैं? इसमें दोराय नहीं कि चाहे गांव हो, या शहर हर जगह समाज के एक हिस्से में अंधविश्वास की छाया नजर आती है।आज जब देश और दुनिया विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में कोसों आगे निकल गए हैं, तब महज अंधविश्वास की वजह से किसी के बीमार होने पर चिकित्सीय इलाज कराने के बजाय जादू-टोने का सहारा लेना किस तरह की सोच को दर्शाता है।इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि विकास के तमाम दावों के बीच देश में सामाजिक स्तर पर वैज्ञानिक चेतना के प्रसार को लेकर शासन-प्रशासन की ओर से अब तक गंभीर प्रयास नहीं हुए हैं। जबकि देश में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रचार एवं प्रसार को प्रोत्साहित करने का दायित्व सरकार और समाज सभी पर है।हालांकि, कुछ राज्यों में अंधविश्वास से जुड़े अपराध पर नियंत्रण पाने के लिए कानून बनाए गए हैं।

*यह भारत की पश्चिम एशिया नीति को संतुलित बनाती है। खासकर मोदी की पिछली इजरायल यात्रा के दौरान सात प्रमुख समझौते हस्ताक्षरित हुए, जिन्होंने द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत आधार प्रदान किया। ये समझौते मुख्यत: कृषि, जल प्रबधन, अंतरिक्ष और अनुसंधान पर केंद्रित थे। जल और कृषि क्षेत्र में गंगा सफाई, जल संरक्षण तथा स्वच्छता कार्यक्रमों के लिए यूपी जल निगम और इजरायल ऊर्जा-जल विभाग के बीच करार हुआ।*

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा के कूटनीतिक निहितार्थ

**(कमलेश पांडे )**

देखा जाए तो यह 2017 के बाद पीएम मोदी की दूसरी इजरायल यात्रा 2026 में हुई, जो द्विपक्षीय व्यापार को कई अरब डॉलर तक ले जाने में सहायक सिद्ध हुई। जहां तक इस यात्रा के रणनीतिक महत्व की बात है तो यह यात्रा बढ़ते ईरान-अमेरिका तनाव और अमेरिकी नौसेना की तैनाती के बीच हुई, जो इजरायल को मजबूती प्रदान करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया इजरायल यात्रा भारत-इजरायल संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो वैश्विक भू-राजनीति में बदलते समीकरणों को दर्शाती है। यह यात्रा पश्चिम एशिया की अस्थिरता के बीच रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देती है। इस बार मोदी ने इजरायल संसद केनेसेट को संबोधित किया, जहां उन्होंने 7 अक्टूबर 2023 हमले के बाद भारत के इजरायल समर्थन की पुष्टि की और ईरान द्वारा शह प्राप्त हमास की मानवता द्रोही कार्रवाई की भर्त्सना की। इसके अलावा, नेतन्याहू के साथ द्विपक्षीय वार्ता में रक्षा, व्यापार और आतंकवाद विरोधी सहयोग पर जोर दिया। देखा जाए तो यह 2017 के बाद पीएम मोदी की दूसरी इजरायल यात्रा 2026 में हुई, जो द्विपक्षीय व्यापार को कई अरब डॉलर तक ले जाने में सहायक सिद्ध हुई। जहां तक इस यात्रा के रणनीतिक महत्व की बात है तो यह यात्रा बढ़ते ईरान-अमेरिका तनाव और अमेरिकी नौसेना की तैनाती के बीच हुई, जो इजरायल को मजबूती प्रदान करती है। वहीं नेतन्याहू का प्रस्तावित हेक्सागन गठबंधन (भारत, इजरायल, ग्रीस, साइप्रस आदि) चीन-पाकिस्तान-तुर्की धुरी के विरुद्ध एक रणनीतिक संतुलन भी बनाता है। यह वैश्विक कूटनीति में नहले पर दहले की तरह समझा जा रहा है। जिस तरह से भारत, इजरायल का सबसे बड़ा हथियार खरीदार बन चुका है, उससे दक्षिण एशिया और मध्य पूर्व की सुरक्षा का समीकरण प्रभावित होना स्वाभाविक है। इससे अमेरिका, चीन, रूस और यूरोपीय देशों को भी भारत की कूटनीतिक स्वायत्तता का एहसास हुआ है, जो भारत को एशिया की दूसरी और दुनिया की तीसरी-चौथी महत्वपूर्ण शक्ति बनाने की दिशा में सक्रिय है। जहां तक इस यात्रा के आर्थिक आयामों की बात है तो दोनों देशों के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर सकारात्मक चर्चा हुई, जो दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है। खासकर आईएमईसी कॉरिडोर (भारत-मध्य पूर्व-यूरोप) पर यूएई के साथ त्रिपक्षीय सहयोग से वैश्विक व्यापार को एक नया आकार मिलने की संभावना है। वहीं कृषि, जल प्रबंधन और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में इजरायली विशेषज्ञता भारत के विकास को काफी बढ़ावा देगी। शायद यही वजह है कि अरब जगत में खलबली मची है और इस्लामिक कट्टरता को हवा देने वाले पश्चिमी और पूर्वी देशों में बेचैनी भी। इस प्रकार की वैश्विक प्रतिक्रियाएं भी सामने आ रही हैं। जहां मोदी की इजरायल यात्रा से इस्लामी देशों की मीडिया में खलबली मची, क्योंकि यह इस्लामी उग्रवाद विरोधी एक्सिस का संकेत माना गया। वहीं फिलिस्तीन समर्थन बनाए रखते हुए अमेरिका को सिग्नल देते हुए भारत ने ग्लोबल साउथ में संतुलित भूमिका निभाई,। वहीं इस यात्रा ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की वैश्विक छवि को मजबूत किया, जो गाजा संकट के बीच चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इस बात में कोई दो राय नहीं कि आए दिन बढ़ते वैश्विक इस्लामिक कट्टरता परस्त आतंकवाद, भीड़ हिंसा और लक्षित हमलों से भारत और इजरायल दोनों को खतरा है, इसलिए उनकी पारस्परिक और लाभप्रद एकजुटता भारत-इजरायल विरोधी देशों को चुभती रहती है। भारत और इजरायल के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध 1992 में स्थापित हुए चूंकि भारत और इजरायल के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध 1992 में स्थापित हुए, जबकि भारत ने 1950 में ही इजरायल को मान्यता दी थी। खासकर मोदी सरकार के नेतृत्व में 2014 से द्विपक्षीय संबंध तेजी से मजबूत हुए, जिसमें उच्च स्तरीय यात्राएं और रक्षा-सहयोग प्रमुख रहे। इससे द्विपक्षीय लाभ में वर्ष दर वर्ष बढ़ोतरी दृष्टिगोचर हुई। रक्षा और सुरक्षा सहयोग के मद्देनजर इजरायल भारत का प्रमुख रक्षा आपूर्तिकर्ता है, जो ड्रोन, मिसाइल और खुफिया प्रणालियां प्रदान करता है। दोनों देश आतंकवाद विरोधी प्रयासों में एकजुट हैं, जो सीमा-पार खतरों से निपटने में सहायक सिद्ध होता है। जहां तक आर्थिक और तकनीकी साझेदारी की बात है तो व्यापार में भारत इजरायल का एशिया में दूसरा सबसे बड़ा साझेदार है, जिसमें कृषि, जल प्रबंधन, एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग शामिल हैं। आई 22 (भारत, इजरायल, यूएई, अमेरिका) और आईएमईसी जैसे मंच आर्थिक गलियारों को बढ़ावा देते हैं। भारत-इजरायल की दोस्ती से भू-राजनीतिक प्रभाव भी बढ़ा है। यह दोस्ती जहां चीन की मध्य पूर्व और दक्षिण एशिया में बढ़ती प्रभाव को संतुलित करने में मदद करती है। वहीं ईरान-प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक ध्रुव बनाकर स्थिरता सुनिश्चित होती है, जबकि भारत फिलिस्तीन समर्थन बनाए रखता है। इससे वैश्विक मंचों पर भी सामंजस्य बढ़ा है। खासकर संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर दोनों आतंकवाद-विरोध और सुधारों पर सहमत हैं। 2026 में संयुक्त कार्ययोजना से कूटनीति, साइबर और संस्कृति में सहयोग बढ़ेगा। यह भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को मजबूत करता है। भारत-इजरायल संबंधों को आई22 गठबंधन ने नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। यह समूह (भारत, इजरायल, यूएई, अमेरिका) दोनों देशों के बीच सहयोग को बहुपक्षीय रूप प्रदान करता है। आई22 ने जल, ऊर्जा, परिवहन, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा जैसे छह क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा दिया है। भारत और इजरायल के बीच तकनीकी साझेदारी, जैसे सौर ऊर्जा परियोजनाएं और खाद्य पार्क, इसी से मजबूत हुई। जहां तक अब्राहम समझौते के लाभ की बात है तो अब्राहम समझौते के बाद यूएई-इजरायल संबंध सामान्य होने से भारत बिना फिलिस्तीन संबंधों को नुकसान पहुंचाए इजरायल से गहरा जुड़ाव बना पाया। इससे भारत की पश्चिम एशिया नीति में संतुलन आया। भू-राजनीतिक मजबूती मिली। यह गठबंधन चीन के मध्य पूर्व प्रभाव को काउंटर करता है, जबकि भारत-इजरायल रक्षा और साइबर सहयोग बढ़ा। आई22 ने आईएमईसी जैसे कॉरिडोर को सपोर्ट किया, जो भारत की कनेक्टिविटी रणनीति को मजबूत करता है। मोदी की 2017 इजरायल यात्रा से सम्बन्धों को मिली मजबूती अतीत की बात करें तो मोदी की 2017 इजरायल यात्रा ने भारत-इजरायल संबंधों को ऐतिहासिक मोड़ दिया। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी, जिसने द्विपक्षीय सहयोग को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा प्रदान किया। इससे रक्षा सहयोग में उछाल आया। यात्रा के दौरान रक्षा समझौतों पर जोर दिया गया, जिसमें मिसाइल प्रणाली और ड्रोन तकनीक शामिल थी। नेतन्याहू के साथ मोदी की साझा सड़क यात्रा ने आतंकवाद-विरोधी एकजुटता को मजबूत किया। वहीं कृषि और जल प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस परियोजनाओं का विस्तार हुआ, जो भारत के किसानों को ड्रिप इरिगेशन जैसी तकनीक प्रदान करती हैं। इनसे द्विपक्षीय व्यापार 5 बिलियन से अधिक पहुंचा। वहीं नवाचार और स्टार्टअप सेतुइनोवेशन ब्रिज पहल ने स्टार्टअप्स और साइबर सुरक्षा में सहयोग बढ़ाया।

## वैश्विक अशान्ति के मध्य देश पर कसता नागपाश

**(डा. रवीन्द्र अरजरिया)**

समूची दुनिया पर तीसरे विश्वयुद्ध का खतरा मडराना शुरू हो गया हैं। अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर ताबडतोड हमले शुरू कर दिये हैं। ईरान भी पाकिस्तान जैसे आतंकपरस्त देशों से मिले आन्तरिक समर्थन और गुप्त हथियारों की दम पर जवाबी कार्यवाही कर रहा है। ऐसे में जीवित जीवनियों से लेकर पर्यावरणीय संकट तक की स्थितियां निर्मित हो रहीं है। अमेरिका की गुण्डागिरी तथा धर्म के नाम पर आतंक को फैलाने वाले देशों के मध्य टकराव की स्थितियां अब विस्फोटक होकर अपने परिणाम देने लगीं हैं। विश्व का स्वयंभू सम्राट बनकर मनमानी करने वाले अमेरिका ने अपनी जानकारी की दुहाई देकर पहले वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का अपहरण करवाया और स्वयं ही न्याय करने के सिंहासन पर बैठ गया। अब इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर ताबडतोड हमले कर रहा है जिसमें वहां के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई सहित अनेक प्रमुख लोगों की मौत हो गई है। उसने दुनिया को कभी टैरिफ का भय दिखाया तो कभी सैन्य सामर्थ की दम पर धमकाया। कभी दूसरे देशों के मीरजाफरों को मोहरा बनाकर सत्ता पलट की तो कभी युवाओं को भडका कर अशान्ति फैलाई। कभी धार्मिक मुद्दों को हवा देकर दंगों की आग भडकायी तो कभी मनगढन्त कथानकों के सहारे अन्य देशों को रक्तरंजित किया। कभी अपनी कथित शोध एजेन्सियों की रिपोर्ट को प्रचारित करके संसार की अर्थ व्यवस्था को प्रभावित किया तो कभी दबाव डालकर घातक समझौते करवाये। अमेरिका की गुण्डागिरी और कट्टरपंथी देशों के इस टकराव की चपेट में समूचा संसार आता जा रहा है। ईरान युद्ध में भारत की नीतियां यद्यपि पूरी तरह स्पष्ट है फिर भी कट्टरपंथी और कुटिल राष्ट्र अब मोदी की इजरायल यात्रा, उसके तत्काल बाद हमले और वर्तमान स्थितियों को लेकर निरंतर अफवाहों को हवा दे रहे हैं ताकि विश्वमंच पर चमक बिखेरने वाले इस देश को भी लपेटे में लिया जा सके। अमेरिका के साथ सैन्य समझौते वाले सऊदी अरब, कतर, कुवैत, बहरीन, इराक, सीरिया, संयुक्त अरब अमीरात, ओमान, जार्डन सहित इजरायल पर भी ईरान ने हमले किये हैं। भावी परिणामों की चिन्ता किये बिना ईरान ने संसार के तानाशाह बनने की राह पर सरपट दौड रहे अमेरिका को अपने कट्टरपंथी साथियों के सहारे ललकार दिया है। इस युद्ध में अमेरिका ने सीधा मोर्चा सम्हाला है। उसने अपने षडयंत्र को इजरायल की आक्रामकता के सहारे अंजाम तक पहुंचाना शुरू कर दिया है। इस समूचे घटना क्रम में जिस बात को रेखांकित किया जा रहा है वह है ईरान की उच्चस्तरीय बैठक की सटीक जानकारी, दिन में हमला और एक ही बार में लक्ष्य भेदन का परिणाम। निश्चय ही वहां के उच्चस्तरीय पदों पर प्रतिष्ठित मीरजाफरों ने भितरघात किया है। दुश्मन का साथ देकर अपनों की नस्तनाबूत करवाया है। निजी स्वार्थ के लिए राष्ट्र का सौदा किया है। ऐसे लोगों की समूची दुनिया में भरमार है जो निहित स्वार्थपूर्ति के लालच में कोई भी समझौता करने पर आमादा हो जाते हैं। वे भूल जाते हैं कि भितरघातियों का हश्र हमेशा ही कष्टप्रद, दुःखद और पीडादायक होता है। उन्हें हमेशा ही किस्तों में कत्ल किया जाता है। ऐसे ही मीरजाफरों ने श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश जैसे राष्ट्रों में अमेरिकी इशारे पर अपने देश को रक्त रंजित किया था। भीड की आड में सत्ता को समाप्त किया।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6023


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 3 | | | 1 | |
| 1 | 3 | 9 | | 8 | 2 | | 6 | |
| 6 | | | | | | | 8 | |
| 7 | | 2 | | | | | | 1 |
| | | | 9 | | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 9 | | 6 |
| | 8 | | | | | | | 5 |
| | 5 | | 1 | 4 | | 2 | 9 | 7 |
| | 1 | | | 9 | | | 3 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6022

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 |
| 1 | 4 | 2 | 6 | 9 | 3 | 7 | 5 | 8 |
| 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 |
| 7 | 9 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 4 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 9 | 7 |

## वर्ग पहेली 6023



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 9 जुलाई 1900 को मध्यप्रदेश के इस पूर्व राज्यपाल व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनेता ने जन्म लिया था (8)
6. पहर-पहर पर घंटा बजने का शब्द, बहुत सबेरे समय का घंटा (3)
7. बिहार स्थित विश्व का प्राचीनतम ज्ञान केंद्र (3)
9. किसी चौपाये के स्तन (2)
12. पकाकर गाढ़ा किया हुआ गन्ने का रस (2)
13. अभिलाषा, आरजू, मन्नत (3)
15. नरक निवासी, दो जखी, नारक (4)
17. न्यायाधीश को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
19. उद्यान, वाटिका वर्तमान दौर के एक प्रसिद्ध गीतकार (4)
23. प्रतिष्ठा, इज्जत, कीर्ति, नेमनामी (3)
24. वह जो प्रत्येक कार्य बाएं हाथ से करता हो (4)

**ऊपर से नीचे**

1. विष्णु भगवान का एक नाम जिनके नाम से एक कथा बहुत अधिक प्रचलित है (6)
2. मध्यप्रदेश का एक छोटा शहर जो एक लिंगी से कुछ पहले स्थित है (3)
3. रहस्य, भेद, कोई गूढ बात (2)
4. भय कंपित होना, डर से कांपना, दहलना (5)
5. अतिरिक्त, अधिक, रहित (2)
8. किसी रेखा पर सीधी और खड़ी गिरने वाली रेखा (2)
10. नदी तटवर्ती, तीरवर्ती (3)
11. क्रीडा लक्ष्य प्राप्ति, सफलता, जीत (3)
14. भगतसिंह के साथ इन्हें भी फांसी पर लटकाया गया था (4)
16. ख्याति, प्रसिद्धि, यश (2)
18. पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र, स्थान, तीर, आब (2)
20. इंडोनेशिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला द्वीप (2)
21. झूमने का भाव (2)
22. अस्तित्व, वजूद, हाथी (2)

### वर्ग पहेली 6022 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जा | पा | न | | | अ | स | म |
| ब | ल | भ | द्र | | म | न | न |
| जा | ना | | व | न | ज | | क |
| | पो | ष | ण | | द | स्तू | र |
| को | स | | | | अ | प | ना |
| स | ना | थ | | जा | ली | | |
| | | प | ता | | खां | स | ना |
| | व | की | ल | | | भा | ल |

## आज का राशिफल

### मेष

आज आपके करियर में रुको और देखो की नीति अपनाना ही बुद्धिमानी होगी। वक्री ग्रहों के प्रभाव के कारण किसी भी नए बड़े काम की शुरुआत करने या कानूनी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने से बचें। आज नई योजनाएं बनाने के बजाय अपनी पुरानी गलतियों को सही करने पर ध्यान केंद्रित करें।आर्थिक रूप से, वक्री गुरु की सलाह है कि आज कोई नया निवेश या जोखिम न लें।

### वृष

करियर के मोर्चे पर आज 'धैर्य' ही आपका सबसे बड़ा हथियार है। मंगल और राहु आपको जल्दबाजी में निर्णय लेने के लिए उकसाएंगे, लेकिन वक्री बुध गलतियां करवा सकते है। आज नई शुरुआत करने के बजाय पुराने अधूरे कामों को निपटाने पर ध्यान दें।आर्थिक स्थिति में वक्री गुरु का संकेत है कि कमाई की रफ्तार थोड़ी धीमी रह सकती है।

### मिथुन

आज आपकी समझदारी की जांच है। ऑफिस में बड़ी-बड़ी बातें करने के बजाय अपने काम पर ध्यान दें। आज कोई नई योजना शुरू करने के बजाय अपने आने वाले हफ्तों के काम को व्यवस्थित करें।आर्थिक दृष्टि से, वक्री गुरु का होना यह संकेत देता है कि खर्च पर लगाम लगाने का समय आ गया है।

### तुला

करियर में अभी आप एक बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं। शायद आपको लगे कि आपके काम को वह पहचान नहीं मिल रही है जिसके आप हकदार हैं, लेकिन शनि आपकी नींव मजबूत कर रहे हैं। आज दिखावे के बजाय काम की बारीकियों को समझने पर ध्यान दें।आज बिना सोचे-समझे खर्च न करें और एक इमरजेंसी फंड तैयार रखें।

### वृश्चिक

करियर में आज आप नेतृत्व करना चाहते हैं, लेकिन वक्री ग्रह कह रहे हैं कि पहले पुरानी कमियों को सुधारें। आपकी प्रोफेशनल इमेज इस बात पर निर्भर करेगी कि आप आज तनाव को कैसे संभालते हैं। आज नई शुरुआत के बजाय अपनी रणनीति को बेहतर बनाने पर ध्यान दें।आज नया निवेश करने के बजाय पुराने निवेशों की जांच करें। संयुक्त खातों में कोई गलती मिल सकती है जिसे सुधारना जरूरी है।

### धनु

करियर में आज सुधार का समय है। आप आगे बढ़ना चाहते हैं, लेकिन सितारे कह रहे हैं कि पहले पुराने काम की कमियां दूर करें। ऑफिस में किसी से बहस न करें; आपकी खासियत दूसरों की गलतियां पकड़ने और सिस्टम को बेहतर बनाने में दिखेगी। आज कोई बड़ा निवेश न करें और न ही कोई महंगा इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदें।

### कर्क

करियर में आज नया करने के बजाय पुराना सुधारने का दिन है। आपके पास कई विचार होंगे, लेकिन एक काम को अच्छे से पूरा करना ज्यादा जरूरी है। प्रोफेशनल नेटवर्क में आपकी छवि बदल रही है, आर्थिक रूप से ग्रहण के कारण आय के स्रोतों में अचानक बदलाव आ सकता है। वक्री गुरु की सलाह है कि आज किसी दोस्त को उधार न दें।

### सिंह

करियर में आज आप पर्दे के पीछे रहकर काम करना पसंद करेंगे। आर्थिक स्थिति में वक्री गुरु का संकेत है कि आज घर या जमीन-जायदाद से जुड़ा कोई बड़ा फैसला न लें। नए खर्च करने के बजाय पुराने बिलों को चुकाने पर ध्यान दें। लाइफस्टाइल में किसी छिपे हुए खर्च का पता लगाकर उसे रोकने की कोशिश करें, इससे भविष्य में बचत होगी।

### कन्या

करियर में आज आप लीडर बनना चाहते हैं, लेकिन ग्रहण कह रहा है कि बिना टीम के आप आगे नहीं बढ़ पाएंगे। नई शुरुआत करने के बजाय अपनी पर्सनल ब्रांडिंग सुधारने पर काम करें।आर्थिक स्थिति में शुक्र और शनि की युति फिजूलखर्ची रोकने पर मजबूर करेगी।

### मकर

करियर में आज आर या पार वाली स्थिति बन सकती है। कोई पुराना प्रोजेक्ट खत्म हो सकता है, जो भविष्य के लिए अच्छा है। ऑफिस की पॉलिटिक्स से दूर रहें और अपनी प्लानिंग को गुप्त रखें।आर्थिक स्थिति में वक्री गुरु का संकेत है कि लोन या बीमा के ब्याज में देरी हो सकती है। आज न तो किसी को उधार दें और न ही लें। पुराने कर्ज चुकाने के लिए योजना बनाने का यह सही समय है।

### कुंभ

करियर में आज आप कुछ नया शुरू करना चाहते हैं, लेकिन सितारे कह रहे हैं कि पहले अपनी रणनीति को पक्का करें। तकनीकी दिक्कतों से परेशान न हों, अपना ध्यान बड़े लक्ष्य पर रखें। आपकी ग्लोबल सोच आज आपकी ताकत बनेगी।आर्थिक रूप से भाग्यस्थान का ग्रहण शिक्षा या कानूनी कामों पर खर्च करवा सकता है। वक्री गुरु की सलाह है कि आज किसी नए बिजनेस पार्टनरशिप पर साइन न करें।

### मीन

करियर में आज आप पर्दे के पीछे रहकर काम करना पसंद करेंगे। आपकी असल ताकत मुश्किल काम को संभालने और संसाधनों का सही प्रबंधन करने में दिखेगी। आज नाम के लिए भागने के बजाय अपनी नींव मजबूत करें।आर्थिक रूप से आज का दिन संभलकर चलने का है। वक्री गुरु किसी भी जोखिम से बचने की सलाह दे रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**



# भारत चौथी बार फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम

● टूर्नामेंट में 88 सिक्स भी लगाए, संजू ने कोहली की बराबरी की, यह रिकाई्स बने

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत ने इंग्लैंड को हराकर चौथी बार टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बना ली। टीम इंडिया 4 वर्ल्ड टी-20 फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 7 रन से मात दी।

भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में इस बार 88 छक्के भी पूरे कर लिए। टीम ने एक एडिशन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी बना दिया। वहीं संजू सैमसन ने 89 रन की पारी खेलते हुए टी-20 वर्ल्ड कप में किसी भारतीय द्वारा सबसे बड़ी पारी खेलने के मामले में विराट कोहली की बराबरी कर ली।

● **भारत चौथी बार फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम-** भारत चौथी बार टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच गया है, जो किसी भी टीम द्वारा सबसे ज्यादा है। इससे पहले भारतीय टीम 2007, 2014 और 2024 में फाइनल खेल चुकी थी। पाकिस्तान, श्रीलंका और इंग्लैंड ने 3-3 फाइनल खेले हैं।2026 में फाइनल में पहुंचकर भारत ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। टीम लगातार दो टी-20 वर्ल्ड कप (2024 और 2026) फाइनल में जगह बनाने वाली तीसरी टीम भी बन गई। इससे पहले पाकिस्तान (2007, 2009) और श्रीलंका (2012, 2014) ही यह उपलब्धि हासिल कर सके थे। भारत आईसीसी व्हाइट बॉल टूर्नामेंट में लगातार चौथा फाइनल खेलेगा। टीम 2023 में वनडे वर्ल्ड कप और 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल भी खेल चुकी है।

● **एक टी-20 वर्ल्ड कप मैच में सबसे ज्यादा सिक्स लगे-** भारत और इंग्लैंड ने मिलकर 34 छक्के लगाए, दोनों ने टी-20 वर्ल्ड कप के एक मैच में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने का रिकॉर्ड बना दिया। इस रिकॉर्ड में दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज-जिम्बाब्वे का मैच है। दोनों टीमों ने मिलकर तब 31 सिक्स लगाए थे।मुंबई में खेले गए सेमीफाइनल में भारत और इंग्लैंड के मैच में चौकों की भी बारिश हुई।

# खराब चेस फॉर्म पर बोले डी गुकेश

● कुछ दिन अकेले रहना चाहता था, ऑटोग्राफ न देने पर फैंस से माफी मांगी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** प्राग इंटरनेशनल चेस फेस्टिवल 2026 के सातवें राउंड में भारत के वर्ल्ड चैंपियन डी. गुकेश ने ईरान के परहम मगसूदलू के खिलाफ ड्रॉ खेला। गुकेश प्राग में अब तक एक भी मुकाबला नहीं जीत पाए हैं। उन्होंने तीन मैच हारे और चार ड्रॉ खेले हैं। मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन के लिए यह टूर्नामेंट काफी कठिन रहा है। डी. गुकेश ने ईरान के परहम मगसूदलू के खिलाफ ड्रॉ खेला।




### गुकेश ने फैंस से माफी मांगी

सातवें राउंड के बाद गुकेश ने फैंस से माफी मांगी और खराब प्रदर्शन को इसकी वजह बताया। मैच के बाद ग्रैंडमास्टर केटी त्सात्सालाशविली से बातचीत में उन्होंने कहा कि वे रोज आने वाले फैंस की सराहना करते हैं, लेकिन कुछ दिनों वे अकेले रहना चाहते थे। उन्होंने कहा कि आमतौर पर वे मैच के बाद ऑटोग्राफ और फोटो देते हैं, लेकिन यहां उनका मूड ठीक नहीं रहा, इसके लिए वे माफी चाहते हैं। हालांकि फैंस का समर्थन उनके लिए बहुत मायने रखता है।


### माता-पिता बड़ा सहारा हैं

अपने फॉर्म पर गुकेश ने माना कि वे अच्छा नहीं खेल पाए और मिले मौकों का फायदा नहीं उठा सके। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए खराब टूर्नामेंट रहा। गुकेश ने बताया कि वे कोच ग्रजेगोरज गाजेव्स्की के साथ प्राग आए हैं और मेंटल कंडीशनिंग कोच पैडी अप्टन के साथ काम जारी है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम और खासकर माता-पिता उनका बड़ा सहारा हैं।

# इब्राहिम जादरान अफगानिस्तान के नए टी-20 कप्तान बने

## राशिद खान की जगह लेंगे, श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के लिए टीम का ऐलान

**तालिबान (एजेंसी)।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने इब्राहिम जादरान को टी-20 इंटरनेशनल टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। जादरान स्टार स्पिनर राशिद खान की जगह ली है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका के खिलाफ आगामी टी-20 और वनडे सीरीज के लिए गुरुवार को अपनी टीमें घोषित कर दीं। बोर्ड के मुताबिक, जादरान अब टी-20 फॉर्मेट में टीम की अगुआई करेंगे और उनकी कप्तानी का पहला असाइनमेंट श्रीलंका के खिलाफ सीरीज होगी।



### जादरान उपकप्तान भी रह चुके

राशिद खान लंबे समय से अफगानिस्तान की टी-20 टीम की कप्तानी कर रहे थे, लेकिन हाल ही में हुए टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम के प्रदर्शन के बाद कप्तानी में बदलाव किया गया है। जादरान हाल के सालों में अफगानिस्तान के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में रहे हैं और पहले टीम के उपकप्तान भी रह चुके हैं।

**13 मार्च से शुरू होगी सीरीज-** 13 मार्च को होने वाले पहले मैच से टी-20 मुकाबले से सीरीज की शुरुआत हो होगी। सीरीज का दूसरा और तीसरा टी-20 मैच15 और 17 मार्च को खेले जाएंगे। टी-20 सीरीज के तीनों मैच शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसके बाद 20 मार्च को होने वाले मुकाबले से वनडे सीरीज की शुरुआत होगी।

# वो 5 खिलाड़ी जिनके चलते फाइनल में पहुंचा भारत

## दोनों पारी मिलाकर मैच में 499 रन बने, 34 छक्के लगे

**मुंबई (एजेंसी)।** 5 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड का जो टी20 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल मैच हुआ, उसे सालों साल याद रखा जाएगा। दोनों पारी मिलाकर मैच में 499 रन बने और 34 छक्के लगे। फैंस का जमकर मनोरंजन हुआ। वहीं 254 रन का टारगेट देने के बाद भी भारतीय टीम सिर्फ 7 रन से मुकाबला जीत पाई। इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि इंग्लैंड ने कितनी जबरदस्त बल्लेबाजी की। अब हम आपको बताने जा रहे हैं उन 5 भारतीय प्लेयर्स के बारे में, जो टीम इंडिया की इस जीत के हीरो रहे। अगर वे नहीं चलते तो मैच का रिजल्ट निश्चित रूप से कुछ और हो सकता था।





### हार्दिक पंड्या

इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में हार्दिक पंड्या ने बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा योगदान दिया। पहले उन्होंने 3 चौके और 2 छक्कों की मदद से 12 गेंद में 27 रन बनाए। इसके बाद गेंदबाजी में फिल साल्ट और सैम करन का विकेट लिया।

### शिवम दुबे

मिडल ऑर्डर में आकर एक बार फिर शिवम दुबे ने तूफानी पारी भारत के लिए खेली। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 25 गेंद में 43 रन बनाए। दुबे की इस पारी में 1 चौका और 4 छक्के शामिल थे। उन्होंने बल्ले से अहम योगदान दिया।





### अक्षर पटेल

भारत के स्टार और अनुभवी ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने 2 कमाल के कैच लपके। उन्होंने हैरी ब्रूक का पीछे भागते हुए पहले गजब कैच लपका। फिर विल जैक्स का उन्होंने बाउंड्री पर शिवम दुबे के साथ मिलकर शानदार कैच लपका। हालांकि यह कैच शिवम दुबे के खाते में गया। इसके अलावा उन्होंने फिल साल्ट का भी कैच पकड़ा था। गेंदबाजी करते हुए भी अक्षर पटेल ने 1 विकेट लिया था।



### जसप्रीत बुमराह

जस्सी जैसा कोई नहीं... यह हमने एक नहीं दो नहीं बल्कि कई बार सुना है। इंग्लैंड के खिलाफ भी जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी की और भारत के लिए जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 33 रन देकर 1 विकेट लिया। बुमराह ने अपने आखिरी 2 ओवर में सिर्फ 14 रन दिए, जो मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ।



### संजू सैमसन

वेस्टइंडीज के खिलाफ वर्चुअल क्वार्टर फाइनल में जिस तरह से संजू ने कोलकाता में बल्लेबाजी की थी, कुछ उसी अंदाज में उन्होंने सेमीफाइनल में इंग्लैंड की भी धुनाई की। संजू सैमसन ने 42 गेंद में 89 रन की गजब पारी खेली। सैमसन की पारी में 8 चौके और 7 छक्के शामिल थे। उनको प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी मिला था।

# नवजोत सिद्धू बोले- अक्षर तुमने दिल जीत लिया

● 24 कैरेट सोना बताया, बाउंड्री पर लिए कैच को कहा चमत्कार, कपिल देव-सूर्या के कैच याद किए

**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर एवं राजनेता नवजोत सिंह सिद्धू ने भारत-इंग्लैंड के बीच हुए क्रिकेट मैच को लेकर कैचेस विन मैचेस टैग से वीडियो शेयर किया है। सिद्धू ने वीडियो के जरिए इंग्लैंड पर मिली भारत की जीत ने अक्षर पटेल के 2 कैच को टर्निंग पॉइंट बताया।

सिद्धू ने वीडियो के जरिए क्रिकेट की अपनी यादों को भी ताजा किया। सिद्धू ने कपिल देव की क्लिप जारी करते हुए कहा कि जिस तरह अक्षर ने पीछे मुड़कर दौड़ते हुए कैच पकड़ा, ठीक ऐसा ही कैच कपिल देव ने पकड़ा था। तब भी भारत ने मैच जीता था। सिद्धू ने कहा कि ये जरूरी नहीं है कि क्रिकेट में बल्लेवाज या बॉलर ही मैच जिताते हैं। क्रिकेट का इतिहास गवाह रहा है कि बहुत बार फील्डिंग के कारण टीमों को जीत मिली है।

# चंडीगढ़ में 22 साल की महिला हॉकी खिलाड़ी की हत्या, बुआ के बेटे निकले हत्यारे

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** चंडीगढ़ के सेक्टर-38ए में एक 22 साल की उभरती हुई हॉकी प्लेयर तान्या की चाकू मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। दुखद बात यह है कि इस वारदात का आरोप किसी बाहरी पर नहीं, बल्कि तान्या की अपनी ही बुआ के बेटों और परिवार के सदस्यों पर लगा है।

**छत के हक की जंग ने ले ली जान-** इस पूरी वारदात के पीछे घर के मालिकाना हक का पुराना विवाद बताया जा रहा है। तान्या के पिता रवि, जो पेशे से ऑटो चालक हैं, अपने परिवार के साथ नीचे रहते हैं, जबकि उनकी बहन का परिवार उसी मकान की पहली मंजिल पर रहता है। गुरुवार को घर के मालिकाना हक की बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई।

**बुआ के बेटों पर लगा हत्या का आरोप-** पिता रवि के मुताबिक, विवाद के दौरान जब तान्या पहली मंजिल पर पहुंची, तो वहां मौजूद कृष्णा, रवि, गंगन, अनिकेत, नवीन और टीना ने मिलकर उस पर हमला बोल दिया। इस झगड़े के बीच आरोपी कृष्णा ने तान्या की कमर पर चाकू से जोरदार वार किया। तान्या को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी कर चुकी तान्या एक होनहार स्टेट लेवल खिलाड़ी थी और खेल के प्रति उसका जुनून सबको प्रभावित करता था।

**मैदान की जगह अब श्मशान की तैयारी-** तान्या के लिए शुक्रवार का दिन बेहद खास होने वाला था क्योंकि उसे राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में अपनी टीम का प्रतिनिधित्व करना था।

# टी20 फ्रेंचाइजी खरीदेंगे द्रविड़ और अश्विन, रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**लंदन (एजेंसी)।** दिग्गज खिलाड़ी राहुल द्रविड़ और रविचंद्रन अश्विन उस भारतीय समूह का हिस्सा हैं जो यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) में एक फ्रेंचाइजी खरीदने जा रहा है। बीबीसी स्पोर्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार गर्मियों में होने वाले छह टीमों के टूर्नामेंट में ग्लासगो स्थित फ्रेंचाइजी को खरीदने के लिए इस समूह ने एक समझौते पर सहमति जताई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईटीपीएल नीदरलैंड के रॉटरडैम स्थित अपनी फ्रेंचाइजी को भी दक्षिण अफ्रीका के निवेशकों के एक समूह को बेचने की तैयारी में है। इस समूह में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी फाफ डुप्लेसी, हेनरिक क्लासेन और जोंटी रोड्स भी शामिल हैं। संभावना है कि इस महीने के आखिर में एक कार्यक्रम में दोनों फ्रेंचाइजी की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। एम्स्टर्डम, बेलफास्ट और एडिनबर्ग में स्थित ईटीपीएल फ्रेंचाइजी को जनवरी में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के निवेशकों को बेच दिया गया था।



अभी यह पता नहीं चल पाया है कि अश्विन ईटीपीएल में खेलेंगे या नहीं। इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने दिसंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास ले लिया था। अब वह वैश्विक फ्रेंचाइजी लीग में खेलने के लिए स्वतंत्र हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, अश्विन की भागीदारी बेहद दिलचस्प है। इससे उनके ईटीपीएल में खेलने की संभावना बन गई है, जो आयोजकों के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। अश्विन ने भारत के लिए 106 टेस्ट, 116 वनडे और 65 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और कुल 765 विकेट लिए। द्रविड़ पूर्व में स्कॉटलैंड की क्रिकेट से जुड़े रहे हैं और माना जा रहा है कि यही कारण है कि उन्होंने ग्लासगो स्थित फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ने का फैसला किया।

# इटली की महिला हॉकी टीम एफआईएच विश्व कप 2026 क्वालीफायर के लिए हैदराबाद पहुंची

**हैदराबाद (एजेंसी)।** इटली की राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर के लिए हैदराबाद, तेलंगाना पहुंच गयी है। आठ से 14 मार्च तक होने वाले इस टूर्नामेंट में आठ देश मुकाबला करेंगे। इटली को पूल ए में रखा गया है। जहां उनका सामना इंग्लैंड, कोरिया और ऑस्ट्रिया से होगा।

यूरोपियन टीम पहले दो बार एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर चुकी है, पहली बार 1976 में और हाल ही में 2018 में, जहां उन्होंने नौवें स्थान पर रहकर अपना अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। इटली अपने अभियान की शुरुआत आठ मार्च को इंग्लैंड के खिलाफ मैच से करेगी। इसके बाद नौ और 11 मार्च को ऑस्ट्रिया और कोरिया के खिलाफ मैच होंगे।

इस अवसर पर इटली की महिला हॉकी टीम की कप्तान, सारा पुग्लिसी ने कहा, हम टीम के साथ अच्छी तैयारी के बाद अभी हैदराबाद पहुंचे हैं। हम एफआईएच हॉकी विश्व कप के लिए क्वालिफ़ाई मुकाबालों के लिए तैयार हैं।

# क्या अभिषेक शर्मा को मिलेगा फाइनल में मौका या होंगे प्लेइंग इलेवन से बाहर?

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अभिषेक शर्मा की खराब फार्म को लेकर जताई जा रही चिंता अब खुलकर आलोचना में बदल गई है, लेकिन इसके बावजूद पूरी संभावना है कि वह टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले फाइनल में प्लेइंग इलेवन बने रहेंगे क्योंकि भारत जीत हासिल करने वाली अपनी टीम में बदलाव नहीं करना चाहता है। इस टूर्नामेंट में भारत के दो सलामी बल्लेबाजों की किस्मत एकदम से विपरीत रही।

जब प्रतियोगिता शुरू हुई तो अभिषेक को शीर्ष क्रम में मजबूत आधार माना जा रहा था जबकि संजू सैमसन के स्थान को लेकर सवाल बने हुए थे और कहा जा रहा था कि यह प्रतियोगिता उनके करियर के लिए निर्णायक साबित हो सकती है। लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ सुपर 8 के करो या मरो वाले मुकाबले ने परिस्थितियों में काफी बदलाव कर दिया है। सैमसन ने पिछले दो मैच में शानदार प्रदर्शन किया जिससे अब सभी का ध्यान अभिषेक की फॉर्म पर केंद्रित हो गया है। इस बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज को पूरे टूर्नामेंट में लय हासिल करने में काफी संघर्ष करना पड़ा है। अपने पिछले छह मैचों में उन्होंने क्रमशः 0, 0, 0, 15, 10 और 9 रन बनाए हैं।

जिम्बाब्वे के खिलाफ अर्धशतक को छोड़कर अभिषेक का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। हालांकि ऐसा माना जा रहा है कि टीम प्रबंधन फाइनल मुकाबले के लिए शीर्ष क्रम में कोई बदलाव नहीं करना चाहता है। इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बाद अभिषेक के सलामी जोड़ीदार सैमसन ने कहा, हम अपने सभी खिलाड़ियों का ध्यान रख रहे हैं। जीजी (मुख्य कोच गौतम गंभीर) भाई और सूर्या



(कप्तान सूर्यकुमार यादव) को अभिषेक पर पूरा भरोसा है।

मुंबई में पहले लीग मैच के बाद अभिषेक के पेट में संक्रमण हो गया था जिसके लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। इससे उनका वजन कम हो गया और प्रतियोगिता के महत्वपूर्ण चरण के दौरान उनकी लय बिगड़ गई। यही नहीं विरोधी टीमों ने उसे शांत रखने का स्पष्ट तरीका ढूंढ लिया है। कप्तानों ने बार-बार उनके खिलाफ शुरुआती ओवरों में धीमी गति के गेंदबाजों का इस्तेमाल किया है, विशेषकर ऑफ स्पिनरों और बाएं हाथ के स्पिनरों का। इससे उन्हें पारी की शुरुआत में वह गति नहीं मिल पाती जिसके साथ वे खेलना पसंद करते हैं। इस कारण वह जल्द ही पवेलियन लौटते रहे हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ पावरप्ले में उन्होंने ऑफ स्पिनर पर आक्रामक शॉट खेलने के प्रयास में गेंद को हवा में लहरा दिया। नीदरलैंड के खिलाफ ऑफ स्पिनर ने उन्हें कोण लेती गेंद पर आउट किया। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भी धीमी गेंद पर शॉट खेलने की कोशिश में वह फिर से जल्दबाजी कर बैठे और मनचाहा शॉट नहीं लगा पाए। एक और तकनीकी पहलू उनके बल्ले के डाउनस्विंग की गति है। जब गेंद तेजी ये आती है तो तेज डाउनस्विंग के कारण उन्हें धीमी गेंदों से तालमेल बिठाने में मुश्किल हो सकती है।

भारत के पास रिंकू सिंह को टीम में शामिल करने का विकल्प है लेकिन इससे बल्लेबाजी संयोजन पर असर पड़ सकता है। ऐसी स्थिति में रिंकू को सातवें या आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करनी पड़ सकती है और तब वह अच्छा प्रभाव छोड़ पाएंगे इसकी संभावना कम है। फिलहाल भारतीय टीम प्रबंधन उस भी संयोजन को बरकरार रखने के लिए तैयार दिख रहा है जिसने उसे फाइनल में पहुंचाया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## न्यूज बाइट्स

### अपराध नियंत्रण और मद्यनिषेध को प्रभावी बनाने के लिए जिले में सघन वाहन जांच

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आपराधिक घटनाओं पर रोकथाम तथा मद्यनिषेध कानून को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान जिले के कई प्रमुख स्थानों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाकर संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच की गई। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में दोपहिया और चारपहिया वाहनों की बारीकी से तलाशी ली गई। साथ ही चालकों के कागजात, हेलमेट, सीट बेल्ट तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की भी जांच की गई। पुलिस का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य जिले में अपराध पर नियंत्रण स्थापित करना और मद्यनिषेध कानून का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि "लक्ष्य – सुरक्षित औरंगाबाद" के तहत इस तरह के अभियान आगे भी लगातार चलाए जाते रहेंगे, ताकि जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सके और आम लोगों में सुरक्षा की भावना बनी रहे।

### अंचल लिपिक माधव राम का निधन

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** दाउदनगर अंचल कार्यालय में कार्यरत लिपिक माधव राम का 5 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही समाहरणालय परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत माधव राम के सम्मान में शुक्रवार को रफीगंज प्रखंड सह अंचल कार्यालय में एक शोक सभा आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। अधिकारियों ने माधव राम को एक कर्मठ, ईमानदार और सरल स्वभाव का व्यक्ति बताया। उन्होंने कहा कि उनके निधन से विभाग को अपूरणीय क्षति हुई है। इस अवसर पर बीडीओ कुमार अश्वनी, अंचलाधिकारी भारतेन्दू सिंह, बीपीआरओ अमर कुमार, प्रधान सहायक अजय कुमार, नाजिर शत्रुघ्न कुमार, विमल कुमार सहित प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित रहे।

### बिहार पुलिस सप्ताह का समापन, विजेताओं को किया गया सम्मानित

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** बिहार पुलिस सप्ताह-2026 के समापन अवसर पर आयोजित समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पुलिस महानिरीक्षक, मगध क्षेत्र गया तथा पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद ने संयुक्त रूप से जिलांतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया। पुलिस सप्ताह के दौरान जिले में कई प्रकार की प्रतियोगिताएं और कार्यक्रम आयोजित किए गए थे, जिनमें पुलिसकर्मियों के साथ-साथ आम नागरिकों और छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह में विजेताओं को सम्मानित कर उनके बेहतर प्रदर्शन की सराहना की गई। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर संवाद और विश्वास कायम होता है। साथ ही पुलिसकर्मियों का मनोबल भी बढ़ता है और उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति और अधिक प्रेरणा मिलती है।

### नमामि गंगे परियोजनाओं की जमीनी जांच करेगी बुडको की विशेष टीम

**पटना (नि. सं.)।** बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम (बुडको) ने नमामि गंगे योजना के तहत चल रही परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए विशेष पहल की है। इसके तहत राज्य के विभिन्न जिलों में निर्माणाधीन एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) और आईएनडी परियोजनाओं की जमीनी स्थिति की जांच के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। जानकारी के अनुसार सात मार्च को छह विशेष टीमें विभिन्न जिलों में भेजी जाएंगी, जो परियोजनाओं की प्रगति और निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करेंगी।

# बाइक की टक्कर से हलवाई की मौत इलाज के दौरान रास्ते में तोड़ा दम



**निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)**

गुरुवार को सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि काम खत्म कर पैदल घर लौट रहे एक हलवाई को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन वाराणसी रेफर किए जाने के बाद रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

मृतक की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के कागजी मोल्ला निवासी मनोज मालाकार (50) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मनोज मालाकार पेशे से हलवाई थे और दाउदनगर में काम करने के बाद पैदल अपने घर ओबरा लौट रहे थे। इसी दौरान एनएच-139 पर खरांटी पुल के पास एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायल मनोज मालाकार को तुरंत ओबरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए उन्हें वाराणसी रेफर कर दिया। परिजन उन्हें इलाज के लिए वाराणसी ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में भभुआ के पास उनकी मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। मनोज मालाकार अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। परिवार में उनकी पत्नी मीना देवी, एक बेटा आकाश कुमार और छह बेटियां हैं, जिनमें से तीन की शादी हो चुकी है जबकि तीन बेटियों की शादी अभी बाकी है। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र और पूर्व मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद भगत समेत कई लोग पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और उन्हें सांत्वना दी। समाजसेवी प्रमोद भगत ने प्रशासन से मांग की है कि मृतक के परिवार को सरकार की ओर से मिलने वाली सहायता राशि जल्द उपलब्ध कराई जाए। इस मामले में ओबरा थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि अज्ञात बाइक सवार द्वारा टक्कर मारने की बात सामने आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी तक परिजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है, हालांकि प्रशासनिक स्तर पर पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की पहल

## तेज रफ्तार बाइक ने मारी सास-बहू को टक्कर, एक की हालत गंभीर



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिले में सड़क दुर्घटना में सास-बहू गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना शुक्रवार को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भैरोपुर गांव के पास एनएच-139 पर हुई। तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से दोनों महिलाएं सड़क पर गिरकर बेहोश हो गईं, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान नवीनगर थाना क्षेत्र के धनांव गांव निवासी राजपति देवी (60), पत्नी चंद्रमा मिस्त्री और मीना देवी (45), पत्नी गिरिजा शर्मा के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि दोनों महिलाएं आंख का इलाज कराने के लिए भैरोपुर स्थित एक निजी क्लीनिक जा रही थीं। इसी दौरान वे बस से उतरकर सड़क पार कर रही थीं, तभी औरंगाबाद की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग बड़ी संख्या में वहां जुट गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल पहुंचाया और घटना की सूचना उनके परिजनों को दी। वहीं दुर्घटना के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। सदर अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू किया। डॉक्टरों के अनुसार मीना देवी की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया, जिसके बाद परिजन उन्हें दूसरे शहर के बड़े अस्पताल लेकर चले गए। इस संबंध में मुफस्सिल थाना अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिली है। अज्ञात बाइक सवार टक्कर मारकर फरार हो गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार चालक की पहचान कर उसे पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## दो पक्षों के बीच मारपीट, महिला समेत पांच लोग घायल

**मदनपुर (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र में लेनदेन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में एक ही परिवार के महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज औरंगाबाद सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। मामला मदनपुर थाना क्षेत्र के पटौधी टोला तेंदुआ गांव का बताया जा रहा है। घायलों की पहचान गांव निवासी कृष्ण यादव, उनकी पत्नी सुगपति देवी, पुत्र संतोष यादव, बहू बिंदा देवी तथा बेटी बबीता कुमारी के रूप में की गई है। घटना के दौरान आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और किसी तरह दोनों पक्षों को शांत कराया। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान घायल कृष्ण यादव ने बताया कि उनकी बेटी की शादी देव थाना क्षेत्र के प्राण बिगहा गांव में हुई है। उनके दामाद अजय यादव हरियाणा में ठेकेदारी का काम करते हैं। कृष्ण यादव के अनुसार उनका भतीजा मंटू यादव और पिंटू यादव भी उनके दामाद के साथ हरियाणा में काम करने गए थे। इसी दौरान दोनों ने उनके दामाद से करीब 50 हजार रुपये कर्ज के रूप में ले लिए थे। कई बार पैसे मांगने के बावजूद जब रकम वापस नहीं की गई, तो होली के समय मजदूरी का भुगतान करते वक्त उनके दामाद ने मजदूरी से ही 50 हजार रुपये काट लिए।

## धान अधिप्राप्ति को लेकर डीएम ने की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

समाहरणालय सभाकक्ष में शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के तहत धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में धान अधिप्राप्ति, किसानों को भुगतान तथा सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) आपूर्ति की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 82.51 प्रतिशत धान अधिप्राप्ति की जा चुकी है। वहीं किसानों के भुगतान की स्थिति भी संतोषजनक पाई गई, जिसमें अब तक 94.73 प्रतिशत किसानों को भुगतान किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने शेष किसानों के भुगतान को शीघ्र पूरा करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

सीएमआर आपूर्ति की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि एफआरके (फोर्टिफाइड राइस कर्नेल) की कमी के कारण चावल की आपूर्ति धीमी गति से हो रही है। हालांकि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार एफआरके के बिना भी सीएमआर की आपूर्ति की जा सकती है। इस संबंध में जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम ने बताया कि विभागीय पोर्टल पर आवश्यक अद्यतन नहीं होने के कारण फिलहाल एफआरके के बिना सीएमआर की आपूर्ति नहीं की जा रही है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित एजेंसियों और विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर विभागीय निर्देशों के अनुरूप शीघ्र चावल की आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि निर्धारित लक्ष्य को समय पर पूरा किया जा सके। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम, प्रबंध निदेशक जिला केंद्रीय सहकारी बैंक, सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, सहायक गोदाम प्रबंधक सहित संबंधित विभागों के अन्य पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

## मारपीट में दो आरोपी गिरफ्तार

**हसपुरा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के जलपुरा गांव में मारपीट के एक मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इन पर एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। यह घटना होली के दिन हुई थी। गांव के शनि कुमार को रंग खेलने के लिए बुलाया गया था, लेकिन आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करना शुरू कर दिया। जब शनि कुमार के पिता सत्यानंद राजवंशी और मां फुला देवी को इसकी जानकारी मिली, तो वे मौके पर पहुंचे। आरोप है कि आरोपियों ने उनके साथ भी गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। सत्यानंद राजवंशी के लिखित आवेदन के आधार पर हसपुरा पुलिस ने चंदन यादव और चितरंजन यादव के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

**जेजे बोर्ड का आदेश**

## तीन विधि विरुद्ध किशोरों को सरकारी अस्पताल में सामुदायिक सेवा

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** किशोर न्याय बोर्ड, औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी सह अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुशील प्रसाद सिंह की अदालत ने शुक्रवार को दो मामलों की सुनवाई करते हुए तीन विधि विरुद्ध किशोरों को सामुदायिक सेवा देने का आदेश दिया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि कोर्ट ने जेजेबी वाद संख्या-638/26 (रफीगंज थाना कांड संख्या-14/24) की सुनवाई करते हुए एक विधि विरुद्ध किशोर को 30 दिन तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रफीगंज में सामुदायिक सेवा देने का निर्देश दिया है। वहीं ओबरा थाना कांड संख्या-06/26 से संबंधित जेजेबी वाद संख्या-1106/26 की सुनवाई में दो विधि विरुद्ध किशोरों को 15 दिन तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, ओबरा में सामुदायिक सेवा करने का आदेश दिया गया है। कोर्ट ने संबंधित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि विधि विरुद्ध किशोरों के नाम और पते को सार्वजनिक नहीं किया जाए। साथ ही उनके आचरण और व्यवहार से संबंधित प्रतिवेदन समय पर किशोर न्याय बोर्ड को प्रस्तुत किया जाए।

## सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध को लेकर व्यवसायियों को किया गया जागरूक

**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**

नगर पंचायत रफीगंज द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध को लेकर बाजार के दुकानदारों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिकारियों और कर्मियों ने नगर क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में जाकर दुकानदारों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की।

नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी मैमून निशा ने बताया कि 1 जुलाई 2022 से थर्मोकोल सहित प्लास्टिक से बने कई एकल उपयोग वाली वस्तुओं पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है। प्रतिबंधित वस्तुओं में प्लास्टिक युक्त ईयर बड्स, गुब्बारों की प्लास्टिक डंडियां, प्लास्टिक के झंडे, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम की डंडियां, थर्मोकोल की सजावटी सामग्री, प्लास्टिक प्लेट, कप, गिलास, कांटा, चम्मच, चाकू, स्ट्रॉ, ट्रे, स्टरर सहित अन्य कटलरी शामिल हैं।

इसके अलावा मिठाई के डिब्बों, निमंत्रण कार्ड और सिगरेट पैकेट के चारों ओर लपेटने वाली प्लास्टिक फिल्म तथा 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बैनर पर भी पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने दुकानदारों से



प्लास्टिक कैरी बैग के स्थान पर कपड़े या कागज के थैले का उपयोग करने तथा ग्राहकों को भी प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के प्रति जागरूक करने की अपील की।

अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि कोई दुकानदार प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 15 के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस प्रावधान के तहत अधिकतम पांच वर्ष तक कारावास या एक लाख रुपये तक जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है। अभियान के दौरान कई दुकानदारों ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने और लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

## पैक्स चुनाव को लेकर नामांकन शुरू

**एक अध्यक्ष पद सहित 15 ने किया नामांकन**

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड सभागार में भेटनिया और सिहुली पंचायत के पैक्स चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन दोनों पंचायतों से अध्यक्ष पद सहित कुल 15 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ कुमार अश्वनी ने बताया कि भेटनिया और सिहुली पंचायत के पैक्स का कार्यकाल समाप्त होने के कारण चुनाव की तिथि 6 और 7 मार्च निर्धारित की गई है। नामांकन के बाद 11 मार्च को नाम वापसी और चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि नामांकन के पहले दिन सिहुली पंचायत से अध्यक्ष पद के लिए बिन्दा कुमारी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं भेटनिया पंचायत से अध्यक्ष पद के लिए धर्मेन्द्र कुमार यादव, दिनेश कुमार यादव, दीप नारायण प्रजापति, सीमा देवी, मनमीत कुमार और संतोष कुमार सहित कुल 15 उम्मीदवारों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन किया। इस दौरान सहायक निर्वाचन पदाधिकारी मुकुल कुमार और जितेंद्र कुमार सहित अन्य कर्मी भी उपस्थित रहे।

## एनएच-98 फोरलेन परियोजना की मुख्य सचिव ने की समीक्षा बैठक

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग-139 के हरिहरगंज से पड़वा मोड़ तक चल रहे फोर लेन सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में औरंगाबाद की जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा तथा सदर डीएसएलआर श्वेतांक लाल सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि यह परियोजना किमी 23.284 (हरिहरगंज) से किमी 57.049 (पड़वा मोड़ के पास) तक लगभग 33.765 किलोमीटर लंबाई में फोर लेन सड़क निर्माण से संबंधित है। इस परियोजना का क्रियान्वयन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के पीआईयू डालटेनगंज द्वारा कराया जा रहा है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि परियोजना के अधिकांश हिस्से में सड़क निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि शेष कार्य तेजी से प्रगति पर है। बताया गया कि यह फोर लेन परियोजना बिहार के औरंगाबाद



और झारखंड के पलामू जिलों के बीच संपर्क को मजबूत करेगी। साथ ही यह मार्ग एनएच-19 (औरंगाबाद) और एनएच-75 (डालटेनगंज) के बीच एक महत्वपूर्ण फीडर रोड के रूप में कार्य करेगा। परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और व्यापारिक तथा आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

बैठक के दौरान भूमि अधिग्रहण से जुड़े लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। औरंगाबाद जिले में अधिग्रहित भूमि के कुछ हिस्सों से संबंधित 3-जी अवार्ड की प्रक्रिया लंबित होने की जानकारी दी गई। बताया गया कि संबंधित भूमि के मिसिंग प्लॉट्स की प्रकृति की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है और जांच प्रक्रिया जारी है। समिति की रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा संडा और महाराजगंज गांव से संबंधित 0.17 हेक्टेयर अतिरिक्त अधिग्रहित भूमि के मामले में आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए 3-डी अधिसूचना के प्रकाशन के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को पत्र भेजा गया है। मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि अधिग्रहण से जुड़े शेष मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करते हुए परियोजना के बाकी कार्यों को तय समय सीमा के भीतर पूरा कराया जाए। उन्होंने निर्माण कार्य में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय और परियोजना की नियमित समीक्षा पर भी जोर दिया।

## पूर्व उप प्रमुख के पिता के निधन पर पूर्व सांसद ने जताया शोक



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने देव प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री सह पूर्व मुखिया मनीष पाठक के पिता बेलभद्र पाठक के निधन पर उनके पैतृक गांव केताकी पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और अपनी संवेदना व्यक्त की। पूर्व सांसद ने दिवंगत बेलभद्र पाठक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन सादगी, संस्कार और समाज सेवा के लिए प्रेरणादायी रहा है। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताया गया कि वे काफी समय से बीमार चल रहे थे और लंबे समय से उनका इलाज चल रहा था। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, भाजपा नेता अनिल सिंह, शिक्षक नेता अशोक पांडेय सहित कई लोग मौजूद रहे।

वहीं उनके निधन पर भाजपा के वरीय नेता सुनील सिंह, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता आदित्य शेखर, भाजपा जिलाध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष अवध किशोर प्रसाद सिंह, मनोज शर्मा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनील शर्मा, युवा भाजपा नेता शुभेंदु शेखर सिंह, अनिता सिंह, जिला पार्षद रामेश्वर बैठा, जिला मीडिया प्रभारी मितेंद्र कुमार सिंह, नलिनी रंजन, रवि सिंह, राजकुमार सिंह, आशु अभिनव, विनय शर्मा, भाजपा नेता आलोक सिंह, रविंद्र शर्मा, राकेश कुमार देवता, मुनींद्र राम, विनोद चंद्रवंशी, जिला प्रवक्ता जुलेखा खातून, अंजली सिंह, सारिका शेखर, गुड़िया सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जिलाधिकारी ने लगाया जनता दरबार 30 परिवादियों की समस्याएं सुनी

- डीएम ने अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

सात निश्चय-3 के अंतर्गत "सबका सम्मान – जीवन आसान" पहल के तहत शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनता दरबार में कुल 30 परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण हटाने, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, जमाबंदी, इंदिरा आवास, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने तथा आंगनबाड़ी भवन निर्माण सहित अन्य जनहित से जुड़े मामले शामिल रहे। प्रमुख मामलों में रविकांत कुमार सिंह (गोडतारा, भरूब, ओबरा) द्वारा शस्त्र लाइसेंस



से संबंधित आवेदन, अर्जुन सिंह (ग्राम खरोखर, रफीगंज) द्वारा भूमि विवाद, सुनील कुमार सिंह एवं अन्य ग्रामीणों (ग्राम पोखराहां) द्वारा सार्वजनिक तालाब के सौद्धीकरण से संबंधित आवेदन, रामू कुमार सिंह एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण की गुणवत्ता से जुड़ी शिकायत, जलेंद्र शर्मा (नौडीहा, दाउदनगर) द्वारा सिंचाई के लिए करहा को अतिक्रमण मुक्त कराने का आवेदन, लक्ष्मण यादव (सिहुली खैरा, रफीगंज) द्वारा भूमि विवाद तथा विजय यादव (पांडेयपुर, औरंगाबाद) द्वारा जमीन पर जबरन मिट्टी भरने की शिकायत शामिल रही।

इसके अलावा अन्य नागरिकों ने भी जनसुविधाओं से संबंधित कई समस्याएं प्रस्तुत कीं। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन की ओर से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए और किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही मामलों की नियमित समीक्षा कर परिवादियों को प्रगति की जानकारी समय पर उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

## नहर में डूबने से युवक की हुई मौत, लोगों में शोक

**निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)**

दाउदनगर थाना क्षेत्र के भाव बिगहा गांव में नहर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी सुरेंद्र सिंह के 24 वर्षीय पुत्र छोटू कुमार के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि टॉयलेट के लिए नहर की ओर जाते समय उसका पैर फिसल गया, जिससे वह नहर में गिरकर डूब गया। जानकारी के अनुसार छोटू कुमार का घर नहर के किनारे ही स्थित है। शुक्रवार को वह घर से निकलकर नहर की ओर गया था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरा। नहर में पानी अधिक होने के कारण वह बाहर नहीं निकल सका और डूबने लगा। उसी रास्ते से गुजर रहे कुछ राहगीरों की नजर जब युवक पर पड़ी तो उन्होंने शोर मचाकर आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। शोर सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। परिजनों ने तुरंत नहर में उतरकर युवक को बाहर निकालने का प्रयास किया और कुछ देर बाद उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

घटना के बाद नहर से युवक का शव बाहर निकलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में मातम पसर गया। सूचना मिलने पर दाउदनगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। सब इंस्पेक्टर विक्की कुमार ने घटनास्थल का जायजा लेकर शव को कब्जे में लिया और आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने बताया कि छोटू कुमार दो भाइयों में छोटा था। उसकी दो बहनें हैं, जिनमें से एक की शादी हो चुकी है, जबकि दूसरी की शादी अभी होनी बाकी है। कुछ वर्ष पहले बीमारी के कारण उसकी मां का भी निधन हो गया था। परिवार की जिम्मेदारी पिता और बड़े भाई पर आ गई थी। बताया गया कि छोटू के पिता और बड़ा भाई दिल्ली में ऑटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, जबकि छोटू गांव में रहकर घर की देखभाल करता था। अचानक हुई इस घटना से परिवार गहरे सदमे में है। घटना के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने जिला प्रशासन से मृतक के परिवार को आपदा राहत कोष से मुआवजा देने की मांग की है। वहीं दाउदनगर थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि नहर में डूबने से युवक की मौत हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।